राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 53
लखनऊ, मंगलवार 08 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित


samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें सभी अधिकारी : योगेन्द्र उपाध्याय 03

सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध : नड्डा 12

## षष्ठं कात्यायनी



चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यादेवी
दानवघातिनी॥

मां दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। महर्षि कात्यायन ने पुत्री प्राप्ति की इच्छा से मां भगवती की कठिन तपस्या की। तब देवी ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। जिससे इनका यह नाम पड़ा। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने कालिंदी यमुना के तट पर इनकी पूजा की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रूप से पटाखा बनाने के आरोप में सात गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले के थाना टीला मोड़ क्षेत्र की पुलिस टीम ने सोमवार को दुकान के अन्दर अवैध रूप से निर्मित तथा अर्धनिर्मित पटाखे बनाने के आरोप में दो महिलाओं समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से प्लास्टिक की 11 बोरियों में तैयार पटाखे बरामद किए गए हैं। आरोपितों में फरुर्खनगर टीलामोड़ निवासी समीर, आस मोहम्मद, वसी, राजा कुरैशी, तथा जाफराबाद दिल्ली निवासी सुलेमान हैं। इनके अलावा दो महिलाएं भी हैं। अभियुक्तों को भारत सिटी के पास बनी दुकानों के अन्दर से गिरफ्तार किया गया । इन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि ये सभी मिलकर आतिशबाजी के लिए पटाखे बनाते हैं।

### निक्षय पोषण योजना के तहत मिलने वाली राशि हुई दोगुना

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी के मरीजों को दिए जाने वाले मासिक पोषण सहायता की राशि को दो गुना करने का फैसला किया है। सोमवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए दृढ़ और प्रतिबद्ध है। जे पी नड्डा ने कहा कि टीबी के उपचार में पोषण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे देखते हुए टीबी योद्धाओं को बीमारी के खिलाफ उनकी लड़ाई में मजबूत करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उपचार की अवधि के दौरान सभी टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत मासिक पोषण सहायता को मौजूदा 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रति माह कर दिया है।

### लातेहार : नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवान हुए जख्मी

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकाखाड़ जंगल में सोमवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों के पैर में गोली लग गई। हालांकि, दोनों खतरे से पूरी तरह बाहर हैं। जख्मी पुलिसकर्मियों में पलामू के रहने वाले एएसआई नागेंद्र पांडेय और चाईबासा के रहने वाले आरक्षी राम सिंह सोरेन हैं। दोनों का इलाज लातेहार सदस्य अस्पताल में हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी व मालदीव के राष्ट्रपति मो. मुइज्जू ने हैदराबाद हाउस में की बैठक, कहा

# भारत व मालदीव हैं घनिष्ठ मित्र



- भारत व मालदीव ने अपने द्विपक्षीय सहयोग को समग्र आर्थिक व समुद्री सुरक्षा साझीदारी के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा
- दोनों नेताओं ने हानीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये रनवे व 700 से अधिक आवास का उद्घाटन किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और मालदीव ने अपने द्विपक्षीय सहयोग को समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा करने के साथ ही मुक्त व्यापार समझौता करने और स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच सोमवार को यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए। दोनों नेताओं ने भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये रनवे और 700 से अधिक आवास का उद्घाटन किया तथा मालदीव में रूपे कार्ड का शुभारंभ किया। इस मौके पर दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग के पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके आदान-प्रदान किया गया जो रक्षा, भ्रष्टाचार निरोधक कार्यवाही, विधि क्षेत्र में क्षमता विस्तार तथा खेल एवं युवा मामलों के क्षेत्र को लेकर हैं।

इस मौके पर श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत, मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी 'पड़ोसी प्रथम' की नीति और 'सागर' विज़न में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत ने सदैव मालदीव के लिए सबसे पहले मददगार की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं की जरूरत पूरी करनी हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो या कोविड महामारी के समय वैक्सीन देने की बात हो। भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है।

श्री मोदी ने कहा, आज, हमने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए, 'समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी' विज़न अपनाया है। विकास साझीदारी हमारे संबंधों का अहम स्तंभ है। हमने, इसमें हमेशा मालदीव के लोगों की प्राथमिकताओं को प्रमुखता दी है। इस वर्ष भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के 10 करोड़ डॉलर के 'ट्रेज़री बिल्स' का रोल ओवर किया है। आज, मालदीव की आवश्यकता अनुसार, 40 करोड़ डॉलर और तीन हजार करोड़ रुपए का मुद्रा विनिमय समझौता भी संपन्न हुआ है। हमने मालदीव में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए व्यापक सहयोग पर बात की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पुनर्विकसित हनीमाधु हवाईअड्डे का उद्घाटन किया गया है। अब, ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट में भी तेजी लाई जाएगी। थिलाफुशी में नए वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास में भी सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज, भारत के सहयोग से बनाये गए 700 से अधिक आवासों का लोकार्पण किया गया है। मालदीव के 28 द्वीपों पर पानी और सीवरेज प्रोजेक्ट पूरे किये गए हैं। छह अन्य द्वीपों पर भी शीघ्र काम पूरा किया जायेगा। ये परियोजनाएं तीस हजार लोगों को साफ़ पानी की सप्लाई सुनिश्चित करेंगी। हा दालू में कृषि आर्थिक ज़ोन,और, 'हा आलिफू में मछली प्रोसेसिंग केंद्र स्थापित करने में भी सहयोग दिया जायेगा। ओशिनो-ग्राफी और ब्ल्यू इकॉनोमी में भी हम साथ मिल कर काम करेंगे।

### मोदी के जीवन पर आधारित पुस्तक का डीयू में विमोचन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से जुड़े संस्मरणों पर गिरीश एम. शर्मा द्वारा गुजराती भाषा में लिखित पुस्तक सुवर्ण दिन के अंग्रेजी संस्करण गोल्डन डे और हिंदी संस्करण स्वर्ण दिन का विमोचन दिल्ली विश्वविद्यालय में सोमवार को किया गया। इस अवसर पर गुजरात के पूर्व कैबिनेट मंत्री आत्माराम भाई परमार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि गमलों में कभी बरगद के पेड़ नहीं उगा करते, हम सबको बरगद बनना है तो हमको अपने गमले तोड़ने पड़ेंगे। ये गमले छोटी सोच, नकारात्मकता, ईर्ष्या और द्वेष के हैं।

### बीरभूम विस्फोट में सात की मौत, 30 लाख के मुआवजे का ऐलान

**कोलकाता ।** बीरभूम जिले के खयराशोल में कोयला खदान में हुए विस्फोट में मृतकों के परिजनों को 30 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी का आश्वासन दिया गया है। यह जानकारी बीरभूम के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक (बोलपुर) राणा मुखर्जी ने दी। हालांकि इस घटना की एनआईए से जांच की मांग दुबराजपुर के भाजपा विधायक अनुप साहा ने की है। खयराशोल के गंगारामचक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (जीएमपीएल) कोलियरी में हुए विस्फोट में सात मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं और उनका सिउड़ी सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बीरभूम के खयराशोल ब्लॉक के लोखपुर थाना अंतर्गत भदुलिया गांव में स्थित जीएमपीएल कोलियरी में कोयले के टुकड़ों को तोड़ने के लिए डिटोनेटर और जिलेटिन स्टिक का इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस दौरान असावधानीवश बड़ा हादसा हो गया। विस्फोट इतना भयंकर था कि जिलेटिन स्टिक ले जा रही गाड़ी भी हवा में उड़ गई। इस घटना में सात खदान मजदूरों की मौत हो गई, जिनके नाम हैं जयदेव मुर्मू, सोमलाल हेम्ब्रम, मंगल मरांडी, जुडु मरांडी, पलाश हेम्ब्रम, रूबीलाल मुर्मू और अमित सिंह। हालांकि सोमवार अपराह्न के समय पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत ने छह लोगों की मौत की ही पुष्टि की है।

# साइबर अपराधों से निपटने के लिए चलाएं जागरुकता कार्यक्रम : मुख्यमंत्री योगी



- सीएम योगी ने वाराणसी में दुर्गा पूजा, दशहरा, विजया दशमी व अन्य पर्वों पर पूरी चौकसी बरतने व चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के गतिमान परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने सोमवार शाम को सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक के दौरान गतिमान परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि परियोजनाओं को पूर्ण कराए जाने में किसी भी स्तर पर लेट लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा, विजया दशमी एवं अन्य आगामी पर्वों पर पूरी चौकसी बरते जाने को कहा।

मुख्यमंत्री ने पर्वो पर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती पर खासा जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्वों पर किसी भी प्रकार से आमजन को परेशानी न होने पाए। उन्होंने यातायात व्यवस्था को भी सुदृढ़ एवं सुगम बनाए जाने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी दौरे की तैयारियों के साथ उनके हाथों शिलान्यास तथा लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं की खास तौर पर जानकारी ली और अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में विश्वनाथ धाम कॉरिडोर की दुकानों के बेहतर संचालन के लिए पुनर्विचार करने के लिए निर्देशित किया, ताकि वहाँ अधिक से अधिक दर्शनार्थियों की पहुंच आसानी से हो सके।

बैठक में महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, सदस्य विधान परिषद हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र राय, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ नीलकंठ तिवारी, डॉ अवधेश सिंह, डॉ सुनील पटेल, टी राम, सुशील सिंह, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, संयुक्त पुलिस आयुक्त, नगर आयुक्त सहित सभी विभागों के आला अफसर मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन, लोकार्पित तथा शिलान्यास होने वाली विभिन्न परियोजनाओं समेत भविष्य की परियोजना को प्रोजेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और इसकी जानकारी दी।

### रोप-वे के निर्माण में आ रही रुकावटों को दूर करें अधिकारी

मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों को लेकर संजीदगी दिखाते हुए कहा कि अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। मुख्यमंत्री ने रोप-वे के निर्माण में आ रही रुकावटों/बाधाओं की भी जानकारी ली। और बाधाओं को दूर कराते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। इसी तरह वरुणा नदी के चैनेलाइजेशन एवं अन्य कार्यों के लिए सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठकें कर ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किये जाने पर बल दिया।


## चार करोड़ से अधिक का सोना लेकर पटना जा रहे युवक को जीआरपी ने दबोचा, जांच

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने चेकिंग के दौरान एक युवक के पास से करोड़ों रुपये कीमती सोना बरामद किया। यह युवक राजकोट से सोना लेकर पटना जा रहा था।

जीआरपी की टीम ने प्लेटफार्म नंबर 8 पर चल रही जांच के दौरान उसे रोका और तलाशी लेने पर लगभग 4 करोड़ 8 लाख 3 हजार 672 रुपये का सोने का आभूषण बरामद हुआ। युवक को जीआरपी ने तुरंत हिरासत में लिया और इनकम टैक्स विभाग को इस घटना की सूचना दी । सूचना पर इनकम टैक्स के अधिकारी मौके पर पहुंचे और सोना कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जीआरपी सीओ कुंवर प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा, दीपावली व अन्य त्योहारों के मद्देनजर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच सोमवार को दोपहर में प्लेटफार्म नं. 8 और 9 पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने बैग में सोना होने की बात बताई।

## प्रशासन ने किए तीन आईएएस अफसरों के तबादले





समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने तीन आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। विशेष सचिव कृषि उत्पादन बृजेश नारायण सिंह को प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक सहकारी समितियों की जिम्मेदारी दी मिली है।

वहीं गाजियाबाद के अपर आयुक्त रहे राजेश प्रकाश को प्रभारी निदेशक मत्स्य बनाया गया है। इसके अलावा राजेश कुमार, अपर आयुक्त आगरा को वर्तमान पद के साथ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### 24 पीपीएस अफसर बने आईपीएस

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार 24 पीपीएस अफसरों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। जानकारी के मुताबिक 24 पीपीएस अफ़सरों आईपीएस के लिए प्रमोट किया गया है। डीपीसी (डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी) की बैठक में 30 पीपीएस अधिकारियों के नामों पर मंथन किया गया जिनमें से 24 पीपीएस अफसरों को आईपीएस के पद पर प्रोन्नत किया है। ये सभी 1995 और 1996 बैच के पीपीएस अफसर हैं। बैठक मे संघ लोक सेवा आयोग के अधिकारी, चीफ सीक्रेट्री, अपर मुख्य सचिव गृह, डीजीपी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक जांच के कारण संजय यादव का नहीं प्रमोशन हुआ।

### सड़क किनारे खड़ी ट्रक से भिड़ी स्कार्पियो, बच्चों समेत 10 जायरीन घायल

**मीरजापुर।** कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत कटका गांव के सामने वाराणसी प्रयागराज हाईवे पर जियारत कर वापस लौट रहे स्कॉर्पियो ने सोमवार को सड़क किनारे खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे समेत दस लोग घायल हो गए। स्कॉर्पियो में सवार सभी मध्यप्रदेश के जनपद मऊगंज थाना हनुमना के निवासी थे। दरगाह शरीफ अंबेडकर नगर से जियारत कर वापस लौट रही स्कॉर्पियो वाराणसी की तरफ से आ रही थी।

## भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रही : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए सत्ता का दुरूपयोग कर रही है।

भाजपा ने साजिश और षडयंत्र की सीमाएं पार कर दी है। भाजपा ने आम जनता, किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, गरीबों के साथ विश्वासघात किया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आये हुए कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का आचरण जनविरोधी है।

### नीट पेपर लीक केस : सीबीआई ने 21 आरोपियों के खिलाफ तीसरी चार्जशीट दाखिल की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पटना के नीट पेपर लीक मामले में 5500 से अधिक पृष्ठों का तीसरा आरोप पत्र दाखिल किया है। यह आरोप पत्र 21 आरोपितों के खिलाफ पटना के विशेष न्यायाधीश न्यायालय के समक्ष दाखिल किया गया। इसके पहले अब तक 40 आरोपितों के खिलाफ तीन आरोप पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। इस आरोप पत्र में सीबीआई ने 298 गवाहों, 290 दस्तावेजों और 45 भौतिक वस्तुओं का हवाला दिया है।

## दुर्गा पूजा, दिवाली व छठ के दौरान चलेंगी 6556 विशेष ट्रेनें

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6556 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक़ हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवेद्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है।



गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6556 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी। पिछले वर्ष भी भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे, जिनके माध्यम से लाखों की संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी। जाहिर है कि हर साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं।

## 'कैसे मिलते हैं कोशिकाओं को दिशा-निर्देश' के लिए दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** फिजियोलॉजी या मेडिसिन में इस वर्ष का नोबेल पुरस्कार दो अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को जीन गतिविधि को नियंत्रित करने वाले मौलिक सिद्धांत की उनकी खोज के लिए दिया जाएगा। करोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल असेंबली ने फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2024 का नोबेल पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। दोनों वैज्ञानिकों ने जीन से प्राप्त जानकारी को कोशिकाओं के हिसाब से उपयोग में लाने वाले माइक्रोआरएनए की खोज की है। उनकी अभूतपूर्व खोज से एक बिल्कुल नया सिद्धांत सामने आया है जो मनुष्यों सहित बहुकोशिकीय जीवों को समझने के लिए आवश्यक साबित होगा। उनकी खोजी ट्रांसक्रिप्शन नामक प्रक्रिया के माध्यम से अनुवांशिक जानकारी डीएनए से मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) और फिर प्रोटीन उत्पादन की सेलुलर मशीनरी तक प्रवाहित होती है। इस प्रक्रिया से डीएनए में संग्रहीत आनुवंशिक निर्देश से प्रोटीन बनाए जाते हैं। विक्टर एम्ब्रोस का जन्म 1953 में हनोवर, न्यू हैम्पशायर, अमेरिका में हुआ था। उन्होंने 1979 में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), कैम्ब्रिज से पीएचडी प्राप्त की। वह 1985 में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, कैम्ब्रिज में प्रधान शोधकर्ता बने। वह 1992-2007 तक डार्टमाउथ मेडिकल स्कूल में प्रोफेसर थे और अब वह मैसाचुसेट्स मेडिकल स्कूल, वॉर्सेस्टर, विश्वविद्यालय में प्राकृतिक विज्ञान के प्रोफेसर हैं। गैरी रुवकुन का जन्म 1952 में बर्कले, कैलिफोर्निया, अमेरिका में हुआ था। उन्होंने 1982 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की। वह मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), कैम्ब्रिज में 1982-1985 में पोस्टडॉक्टरल फेलो थे। वह 1985 में मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में प्रधान शोधकर्ता बन गए, जहां अब वह जेनेटिक्स के प्रोफेसर हैं।


समीक्षा

गृह मंत्री ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में अधिकारियों के साथ बैठक की

# नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े दुश्मन : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं, मानवाधिकार के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ रक्षात्मक के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं और हाल के दिनों में उन्हें बड़ी सफलताएं मिली हैं।



अमित शाह ने नई दिल्ली में स्थित विज्ञान भवन में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय से नक्सलवाद को देश से पूरी तरह से समाप्त किया जा रहा है। सुरक्षा स्थिति में सुधार के कारण पिछले लोकसभा चुनाव में माओवाद प्रभावित क्षेत्र में 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इससे पहले इस क्षेत्र में शून्य मतदान हुआ था। शाह ने नक्सलवाद कोपूरी तरह खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहराई। केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सलवाद को देश से पूरी तरह समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नक्सल प्रभावित राज्यों से कहा कि वे नियमित अंतराल पर विकास और सुरक्षा पहलों की समीक्षा करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मार्च 2026 तक इस समस्या का पूरी तरह उन्मूलन हो जाए।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत 2004-2014 के बीच इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 के बीच हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जो लगभग तीन गुना है। एसआरई मुख्य योजना है जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों में योगदान देती है। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत हमने पिछले दशक में 3590 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। शाह ने कहा कि 2019 से पहले सैनिकों के लिए दो हेलीकॉप्टर तैनात थे, लेकिन आज इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के छह और वायुसेना के छह हेलीकॉप्टर शामिल हैं, जो सैनिकों की मदद करते हैं। नक्सल प्रभावित राज्यों में छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश शामिल हैं। शाह ने नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए हर महीने बैठक करने का निर्देश दिया। बैठक में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिया गया कि वे विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए हर महीने बैठक करें।

### छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना, आत्मसमर्पण में आई तेजी

केंद्रीय गृह मंत्री ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवाद से निपटने में सफलता के लिए सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक और पूरी टीम को बधाई दी। शाह ने कहा कि जनवरी से अब तक छत्तीसगढ़ में 194 नक्सली मारे गए, 801 गिरफ्तार हुए और 742 ने आत्मसमर्पण किया है। इसके साथ ही उन्होंने नक्सलवाद से जुड़े युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि चाहे पूर्वोत्तर हो या जम्मू-कश्मीर, करीब 13000 नक्सली और आतंकी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।

# डीएम ने निर्माणाधीन सड़क मार्ग, सेल्फी पॉइंट्स का किया निरीक्षण, देखी गुणवत्ता

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार की सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शहर में नगर पालिका परिषद लखीमपुर की निर्माणाधीन संकटा देवी सड़क मार्ग और मां जानकी सौजन्या चौक के सेल्फी पॉइंट्स का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता परखी, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।



शहर में सदर चौराहे से संकटा देवी चौराहे तक जाने वाली सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर देखा। उन्होंने अधिकारियों को मानक के अनुसार कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ईओ नपाप संजय कुमार को कार्य को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए। सचेत किया कि गुणवत्ता के मामले में किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सड़क से नाली ऊंची बनाए जाने पर जाना सड़क के पानी नाली में कैसे जाएगा।

निर्देश दिए कि नाले पर कुछ-कुछ दूरी गोल छिद्र कर दिए जाएं, जिससे बारिश के दौरान सड़क का जल आसानी से नाली में जा सके। डीएम ने निर्देश दिए कि भविष्य में सड़क की उच्च गुणवत्ता के साथ ही कार्य को पूर्ण करने में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पूरी सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखा जाय।

### निरीक्षण कर डीएम बोलीं- कल तक गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो कार्य पूर्ण

इससे पहले डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शहर के मां जानकी सौजन्या चौक पर सरकार के मिशन शक्ति अभियान व बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेटियों में आत्मविश्वास उत्पन्न करने के लिए यह विशेष पहल के तहत बनाएं जा रहे सेल्फी पॉइंट का स्थलीय निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ईओ को निर्देश दिए कि 09 अक्टूबर की शाम तक अनिवार्य रूप से गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान ईओ संजय कुमार, अवर अभियंता अमरदीप मौर्य मौजूद रहे।

## सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वाबलंबन पर हुई चर्चा

**बिजुआ खीरी।** वन बीट मेडिकल ग्रुप द्वारा संचालित वन बीट कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज में थाना भीरा के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति के आयामों जैसे नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वाबलंबन पर चर्चा की गई जिसमे थाना भीरा की टीम ने मिशन शक्ति के तीनो आयामों को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है पर चर्चा करते हुए नर्सिंग विभाग में शिक्षारत छात्राओं को अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश और उनका पालन तथा सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जागरूक किया। भीरा की पुलिस टीम से मुख्यता सबइंस्पेक्टर मनीषा पांडे, जुबेर अहमद , के साथ अन्य मेंबर्स व वन बीट कॉलेज ऑफ मैडिकल साइंसेज भीरा खीरी की पूरी टीम मौजूद रही।



## बैंक ने डिजिटल बैंकिंग क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया: शवल गुप्ता

**लखीमपुर खीरी।** शहर स्थित अर्बन कोऑपरेटिव बैंक को लेकर विगत वर्षों में हुए वित्तीय घाटे तथा सदस्य संख्या में कमी को लेकर कुछ मामला प्रकाश में आया था। इसके बारे में शवल गुप्ता मुख्य कार्यकारी अधिकारी लखीमपुर खीरी अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक विगत कई वर्षों से निरंतर बढ़ते हुए लाभ पर है एवं अंश धन मे भी बढोतरी के साथ जमा, ऋण तथा अन्य सभी क्षेत्रों मे बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति हुई है। बैंक ने डिजिटल बैंकिंग क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है ।बैंक द्वारा यूपीआई ,मोबाईल बैंकिंग ,क्यू आर कोड, एटीएम कार्ड सुविधा बैंक के ग्राहकों को उपलब्ध कराई गई है। बैंक ने दो नई शाखाये जिले के बाहर भी खोली है । बैंक प्रदेश की अग्रणी बैंक मे से एक है। बैंक के बारे मे भ्रामक सूचना फैलाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही बैंक प्रबंध द्वारा की जाएगी।

## शारदीय नवरात्र में महिला सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति का वृहद कार्यक्रम आयोजित

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के अन्तर्गत दिनांक 07.10.2024 को चन्द्रप्रभा सरस्वती विद्या मन्दिर कस्बा खमरिया खीरी में बालिकाओं को जागरूक करने हेतु वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे विद्यालय की कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की बालिकाओ एव उनकी अध्यापिकाओ ने प्रतिभाग किया।

जिन्हे महिला सुरक्षा, संरक्षण व महिला सशक्तिकरण हेतु अम्ब्रेला योजना के बारे में बताया गया। है। मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओ व बालिकाओ के अल्प व दीर्घ कालीक सेवाओ के द्वारा देखभाल, सुरक्षा व विकास करना है । मिशन शक्ति की दो उप-योजनाएँ हैं - 'संबल' और 'सामर्थ्य'। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिला उ0नि0 ज्योति मिश्रा द्वारा बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के टिप्स व स्वावलंबन के बारे मे बताया गया। प्रभारी निरीक्षक खमरिया विवेक कुमार उपाध्याय द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं सुविधा हेतु संचालित हेल्पलाइन नं0 यथा- 1090,1076,112,108 आदि के बारे में विस्तार से बताया गया । विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रश्नो के सही उत्तर बताने पर छात्रा 1. अनन्या मिश्रा 2. हिमांशी 3. अराधना जायसवाल को पुरूस्कृत किया गया एंव कुछ छात्राओं से जिज्ञासावश प्रश्न पूछे गये जिसका मिला उचित उत्तर।जिनके नाम 1. अनन्या भदौरिया 2. श्रद्धा मिश्रा 3. माही जायसवाल 4. स्वती रस्तोगी 5. कशिश सिंह, है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र श्रीवास्तव एंव महिला आरक्षी कंचन वर्मा, नीतू, प्रिया यादव, स्मृति चौहान, वीना उपस्थित रहीं।



## लगातार गौकशी की घटनाओं से दहल उठा था इलाका

- पुलिस ने कसी कमर, स्वच्छता का लिया संकल्प

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

अपराध तथा अपराधी मुक्ति क्षेत्र का प्रयास कर रही पुलिस, धड़ पकड़ में एक और अपराधी लंगड़ा हुआ। घटनाओं को अंजाम देने वाले तस्करों को जड़ से मिटाने मे पुलिस सफल होती दिख रही। धौरहरा तहसील क्षेत्र में एक सप्ताह में तीन थाना क्षेत्रों में हुई गौकशी की घटनाओं से पुलिस का एक्शन जारी। रविवार सुबह हुई मुठभेड़ में फरार नामजद आरोपी को धौरहरा पुलिस ने सोमवार रात जालिम नगर पुल के पास किया घायल। सोमिल नामक आरोपी को गोली लग गई। घायल का पुलिस कस्टडी में इलाज शुरू किया गया। पुलिस को चुनौती देने का तस्कर प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने कसी कमर तो स्वच्छ आपरेशन शुरू हुआ। तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही से क्षेत्र के लोग पुलिस की तारीफ कर रहे है। इस दौरान सीओ प्रीतम पल सिंह, सुरेश चंद मिश्रा कोतवाल धौरहरा, एसएचओ खमरिया विवेक उपाध्याय, एसएचओ ईसानगर देवेंद्र कुमार, सहित संयुक्त टीम की अहम भूमिका रही।




## एकमुश्त समाधान योजना का उठाए लाभ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

प्रबन्ध निदेशक, उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लखनऊ द्वारा निगम के माध्यम से संचालित योजनाओं के अन्तर्गत वितरित ऋण के बकायेदारों के लिये पुनः एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 01 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक लागू की गई है, जिसके अन्तर्गत बकायेदारों से ऋण स्वीकृत के समय निर्धारित ऋण अवधि (36 से 60 माह) का ही साधारण ब्याज जमा कराके शेष अवधि का सम्पूर्ण चक्रबृद्धि ब्याज/दण्ड ब्याज माफ करने का निर्णय लिया गया है। उक्त आशय की जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) तेजस्वी मिश्रा ने दी। ऋणगृहीता किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला प्रबन्धक, उ0प्र0अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 विकास भवन द्वितीय तल कक्ष सं0 26 सी मो0 नं0 -9653091682, 8887991002 एवं विकास खण्ड स्तर पर सहायक / ग्राम विकास अधिकारी (स.क.) से सम्पर्क कर योजना का लाभ उठा सकते हैं, अतएव शासन की नीति के अनुसार सम्बन्धित बकायेदार देय मूलधन एवं ऋण अवधि का ब्याजअदा करके एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठा सकते हैं। ऐसे बकायेदारों को भी इसका लाभ प्राप्त होगा, जिनके वसूली प्रमाण-पत्र तहसील को जारी हो चुकें है।

## वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र में ग्राम गंगाबेहड़ एवं बिदौरा की कांम्बिंग करायी गयी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

वन प्रभाग की शाारदानगर रेंज की फूलबेहड़ बीट के वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र में ग्राम गंगाबेहड़ एवं बिदौरा की कांम्बिंग करायी गयी। वन क्षेत्र से बाहर विचरण कर रहे तेन्दुए को पकड़ने के लिए दो अदद पिंजरे लगाये जाने के साथ ही कैमरा ट्रैप की संख्या बढ़ायी गयी है। प्रभावित क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक कैमरे लगाये गये हैं। क्षेत्र में वृहद स्तर पर गन्ने की फसल के बीच तेन्दुए को खोजने के लिए थर्मल ड्रोन की सहायता भी ली जा रही है। वन्यजीव तेन्दुआ के रेस्क्यू हेतु प्रभाग स्तर से वनकर्मियों के दल बनाकर ड्यूटी लगायी गयी है। दिनांक



06.10.2024 को गंगाबेहड़/बिदौरा में एक व्यक्ति को तेन्दुआ द्वारा घायल किये जाने की सूचना विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हुयी। सूचना की जांच क्षेत्रीय वन अधिकारी शारदानगर से करायी गयी। जांच में उपरोक्त सूचना गलत पायी गयी। जब्बार अली पुत्र दुलारे निवासी गंगाबेहड़ थाना फूलबेहड़ लखीमपुर खीरी के शरीर पर किसी जंगली वन्यजीव द्वारा हमले के कोई निशान नहीं मिले।

जनमानस से अपील की जाती है कि वन्यजीव की उपस्थिति की अशंका पर वन विभाग को तत्काल सूचित करें। वन विभाग से पुष्टि के उपरान्त ही जनमानस को सूचित करें। भ्रामक सूचनाओं के वायरल होने से लोगों में आक्रोश की स्थिति हो सकती है। ऐसी स्थिति जनमानस एवं वन्यजीव हित में नहीं है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बालक की दर्दनाक मौत

**संसारपुर खीरी।** नेशनल हाईवे गोला खुटार पर नौआखेडा गांव पकरिया मोड़ के समीप बालक को एक अज्ञात वाहन ने रविवार देर रात जोरदार टक्कर मार दी जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम जिझारपुर का निवासी उत्कर्ष वर्मा 13 वर्ष पुत्र अंकित वर्मा ग्राम नौआखेड़ा अपने घर से भागवत सुनाने आया था। इस समय नौआखेडा मे मंदिर पर भागवत का प्रोग्राम चल रहा है। रोड पार करते समय एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बालक को जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर इतनी जोरदार थी जिससे बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बालक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ,मौके पर पहुंच पहुंचे चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर मय चौकी पुलिस फोर्स के साथ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,एवं चौकी प्रभारी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाए।



## मैंने आपको पार उतारा, मुझे भवसागर से पार लगा देना...

- राम केवट संवाद सुन भाव विभोर हुए दर्शक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी (रजि.) द्वारा शहर के बशीरगंज स्थित राम लीला मैदान में मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा राम लीला का भव्य मंचन किया जा रहा है।सोमवार को राम वनवास,निषाद मिलन, केवट संवाद का मनोरम मंचन किया गया। रामलीला देखने स्थानीय और दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद उठाया। देर रात तक लोगों की भारी भीड़ मौजूद रही।राम, लक्ष्मण और सीता की वन गमन के समय भीलों के राजा निषादराज से भेंट हुई। निषादराज प्रभु राम को देखकर दुखी होने के साथ बाद में आनंदित हो उठे। निषादराज ने आदर सत्कार कर बस्ती में रुकने का प्रभु श्रीराम से आग्रह किया लेकिन प्रभु राम ने पिता के वचनों से बंधे होने की बात कहीं। अगले दिन प्रातः निषादराज राम,लक्ष्मण और सीता गंगा की ओर चलते हैं। श्रीराम गंगा तट पर सुमंत को अयोध्या लौट जाने को कहते हैं। गंगा के पार जाने के लिए राम केवट से याचना करते हैं। लेकिन केवट यह कहते हुए मना कर देते हैं कि कहीं आपके चरणरज का स्पर्श पाकर नाव नारी न बन जाए। केवट राम से चरण धोकर नाव में बैठाने की शर्त रखते हैं। केवट प्रभु राम के चरणरज को धोकर पीते हैं। केवट राम, लक्ष्मण और सीता को गंगा पार कराते हैं। राम केवट को गंगा पार करने की मुद्रिका के रूप में अंगूठी देते हैं लेकिन केवट यह कहकर मना कर देते हैं कि आज आप मेरे घाट पर आए तो मैंने आपको पार उतारा, जब मैं आपके घाट आऊं तो आप मुझे भवसागर से पार लगा देना। केवट की यह बात सुनकर राम आशीर्वाद देकर आगे बढ़ जाते हैं। राम-केवट संवाद की लीला मंचन देकर दर्शक प्रभु राम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठता है। इस दौरान अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, राधा रमण यज्ञसैनी, कमल शेखर गुप्ता, जय जय अग्रवाल,संतोष अग्रवाल, राहुल रॉय, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, अंशुमान यज्ञसैनी, उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## विषय-सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में परिवहन विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग, उ.प्र के निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिनांक 02 अक्टूबर से 16 अक्तूबर के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक 07अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो गीता शुक्ला के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में हुआ जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्राचार्य प्रो गीता शुक्ला ने प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने से ही इस प्रतियोगिता को वैधानिक बनाया जा सकता है ।रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विमलेश और रोड सेफ़्टी क्लब द्वारा प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। निर्णायक मंडल की भूमिका शिवांगी सक्सेना तथा डॉ प्रीति सिंह ने निभाई। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा आरती राना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कोमल रस्तोगी तथा तृतीय स्थान आयुषी रस्तोगी ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति वर्मा द्वितीय स्थान शिवांगी पाठक तथा तृतीय स्थान तस्लीन ने प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षिका शिवांगी सक्सेना, डॉ क्षमा तिवारी, डॉ प्रीति सिंह सविता शुक्ला, विमलेश सुश्री वीना चौरसिया उपस्थित रहीं।




## चोरों ने दो घरों से लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के खैरहनी गांव में हाइवे से महज चंद कदमों की दूरी पर रिटायर्ड शिक्षक सहित एक और घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए कीमती जेवरात सहित नगदी पर हाथ साफ किया है। रविवार की रात इलाके के खैरहनी निवासी रिटायर्ड अध्यापक हरद्वारी लाल पाण्डेय के घर के पल्लों में लगे हैंडिलों को चोरों ने बाहर से कपड़ों से बांधकर घर में रखे कीमती जेवरात सहित साठ हजार की नगदी को निशाना बनाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि रात दो बजे घर में घुसे चोरों ने घर में रखी दो अलमारियों को लोहे की राड से तोड़कर अलमारियों में रखे



लाखों के सोने व चांदी के आभूषणों को चोर चुरा ले गए पीड़ित ने बताया कि अलमारी में रखी बारह बोर के बारह कारतूस व साठ हजार की नगदी पर भी हाथ साफ किया है। हरद्वारी लाल ने बताया जब तीन बजे वह लघुशंका के लिए उठे तो देखा दरवाजा बाहर से कपड़े से बंधा था, कड़ी मशक्कत के बाद दरवाजा खुलने पर चोर भाग निकले। गृहस्वामी के शोर मचाने पर बाहर खड़ा चोर बाउंड्री कूद कर व उसके अन्य साथी भाग निकले। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही की मांग की है। वहीं इसी गांव निवासी अशोक ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रविवार की रात चोर इसके घर में घुस गए और 55000 की नकदी सहित लाखों रुपए की कीमत के चांदी के सिक्के पायल, आदि पर हांथ साफ कर दिया, पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।मामले में इंस्पेक्टर महेश चंद ने बताया, दोनों मामलों में तहरीर प्राप्त हुई है, घटना का शीघ्र खुलासा किया जायेगा।

## पशुपालन विभाग ने आयोजन किया आरोग्य एवं शिविर मेला

- शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं के टीकाकरण, गला घोटू, खुरपका, मुखपका, एवं लंपी स्किन आदि बीमारी होने पर इनके लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी लखीमपुर खीरी डॉ. जगदीश प्रसाद के दिशा निर्देशन में ग्राम मंदुरा विकास खण्ड ईसानगर मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ प्रदीप कुमार पशु अधिकारी ईसानगर ने किया। साथ में ग्राम प्रधान गौमाता का पूजन एवं पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया



गया। कैंप का संचालन, कैंप के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार द्वारा पशुओं के रखरखाव विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण, गला घोटू, खुरपका, मुखपका, एवं लंपी स्किन, डिजीज टीकाकरण, एवं इनके होने पर पशुओं में पाए जाने वाले लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ राकेश कुमार उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी धौरहरा द्वारा कृत्रिम गर्भाधान एवं उसके फायदे, सेक्स सार्टेड सीमेन जिसके कृत्रिम गर्भाधान से सिर्फ बछिया ही पैदा होगी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। संतुलित पशु आहार नवजात शिशु देखभाल सीजनल हरे चारे एवं उनके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष कुमार द्वारा पशुधन बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशुओं के लिए ईयर टैग का क्या महत्व है और क्यों जरूरी है, इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा ईयर टैग जरूरी है अगर टैग नही है तो सरकारी लाभ जो दैवीय आपदा का कंपनसेशन आपको नही मिल पाएगा। कैंप के दौरान पशु पालन विभाग से पशुधन प्रसार अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा , चरण सिंह तोमर, पशु औषधिक महादेव प्रसाद, पशु मित्र धर्मेंद्र कुमार, संदीप वर्मा, मनजीत कुमार, सूरज राज तेजपाल निराला, एवं वैक्सीनेटर अनूप यादव संजय कुमार राजित राम संतोष कुमार के साथ-साथ पशुपालक भाई उपस्थित रहे। कैंप में आए 103 पशुपालकों के 620 गाय भैंस एवं बकरी की चिकित्सा की गई जिसमें कर्मी नाशक दवा, सामान्य चिकित्सा बधियाकरण गर्भ परीक्षण सेवाएं उपलब्ध कराई गई।

# सीएम के प्रतिनिधि के रूप में मंत्री योगेंद्र करेंगे मालदीव राष्ट्रपति का स्वागत

समृद्धि न्यूज

**आगरा/लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय कल, 8 अक्टूबर 2024 को आगरा में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद का स्वागत करेंगे।

मालदीव राष्ट्रपति का आगरा आगमन सुबह एयरफोर्स स्टेशन, आगरा पर निर्धारित है, जहां कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उनकी अगवानी करेंगे। इसके बाद, मालदीव राष्ट्रपति शिल्पग्राम, ताजमहल के निकट पहुँचेंगे, जहां से वे विश्वविख्यात ताजमहल का भ्रमण करेंगे।

इस अवसर पर योगेंद्र उपाध्याय, मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें राज्य की संस्कृति और धरोहर से अवगत कराएंगे। कार्यक्रम के अंत में, मालदीव राष्ट्रपति की विदाई एयरफोर्स स्टेशन, आगरा से की जाएगी, जिसमें भी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहेंगे। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस अवसर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारत और मालदीव के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और सुदृढ़ करने का एक ऐतिहासिक क्षण होगा।

## मौसमगंज में सीताहरण का मंचन में उमड़े दर्शक

**लखनऊ।** डालीगंज की मौसमगंज रामलीला में सोमवार को सूर्पनखा अंग भंग, सीता हरण, जटायु बलिदान लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया। इससे पूर्व केवट लीला का मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। केवट का अभिनय करने वाले राजेश त्रिपाठी के सशक्त अभिनय को लोगों ने खूब सराहना की। प्रभु श्री राम को गंगा पार कराने के समय केवट द्वारा जिस नैना के राम के खेवईया, देखो बिना चलाय चली मेरी नाव चली मेरी नाव चली को जब गया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। समिति के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को शबरी प्रेम, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका दहन का मंचन होगा। सोमवार को बारिश के चलते कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा। लेकिन समय रहते समिति के पदाधिकारियों व कलाकारों ने व्यवस्था को संभाल लिया।

# लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें सभी अधिकारी

### योगेन्द्र उपाध्याय ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में विभागीय कार्यों की व्यापक समीक्षा की

▸ छात्रहितों व शैक्षिक सुधारों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी अस्वीकार्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में विभागीय कार्यों की व्यापक समीक्षा की। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव शिपू गिरी, गिरिजेश त्यागी, निदेशक उच्च शिक्षा प्रयागराज डॉ. अमित भारद्वाज सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय कार्यों की प्रगति का आकलन करना और लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना था।मंत्री उपाध्याय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उच्च शिक्षा विभाग में प्राप्त प्रकरणों और संदर्भों का निस्तारण त्वरित और निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए। छात्रहितों और शैक्षिक सुधारों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी अस्वीकार्य है। लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से करने को कहा कि की गई कार्यवाही की जानकारी समयबद्ध रूप से संबंधित अधिकारियों और मंत्री कार्यालय को दी जाए, ताकि पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बनाए रखा जा सके। बैठक में यह भी जोर दिया गया कि विभागीय प्रक्रियाओं में सुधार लाकर कार्यों को और अधिक सुचारू रूप से संचालित किया जाए। बैठक के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए आवश्यक सुझावों को अमल में लाने पर भी बल दिया। उन्होंने विभागीय कार्यों में तेजी लाने के लिए सभी अधिकारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की अपील की।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री उपाध्याय को आश्वासन दिया कि उनके निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी और विभागीय कार्यों में गुणवत्ता और गति को सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्री उपाध्याय ने अंत में कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए सभी स्तरों पर सक्रियता और समर्पण आवश्यक है, और प्रदेश की सरकार इस दिशा में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी।

## खबरें एक नजर में

### यूपी विधानसभा के सामने युवक ने खुद को लगाई आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ से बड़ी खबर है। यहां विधानसभा के सामने एक व्यक्ति ने खुद को आग लगा ली। वह अपने साथ पेट्रोल लेकर आया था। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने कंबल डालकर आग को बुझाया। गंभीर अवस्था में युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। युवक का नाम मुन्ना विश्वकर्मा बताया जा रहा है। युवक पुराने लखनऊ के सहादतगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मुन्ना मौके पर पेट्रोल डालकर पहुंचा था और वहां पहुंचते ही माचिस जलाकर आग लगा ली। 50 प्रतिशत बर्न इंजरी के चलते उसको सघन केयर यूनिट में रखा गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुन्ना आलमबाग स्थित बंगाल टेंट हाउस में काम करता था। टेंट हाउस मालिक के पैसे न देने से घर चलाने में दिक्कत आ रही थी। जिसकी शिकायत उसने मवैया चौकी और आलमबाग थाने पर भी दी, लेकिन सुनवाई न होने पर उसने यह कदम उठा लिया। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने बताया कि मुन्ना 50 प्रतिशत आग से झुलस गया है। उसका इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। मुन्ना के आरोपों के विषय में जानकारी की जा रही है। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला का शव मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मानक नगर इलाके में महिला का शव नग्न अवस्था में मिला है। वह घर से 2 दिन पहले लापता हुई थी। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी थाने में दी थी। शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच की बात कही जा रही है। ससि मिश्रा (46) पारा थाना इलाके की रहने वाली थी। वह शनिवार से लापता थी। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद मानक नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार सुबह 11 बजे मानक नगर के स्लीपर ग्राउंड कॉलोनी में बने सर्वेंट क्वार्टर में महिला का शव मिला। इसकी जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी। परिजनों ने उसकी पहचान की। उन्होंने एक ई-रिक्शा चालक पर हत्या का संदेह जताया है।

### 350 जगह अंडरग्राउंड फाल्ट, बिजली कटौती, पानी के लिए तरसे लोग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में रविवार की बारिश में 350 जगहों पर अंडरग्राउंड फाल्ट हुए। इससे आलमबाग, दुबग्गा और नादरगंज, आशियाना जैसे इलाकों में भीषण बिजली कटौती की गई। आशियाना सेक्टर-के सहित कई इलाकों में रविवार रात से सोमवार सुबह तक बिजली का आना-जाना जारी रहा। उपभोक्ताओं ने शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन समाधान नहीं हो सका। स्थानीय निवासी राकेश सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी सुबह हुई। सुबह 4 बजे से कटी बिजली 8 बजे तक नहीं आई थी। इसकी वजह से घरों में पानी भी नहीं आया। उन्होंने बताया कि इससे पहले रविवार को तेज आंधी के बाद भी बिजली कट गई थी। गोमती नगर विश्वास खंड उपकेंद्र से जुड़े इलाके नेहरु एन्क्लेव में भी बिजली कटौती की समस्या थी। यहां रात को कई बार बिजली कटी। उपभोक्ता दिवस चतुर्वेदी ने बताया कि आंधी के बाद यहां कटौती की समस्या लगातार बनी रही। रात को 12 बजे के बाद भी यहां विभाग के लोग काम करते रहे। पिछले 24 घंटे में शहर में 350 जगह अंडर ग्राउंड फॉल्ट हुआ है। इसके अलावा 1912 पर 1665 शिकायतें आ चुकी हैं। शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर पर लोगों को 20 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। 1912 का सर्वर डाउन होने की वजह से समस्या और भी ज्यादा खराब हुई।

### शक्ति सदन योजना में 81 लाख रुपए मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग के अधीन जनपद मथुरा के वृंदावन में निराश्रित महिलाओं के लिए 1000 क्षमता के सदन संचालन के तहत प्राविधानित धनराशि 242.75 लाख के सापेक्ष 81 लाख रूपये मंजूर किये हैं। यह मंजूरी शक्ति सदन होम फॉर विडोज योजना के अंतर्गत दी गई है। मंजूर की गई धनराशि निदेशक, महिला कल्याण विभाग के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति निदेशक, महिला कल्याण को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा नियमानुसार किया जायेगा। निदेशक महिला कल्याण द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना के अंतर्गत मंजूर की गई धनराशि की पुनरावृत्ति ना हो।

### हॉस्टल के कुक ने फंदा लगाकर जान दी, नहीं मिला सुसाइड नोट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीतापुर जनपद के थाना तंबौर निवासी दीपू यादव (20) कुर्सी के उमरा स्थित संचालित इंटीगरल यूनिवर्सिटी के ब्वॉयज हॉस्टल में कुक की नौकरी करता था। दीपू हॉस्टल के कैंटीन में खाना बनाने के साथ उस में रहता था। सोमवार सुबह युवक का शव बिल्डिंग की पुताई के लिए बांस की बनाई गई सीढ़ी में रस्सी से लटकता मिला। कालेज खुलने पर सफाई के लिए पहुंचे कर्मियों ने युवक का शव लटकता देखा तो कालेज में हड़कंप मच गया। कालेज स्टाफ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। उमरा चौकी इंचार्ज सुरेश गुप्ता ने बताया कि मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### करंट से मां-बेटी की मौत, बीजेपी नेता ने दी आर्थिक मदद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज में नगराम के छतौनी गांव में करंट लगने से मां-बेटी की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मां सुनीता और उनकी 8 साल की बेटी अनमोल की मौत हुई है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठाने का ऐलान किया। जानकारी के मुताबिक रविवार को सुनीता के पति सुनील मजदूरी करने गए थे। दोपहर में सुनीता घर में सरसों बनाने का काम कर रही थी। तभी उन्होंने एक फर्राटा पंखा लगाया। पंखे को इधर-उधर करते वक्त उसमें अचानक करंट आ गया। इससे सुनीता करंट की चपेट में आ गईं। वह तड़पने लगीं, यह देखकर उनकी बेटी अनमोल उन्हें बचाने के लिए दौड़ी, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। सबने बिजली का कनेक्शन काटा और दोनों को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें सीएससी मोहनलालगंज रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्य से अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार को बीजेपी नेता नवीन मिश्रा मृतका के घर पहुंचे और मदद दी।

### राजकीय महिला शरणालय के निर्माण के लिए 150 लाख मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में गाजीपुर में निर्माणाधीन राजकीय महिला शरणालय के निर्माण कार्य हेतु 150 लाख रूपये मंजूर किये है। यह धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में मंजूर करते हुए निदेशक, महिला कल्याण के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति निदेशक, महिला कल्याण को प्रेषित कर दी गई है। जारी शासनादेश के अनुसार इस योजना के अंतर्गत प्राविधानित धनराशि 629.79 लाख रूपये के सापेक्ष प्रथत किश्त के रूपये में 200 लाख रूपये पूर्व में अवमुक्त की जा चुकी है।

### सैकड़ों अधिवक्ताओं ने ज्वाइन की रालोद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विभिन्न राजनैतिक दलों के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रामनरेश शुक्ला की अगुवाई में सपा बसपा व कॉग्रेस छोड कर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के नेतृत्व और स्व. भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एवं स्व. चौधरी अजित सिंह की नीतियों एवं विचारधारा में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। नेताओं को राष्ट्रीय लोकदल मुख्यालय पर आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक शिव करन सिंह की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण कराई। रामनरेश शुक्ल के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण करने वालों में सदस्यता लेने वालों में एस के त्रिपाठी, केके तिवारी, पीके मिश्रा, सीपी निगम, एके अवस्थी, अमित शर्मा, विष्णु नारायण, चंद्रकांत मिश्रा, नरविन्द यादव, मनोज दीक्षित, केएस वाजपेयी, अंजू यादव आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों के साथ की कानून व्यवस्था की बैठक, कहा

# विरोध के नाम पर अराजकता अक्षम्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय, उनके ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों अथवा साधु-संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। त्योहारों के दृष्टिगत सोमवार को मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए किसी को बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर कुछ थोपा भी नहीं जा सकता। एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उस पर कानून के अनुसार, कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा ''लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, और जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि एवं विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास हर्ष उल्लास शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हो, यह प्रत्येक जनपद-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने प्रशासन को कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटने का निर्देश दिया। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त तेज की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग मिलकर काम करें।

## मजदूर नेता के नाम पर सड़क का डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मजदूर नेता टीएन वाजपेई के नाम पर सड़क का नाम रखा गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल और रेलवे यूनियन के नेता शिव गोपाल मिश्रा ने सड़क का उद्घाटन किया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मजदूरों के प्रति टीएन वाजपेई के संघर्ष की याद में उनके नाम पर सड़क का नाम रखा गया है। नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के नेता शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि इस सड़क के बनने से हजारों रेल कर्मियों को कार्यालय जाने में सुविधा होगी। साथ ही जन सामान्य नागरिकों रेलवे स्टेशन जाने का अतिरिक्त मार्ग भी उपलब्ध हुआ। उन्होंने टीएन वाजपेई द्वारा किए गए संघर्ष को याद किया है। कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि मजदूरों के मसीहा स्वर्गीय टीएन वाजपेई को कौन नहीं जानता। वह नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के अध्यक्ष भी रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेता थे। टी एन वाजपेई हमेशा अपने यूनियन तथा रेलवे के लोगों के हित की बात कर रहे थे। उनके नाम पर नगर निगम द्वारा चौराहे का नामकरण आज किया गया है। उनके नाम पर इस सड़क को समर्पित किया गया। टीएन वाजपेई सड़क बनने से फतेह अली चौराहे के पास लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम से नागरिकों का राहत मिलेगी। सुबह और शाम के समय में पीक आवर में यहां पर अक्सर जाम की स्थिति अभी तक होती थी। इस मौके पर अतिथि के रूप में आरके पांडे, विभूति मिश्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# इको टूरिज्म स्पॉट के रूप में विकसित होगा सूरज वेटलैंड : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** विगत 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक आयोजित वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत लोगों में वन्य प्राणियों के संरक्षण तथा पर्यावरण के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए गौतमबुद्ध नगर स्थित सूरजपुर वेटलैंड में लोगों को भ्रमण कराया गया। इस वेटलैंड में अनेक दुर्लभ पशु-पक्षी देखने को मिलते हैं। इस नेचर वाक का उद्देश्य वन संपदा एवं वातावरण को बचाये रखना है। यह नेचरवाक इको टूरिज्म डेबलपमेंट बोर्ड, वन विभाग एवं एशियाई ऐडवेंचर संस्था द्वारा आयोजित की गई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि नेचर वाक का नेतृत्व इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड के सलाहकार राजीव गर्ग ने किया जो वन विभाग के विभागाध्यक्ष पद से सेवा निवृत्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि नेचर वाक के दौरान ब्लैक नेक स्टॉक, स्पाटेड आउटलेट, बटरफ्लाई सहित अन्य पक्षियों की पहचान तथा विशेषता से परिचित कराया गया। अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुबह भ्रमण आवश्यक है। पार्कों के साथ-साथ वन क्षेत्रों में भी भ्रमण के लिए लोगों को जाना चाहिए। यह आप में रोमांच पैदा करता है। पशु-पक्षियों की कई प्रजातियां जिन्हें हम किताबों या डिजिटल प्लेटफार्म पर पढ़ते-देखते रहे हैं, वह सूरजपुर वेटलैंड या अन्य पारिस्थितिकीय पर्यटन स्थलों पर साक्षात देखने को मिलते हैं। खासकर यहां बच्चों को अवश्य घूमने लाना चाहिए। इससे वह बहुत कुछ सीखेंगे-समझेंगे। इससे उनका सर्वांगीण विकास होगा। सूरजपुर वेटलैंड को इको टूरिज्म स्पॉट के रूप में विकसित करने पर विचार-विमर्श हुआ। पर्यटन मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रचुर वन संपदा है। यहां अनेक प्रकार के वन्य जीव देखने को मिलते हैं। इसमें बहुत से ऐसे जीव भी हैं, जो सामान्य तौर देखने को नहीं मिलते हैं। अधिक से अधिक लोग भ्रमण करें। ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा निरंतर पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

## भूमाफियाओं पर केस दर्ज 10 करोड़ रुपए की जमीन का बनाया फर्जी कागज

**लखनऊ ।** सरकारी जमीन करने वालों के खिलाफ नगर निगम का अभियान जारी है। सोमवार को बिजनौर थाने में 5 बीघा 5 बिस्वा जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज कराया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम के लेखपाल ने रविवार रात बिजनौर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि नटकुर गांव निवासी गुड्डू और आलम सरकारी जमीन पर फर्जी तरीके से दस्तावेजों में हेरफेर कर बेच रहे थे। करीब 10 करोड़ रुपए की जमीन का फर्जी कागज तैयार कर लिया गया था। इसकी सूचना नगर निगम के अधिकारियों तक पहुंची। लेखपाल संदीप यादव का कहना है कि, सरोजनी नगर के नटकुर गांव में सरकारी अभिलेखों में 5 बीघा दर्ज जमीन को गुड्डू नाम के शख्स आलम को भेज दिया। आप है कि आलम ने भी जमीन खरीदने के बाद इस पर प्रॉपर्टी डीलिंग शुरू कर दी। दस्तावेज जांचने के बाद दोनों का फर्जीवाड़ा सामने आया। लेखपाल की ओर से आरोपित गुड्डू और आलम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

# नवदेवी सम्मान 3.0 समारोह एवं विमेन स्वच्छता लीडर्स अवार्ड 17 को

▸ स्त्री शक्ति, राष्ट्र शक्ति का अभिन्न अंग : ऋतु सुहास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय ने नवरात्री के शुभ अवसर पर सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और नेतृत्व को मजबूत करने के लिए नारी शक्ति को नवदेवी सम्मान 3.0 समारोह एवं विमेन स्वच्छता लीडर्स अवार्ड से सम्मानित करने का आह्वान किया है।

अपर निदेशक ऋतु सुहास ने कहा कि स्त्री शक्ति राष्ट्र शक्ति का अभिन्न अंग होती है। जिसे सशक्त और शामिल किये बिना कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली नहीं हो सकता। नारी की सुदृढ एवं सम्मानजनक स्थिति एक उन्नत, समृद्ध तथा मजबूत समाज की द्योतक है तथा स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान एवं विभिन्न प्रयास अतुलनीय है। इसी को ध्यान में रखकर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रदेश स्तर पर विभाग द्वारा 17 अक्टूबर को सम्मानित किया जायेगा। सुहास ने बताया कि नवरात्रि का पर्व पर 03 अक्टूबर से 11 अक्टूबर के मध्य मनाया जा रहा है। नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चन्द्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी एवं मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जाती है। इन्हीं शक्तियों की पहचान करते हुए मां दुर्गा के 9 रूपों के अनुसार निकाय स्तर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के प्रयासों को पहचान की जाएगी। स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं की भागदारी बढ़ाने, उत्साह बढ़ाने और उन्हें स्वच्छता में प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें 17 अक्टूबर को मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के आधार पर निकाय स्तर पर नौ श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा, जिससे स्थायी स्वच्छता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। नवरात्रि पर्व पर महिलाओं की भूमिका के अनुसार उनके कार्यों को 09 श्रेणियों में विभाजित कर सम्मानित किया जायेगा। अपर निदेशक ने बताया कि लिंक और क्यू. आर. के माध्यम से निकायों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं का रजिस्ट्रेशन 12 अक्टूबर तक कराया जायेगा। उसके पश्चात् समिति द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का चयन कर उन्हें राज्य स्तर पर विभाग द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

# इप्सेफ ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने की उठाई मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में कर्मचारियों को महंगाई से परेशान बताया गया है। इप्सेफ ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि बढ़ती महंगाई पर रोक लगाई जाये, साथ ही एक जुलाई से देय महंगाई भत्ते की किस्तों का आदेश जारी करें। जिससे कर्मचारियों की समस्या कुछ हद तक कम हो सके। इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर कहा है कि देशभर में रोजाना बढ़ रही महंगाई से मध्यम श्रेणी का वर्ग अत्यधिक पीड़ित है, उसका परिवार 2 जून की रोटी व बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। कर्ज के बोझ से लोग परेशान हैं, युवा वर्ग पढ़ लिखकर बेरोजगार है या आउटसोर्सिंग पर काम कर रहा है, उसकी दशा खराब हो रही है, तनाव ग्रस्त होकर लोग गंभीर बीमारी झेल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य है जहां कर्मचारियों की चार किस्त महंगाई भत्ते की नहीं दी गई है। इससे कर्मचारियों में आक्रोश है। उन्होंने चेताया है कि इसका प्रभाव भावी चुनाव में सत्ताधारी दल को झेलना पड़ेगा।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा, सुरेश कुमार रावत ,सतीश कुमार पांडे तथा उप महासचिव अतुल मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों की जीवन रक्षा के लिए समस्याओं का आपस में मिल बैठकर हल नहीं निकाला गया तो माह नवंबर के अधिवेशन में बड़े आंदोलन का निर्णय होगा। जिसकी जिम्मेदारी भारत सरकार और राज्यों की सरकारों की होगी।

# टैक्स के नाम पर जनता से हो रही है लूट : लोकदल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने आम आदमी पर लगने वाले टैक्स (नगर निगम टैक्स, वाटर टैक्स, शिक्षा पर लगने वाला टैक्स) को लेकर प्रतिक्रिया दी है कि टैक्स की मार से आम आदमी का हाल बुरा है। आजाद भारत में अनाज, कफन पर भी टैक्स लगने लगा है सरकार आम आदमी से एक एक रुपया छीनना चाह रही है। सरकार मल्टीपल टैक्स ले रही है। देश की आम जनता को इस टैक्स से राहत क्यों नहीं दी जा रही है? टैक्स देते देते जनता का हाल बुरा हो गया है। एक आम आदमी एक ही वस्तु पर कई बार टैक्स देता है। उदाहरण के तौर पर जब पैसा कमाते हैं तो सरकार को टैक्स देते हैं। इसी कमाई से गाड़ी खरीदते हैं तो गाड़ी पर जीएसटी देते हैं। जब गाड़ी खरीदते हैं तो सरकार रोड टैक्स वसूलती है, फिर रोड डेवलपमेंट सेस वसूलती है इसके अलावा सरकार मोटर इंश्योरेंस पर भी जीएसटी लेती है। इसके बाद पेट्रोल और डीजल भरवाने पर भी सेस लेती है और फिर जब गाड़ी सड़क पर चलाएंगे तो टोल टैक्स वसूलती है आज आम आदमी के लिए सबसे बड़ी समस्या टोल टैक्स बनती जा रही है. मंत्रियों और सांसदों को टैक्स नहीं देना होता है लेकिन आम आदमी से हर जगह टैक्स लिया जा रहा है। यदि टैक्स पर लगाम नहीं लगाई गई तो लोकदल टैक्स को लेकर असहयोग आंदोलन करने पर विवश होगा।

# कर्मचारियों के हित के लिए संघर्ष का ऐलान प्रदेश महामंत्री का मुख्यालय पर स्वागत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ के कमिश्नर वाणिज्यकर जोनल कार्यालय में प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव का स्वागत किया गया। इस मौके पर सुरेश सिंह यादव ने कहा कि कुछ प्रमुख समस्याएं शासन स्तर पर लंबित हैं। इनमेंसे ग्रेड पे 4200 और 62 वर्ष की आयु के कर्मचारियों की समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग में आवश्यक आदेश जारी किए गए हैं, जिन्हें शीघ्र पूरा कराया जाएगा।

विभागाध्यक्ष द्वारा प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा गया है जो विचाराधीन हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों के हित के लिए वे हमेशा काम करेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र रावत, राजकुमार सिंह, राजवीर सिंह, अर्जुन सिंह भदौरिया, अवध रामपाल, विनय कुमार थारू, अमित कुमार पांडे, अनूप यादव, श्रीकांत त्रिपाठी और बृजेश कुमार कनौजिया ने उनके स्वागत में भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नरेंद्र रावत ने भी कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि वे महामंत्री सुरेश यादव के साथ मिलकर सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि ऐसे पदाधिकारियों का चुनाव करें जो उनके बीच सक्रिय रहें।

जोनल अध्यक्ष विजय कुमार और जोन मंत्री बलराम विश्वकर्मा ने भी सभी का स्वागत किया और कर्मचारियों के उत्साह वर्धन के लिए व्यक्तिगत रूप से सभी से मिले। इस ऐतिहासिक स्वागत समारोह में सभी कर्मचारियों ने सुरेश सिंह यादव और उनके सहयोगियों को विजयी होने का आशीर्वाद दिया। कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम के दौरान अपनी पांच सूत्री मांग पत्र को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन भी प्राप्त किया। सभी ने मिलकर सुरेश सिंह यादव और उनके टीम का जोरदार स्वागत किया।

**दीपोत्सव** | दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लीकेशन से मिलेगी अयोध्या की संस्कृति, इतिहास व विविध आयामों की जानकारी

# श्रद्धालुओं की सुविधा सरकार की प्राथमिकता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

दीपोत्सव-2024 का राज्य सरकार द्वारा भव्य आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर सरयू नदी के तट तथा राम की पैड़ी पर रिकार्ड संख्या में दीप जलाये जायेंगे। इसको देखने के लिए देश विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटकों के अयोध्या आने की संभावना है। इस वर्ष दिव्य अयोध्या ऐप के माध्यम से विश्वभर में डिटिजल दीप प्रज्वलित करने की व्यवस्था की गयी है। इस एप्लीकेशन के माध्यम से श्रद्धालुओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार की रणनीति बनाई गयी है। दीपोत्सव मेले में दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लीकेशन के प्रचार-प्रसार के लिएअयोध्या विकास प्राधिकरण की विशेष कार्ययोजना तैयार है। 14 जनवरी कोमुख्यमंत्री ने दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लीकेशन एवं वेबपोर्टल का शुभारम्भ किया था। इस ऐप के माध्यम से अयोध्या आने वाले पर्यटकों तीर्थ यात्रियों के लिए होम स्टे, गाइडेड टूर, टैक्सी सेवायें एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को एकल पटल पर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।अयोध्या विकास प्राधिकण उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय ने दीपोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार में दिव्य अयोध्या पोर्टल का भी प्रचार-प्रसार करने की अपेक्षा की है। यह मोबाइल एप्लीकेशन अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की बुनियादी आवश्यकताओं जैसे ठहरने हेतु होमस्टे, भ्रमण हेतु इलेक्ट्रानिक कार, 50 इलेक्ट्रानिक बसों की रूट की स्थिति, संचालन का समय, ऑनलाइन टिकट बुकिंग, वाहन, व्हील चेयर तथा प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड आदि की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराता है। इसके अलावा अयोध्या नगर एवं समीपवर्ती विभिन्न मंदिरों, मठों, दार्शनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी भी उपलब्ध कराता है। मोबाइल ऐप के द्वारा स्थानीय व्यंजन, पार्किंग की ऑनलाइन बुकिंग भी की जा सकती है। अयोध्या विजन



की जानकारी के लिए यह ऐप अति उपयोगी है। अयोध्या नगर में पहुंचने के लिए हवाई, रेल एवं सड़क मार्ग द्वारा यात्रा की जानकारी के लिए यह ऐप उपयोगी है। इस ऐप पर भारतीय संविधान के 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी, जिससे विभिन्न भाषा-भाषियों को मदद मिलेगी। आने वाले समय में इस ऐप को इन्टीग्रेटेट कन्ट्रोल एण्ड कमान्ड सेंटर के साथ जोड़ा जायेगा, जिसके माध्यम से नगर में समुचित सफाई व्यवस्था के साथ नगर के विभिन्न कैमरों से जोड़कर नगर की समस्त गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी। दिव्य अयोध्या मोबाइल ऐप्लीकेशन के माध्यम से सरयू में संचालित क्रूज एवं नाव एवं म्युजिकल फाउन्टेन व लाइट एण्ड साउन्ड सिस्टम के साथ टेंट सिटी आदि की बुकिंग व ओडीओपी उत्पादों उपहार सामग्रियों का भी विक्रय किया जायेगा।

# सदर विधायक ने सिंचाई, जल निगम विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**लोगों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का दिया निर्देश**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सदर विधायक अदिति सिंह ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सिंचाई, जल निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहरों का रखरखाव उचित तरीके से कराया जाए। जिन नहरों की सफाई अभी नहीं हुई है समय रहते उसे पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जल्द ही रबी मौसम की फसलों की बुवाई शुरू हो जाएगी। ऐसे में नहरो में उचित मात्रा में पानी उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। जिससे फसलों की बुवाई में किसी प्रकार की समस्या या अवरोध उत्पन्न ना हो। किसान भाईयों और आमजन को जल संरक्षण के विषय में जागरूक भी किया जाए। जल निगम विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जहाँ भी सीवर लाइन का काम शहरी क्षेत्र में चल रहा है उसे शीघ्र पूरा कराया जाए। खासतौर से आने वाले तीज त्योहारों के दृष्टिगत कार्य समय से पूरा करा लिया जाए। जिससे कि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह भी निर्देश दिया कि पुराने कार्य पूर्ण होने के उपरांत ही नए कार्यों को शुरू किया जाए। बिजली विभाग अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। ओवर बिलिंग को चेक कराया जाए। विद्युत तारों के अस्त व्यस्त होने से दुर्घटनाओं की संभावना रहती है अतः तारों को नियमित कर लिया जाए। दीपावली के समय में विद्युत दुर्घटनाएं अधिक होने की संभावनाएं रहती हैं अतः इस पर खास ध्यान दिया जाए। जिन भी ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पोल लगाए जाने हैं उनका कार्य समय से पूरा कर लिया जाए। जिन भी कार्यदायी संस्थाओं को कार्य सौंपे गए हैं यदि वह समय से कार्य पूरा नहीं करते हैं तो उन पर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्र) सिद्धार्थ, नगर पालिका ईओ स्वर्ण सिंह सहित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगदी समेत लाखों के जेवर चोरों ने किया पार

**सलोन रायबरेली।** बेखौफ चोरों का आतंक लगातार बरकरार है।दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुसे चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवरात पार कर दिया।जानकारी होने पर घर वालों के होश उड़ गए।मामला सलोंन कोतवाली क्षेत्र के ओझा का पुरवा मजरे नूरुद्दीनपुर का हैं।जहां के निवासी राजकुमार ओझा परिवार समेत रोज की तरह खाना खाकर सो गए। रात को चोरों ने कुंडी तोड़कर घर के अंदर कमरे में रखे बक्सों से सोने चांदी के जेवरात व नगदी चोरों ने पर कर दिया।पीड़ित ने बताया सोने चांदी के जेवरात लगभग 35 लाख व 45000 रुपए नगद चोरों ने पार कर दिया हैं।दोपहर में बेटी छत पर कपड़े डालने गई तो देखा जेवर रखने के डिब्बे पडे थे।इसके बाद कमरे के अंदर बक्सों के ताले टूटे थे और सारी जेवरात पैसा गायब हो गया।पीड़ित ने सलोंन कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।

# मां कमासिन धाम में भक्तों की उमड़ रही भीड़

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मां दुर्गा के आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर आदिशक्ति सिद्ध पीठ मां कमासिन धाम में भक्तों की अपार भीड़ उमड रही है।जो भक्त इस धाम में अपनी हाजिरी लगाता है उसके मन की मुरादे अवश्य पूरी होती है।यह प्राचीन मंदिर क्षेत्रीय भक्तों के आस्था का प्रतीक हैं।सलोंन विकासखंड के सूची कस्बा से तीन किलोमीटर दूर दरसवां ग्राम सभा में स्थित आदि प्राचीन सिद्ध पीठ मां कमासिन धाम में नवरात्रि के दिनों में पूजा अर्चना व दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की कतारें लगती है।जो रात तक अनवरत बनी रहती है।वैसे तो यहां क्षेत्रीय भक्त रोजाना दर्शन पूजन के लिए आते हैं।परंतु नवरात्रि में सुदूर क्षेत्रों से लाखों भक्त आस्था और विश्वास के साथ मां के चरणों में पूजन कर मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।मान्यता है जो भी भक्त माता रानी के दरबार में मन की मुराद लेकर आता है।उसको मन वांछित फल व सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है।यह धाम क्षेत्र का एकमात्र सिद्ध पीठ देवी मंदिर है जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र हैं।मंदिर के संरक्षण पं. सुभाष चंद्र शर्मा (दिल्ली वाले) ने बताया अनंत काल से यहां पूजा पाठ होती रही है।मुगल काल में इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया था।जिसकी निशानी आज भी माता रानी की प्रतिमा पर नजर आती है।दोबारा मूर्ति का जीर्णोद्धार कर मंदिर बनाया गया।आचार्य प्रद्युम्न ने बताया यह स्वयंभू है बहुत ही प्राचीन मंदिर है। नवरात्रि पर अन्य जनपदों से भक्त आकर दर्शन पूजन कर मन की मुराद पूरी करते हैं।



# पागल सियार के हमले में एक वृद्धा समेत चार घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रविवार दोपहर से लगातार देर रात तक पागल सियार के हमले से लोग घायल होते गए, और दहशत बढ़ती गई, अचानक ग्रामीणों ने घेराबंदी कर लाठी डंडों से पीट कर उसे मौत के घाट उतार दिया। दिनांक 6 अक्टूबर रविवार देर रात 11ः00 बजे के आसपास ग्रामीणों ने पागल सियार को लाठी डंडों से पीट कर मार दिया है।

विकास क्षेत्र के पडीराकला में पागल सियार के हमले से चार लोग घायल हो गए हैं । जिनमे एक वृद्ध महिला भी शामिल है । रविवार शाम एक सियार ने पडीरा कला गांव में जमकर उत्पात मचाया। गांव के तेज बहादुर सिंह पुत्र मानधाता सिंह उम्र 55 वर्ष अपने ट्यूबवेल की मोटर ठीक कर रहे थे । तभी सियार ने उनपर पर हमला कर

**भैंस पर भी किया हमला, ग्रामीणों ने उतारा मौत के घाट**

घायल कर दिया । चीखपुकार पर जब तक लोग पहुचते । सियार भाग निकला । इसी दरमियान उसने खेतों में घास काट रही एक अधेड़ महिला गुड्डी पत्नी अमरदीप उम्र 55 वर्ष को भी हमला कर घायल कर दिया । खबर मिलते ही लाठी डंडों से लैस होकर ग्रामीण पहुंच गए । फिर सियार का पीछा करने लगेद्य भागते समय सियार ने इसी गांव के रहने वाले वृद्ध पूर्णमासी पुत्र स्व0 अवसान उम्र लगभग 75 वर्ष पर हमला कर दिया । जिससे वह घायल हो गया । जंगल के रास्ते होते हुए सियार दुन्न खेड़ा मजरे हसवा गांव पहुंच गया । जहां एक राहगीर साइकिल सवार के ऊपर भी हमला कर दिया। इस गांव में सियार छेदालाल पुत्र बद्री प्रसाद उम्र लगभग 60 वर्ष पर हमलावर हो गया । और उनको घायल कर दिया । पास ही बंधी उनकी भैंस पर भी सियार ने हमला किया हैद्य जब पीछा कर रहे ग्रामीण वहां पहुंचे । तो उनके साथ उसी गांव के भी लोग लाठी डंडा लेकर एकत्रित हो गए। तभी उस सियार ने संजीत के घर के बरामदे में घुस गया।

जहां ग्रामीणों ने घेर कर उस पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसा दी । जिससे उसने दम तोड़ दिया है । सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया । जहां उनका उपचार किया गया है । चिकित्सक इंद्रभूषण जायसवाल ने बताया कि घायलों का इलाज किया गया है । सभी घायलों की हालत सामान्य है । सियार की मौत के बाद लोगों में दहशत कम हो पाई है।

# संदिग्ध अवस्था में ग्रामीणों ने युवक को पकड़ा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा गाँव में रविवार की देर रात तकरीबन 11:00 बजे के आसपास गांव किनारे घूम रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को ग्रामीणों ने उसके मय वाहन सहित पकड़कर पुलिस के हवाले किया। संदिग्ध व्यक्ति के पकड़े जाने की जानकारी मिलते ही गांव के लोग लाठी डंडा लेकर व्यक्ति को चोर समझ कर मारपीट करने के लिए तैयार दिखाई पड़े तथा आसपास के गांव के भी कुछ लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, परंतु कुछ ग्रामीणों की सक्रियता के चलते संदिग्ध व्यक्ति को मारा पीटा नहीं गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की संदिग्ध युवक जब स्पष्ट रूप से ग्रामीणों को कुछ नहीं बता रहा था तब ग्रामीणों ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी,

**वाहन सहित किया पुलिस के हवाले**



मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस भी संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करती रही लेकिन वह किसी भी प्रकार से सही जानकारी नहीं दे रहा था, मामला बढ़ता देख सूचना पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई, कई घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति का सही नाम का पता मालूम किया, उसने पुलिस को अपना नाम नरेंद्र यादव बताया तथा अपना पता जनपद कानपुर बताया और उसने यह बताया कि वह कानपुर से माल लादकर बाराबंकी छोड़ने गया था और वहां से वापस कानपुर जा रहा था। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है संदिग्ध व्यक्ति का नाम पता नोट कर उसके विषय में जांच संदर्भित की जा रही है।

## पुलिस ने बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत महाराजगंज पुलिस टीम द्वारा थाना

**किशोर न्यायिक बोर्ड के समक्ष पुलिस ने किया पेश**

महराजगंज पर पंजीकृत मुकदमा से संबंधित बाल अपचारी नसीम पुत्र इबरार निवासी खैरहना थाना महराजगंज जनपद रायबरेली को हिरासत में लिया गया है जिसे किशोर न्यायिक बोर्ड के समक्ष पेश किया गया।

# खबरें एक नजर में

## सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**बछरावा रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नीवा गांव में बीते शनिवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में घायल हुए दिनेश सिंह पुत्र स्वर्गीय चंद्रभान सिंह उम्र 55 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई, उनके साथ यह हादसा तक घटित हुआ जब वह देर शाम अपने गांव से बछरावां की तरफ आ रहे थे, तभी तेज रफ्तार बोलोरो जिसमें भारत सरकार भी लिखा हुआ है उसने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर वह गंभीर रूप से घायल हो गए आनन फानन में ग्रामीणों एवं पारिवारिक जनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची तो पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम का माहौल छा गयाद्य इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है वाहन को कब्जे में ले लिया गया है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## रोजगार मेला का आयोजन आज


**रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वावधान में 08 अक्टूबर 2024 को रोजगार मेले का आयोजन पंचशील सम्राट अशोक महाविद्यालय ऊंचाहार, रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित हैं जिसमें निजी क्षेत्र की ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल, बुसा मैनेजमेंट लिमिटेड, भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड, ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन, ग्रीन मैक्स सिस्टम्स बारबेक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड द्वारा डिप्लोमा, आई0टी0आई0, हाईस्कूल इण्टर, स्नातक अभ्यर्थी के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। जिला सेवा योजना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ आई0डी0 मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल http://rojgaarsangam.up.gov.in पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

## सवर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष ने लगाई चौपाल



**रायबरेली।** सवर्ण आर्मी रायबरेली द्वारा संगठन विस्तार के उद्देश्य चलाये जा रहे सवर्ण जोडो अभियान के तहत जिला अध्यक्ष- वृजेन्द्र सिंह फौजी व जिला महासचिव -योगेन्द्र प्रताप ने जगतपुर और ऊंचाहार ब्लाक में सवर्ण समाज के वरिष्ठ व सम्मानित जनों तथा ब्लाक कार्यकारिणी के साथ चौपाल लगाई,चौपाल के दौरान जिला अध्यक्ष- वृजेन्द्र सिंह फौजी द्वारा सवर्ण समाज के लोगों को सवर्ण आर्मी के उद्देश्य को बताते हुयें सभी से सवर्ण आर्मी में जुडने व सवर्ण समाज को एकजुट कर उनके मान-सम्मान,स्वाभिमान व हक और अधिकार के लिये आवाज बुंलद करने आग्रह किया गया,जिस पर चौपाल में मौजूद सवर्ण समाज के वरिष्ठ जनों व युवाओं द्वारा सवर्ण आर्मी को पूर्ण समर्थन व सहयोग का आश्वासन दिया गया तथा सवर्ण समाज के लोगों ने सवर्ण आर्मी की सदस्यता भी ली,जिला अध्यक्ष द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया,इस दौरान सवर्ण आर्मी के जिला उपाध्यक्ष-रुद्रांश ठाकुर,गोपाल तिवारी, जिला सचिव-ऊषाकान्त पांडेय,जगतपुर ब्लाक प्रभारी-राजेन्द्र सिंह अध्यक्ष-अरविन्द सिंह, ऊंचाहार ब्लाक अध्यक्ष-महेन्द्र सिंह,ब्लाक महासचिव- सुनील दुबे,रोहनिंया ब्लाक प्रभारी-आशीष शुक्ला,कोहनियां ब्लाक अध्यक्ष-कुलदीप तिवारी व अजय सिंह सहित अन्य सम्मानित जन व सवर्ण आर्मी के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अभिभावक-शिक्षक बैठक पीएम कंपोजिट विद्यालय कन्या सादुल्लानगर में आयोजित किया गया



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कन्या सादुल्लानगर में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें उपस्थित सदस्यों एवं अध्यापकों की उपस्थिति में कोरम पूरा होने पर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई ।पूर्व बैठक में कार्यवाही अनुसरण किया गया ।बैठक में सामूहिक सहभागिता पर जोर दिया गया ।नियमित उपस्थिति तथा एड्रेस में छात्र छात्राओं का विद्यालय आने पर चर्चा किया गया ।ग्रहकार्य अभिभावको द्वारा करवाने पर चर्चा किया गया। स्वच्छता तथा संचारी रोग वर्तमान समय में डेंगू तथा मलेरिया के बचाव पर चर्चा किया गया ।छात्र छात्राओं के अधिकतम स्तर के आकलन पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मारूफ अहमद सिद्दीकी, अनिता, रेखा देवी, लक्ष्मी गुप्ता, रंजना देवी ,केतकी, रेखा, शहनाज आदि लोग उपस्थित रहे।

## ओ लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर तक

**रायबरेली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा योजना के संचालन हेतु संशोधित समय सारणी के अनुसार योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवक/युवतियों को 10 अक्टूबर 2024 से 30 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन का अवसर प्रदान किया गया है। आवेदन उत्तर प्रदेश, की बेवसाइट https://backwardwelfareup.gov.in पर दिए गए लिंक एवं obecomputertraining.upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर, 2024 तक किया जा सकता है।

# भक्ति रस पर आधारित नवधा का कार्यक्रम 11 को

**बछरावां रायबरेली।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, जिला प्रशासन रायबरेली एवं नवदुर्गा जागरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भक्ति रस पर आधारित नवधा का कार्यक्रम विकास क्षेत्र के श्री बेलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम शेखपुर समोधा थाना बछरावां में आयोजित होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक राकेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह शिरकत करेंगे, वही कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान लखनऊ की अध्यक्षा क्षिप्रा शुक्ला की मौजूदगी में होगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख क्षेत्र पंचायत बछरावां अमन सिंह दऊवा वह जिला पंचायत की अध्यक्षता रंजना चौधरी मौजूद रहेंगी, वहीं कार्यक्रम में अतुल द्विवेदी निदेशक ,उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, हर्षिता माथुर जिला अधिकारी रायबरेली, उत्तर प्रदेश की गरिमामयी उपस्थित रहेगी। साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में कलाकार के रूप में परमहंस चौरसिया लालगंज, सुखदेव दुर्ग छत्तीसगढ़ एवं सुप्रिया सहाय अंबेडकर नगर से कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगाएगी एवं हम सभी क्षेत्रवासियों से यह विशेष अनुरोध करते हैं कि उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर इस कार्यक्रम का आनंद उठाएं और आयोजन समिति को अनुग्रहित करें।

## अंश फैमिली रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन



**महराजगंज रायबरेली।** अंश फैमिली रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उद्घाटन महराजगंज बछरावां रोड निकट बबुरिहा मोड़ के पास भोजनालय का उद्घाटन हुआ। प्रोपराइटर शिवम ने बताया कि हमारे यहां अभी तक नाश्ते की व्यवस्था थी अब खाने-पीने की व्यवस्था रहेगी शुद्ध और शाकाहारी भोजन लोगों को मिलेगा और कीमतों को ध्यान में रखकर सस्ते से सस्ता भोजन लोगों को करवाया जाएगा उन्होंने बताया हमारे यहां थाल स्पेशल थाल सहित भोजन मंगवाने की भी व्यवस्था है ।इस मौके पर भारी संख्या में महाराजगंज के व्यापारी मौजूद रहे।

# जय माँ दुर्गा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में दर्शकों का बच्चों ने मोहा मन

**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**

शारदीय नवरात्र के चौथी रात्रि कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक झाँकी का प्रस्तुतिकरण किया गया जिसमें माँ की भक्ति संगीत में बच्चों ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति पेश की । माँ काली के रूप में मोहल्ले ओम नगर की मुस्कान की प्रस्तुति सराहनीय रही । विगत दो वर्षो से आयोजित होती आ रही माँ दुर्गा सेवा समिति ओमनगर की 9 दिनों की प्रस्तुतियां अपने आप मे अद्वतीय है । समिति द्वारा पूरे 9 दिन की अलग अलग रूपरेखा तैयार की गयी है जिसमे प्रथम दिवस माँ आगमन से शुरू हुआ आयोजन माँ के विसर्जन तक रोज अलग अलग कलेवर में पेश होता आ रहा है उसी कड़ी में चतुर्थ रात्रि में आयोजन स्थल मोहल्ले ओमनगर के बच्चों के द्वारा बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति की गयी । माँ काली का अभिनय कर रही मुस्कान राक्षस बने आशीष हनुमान बने लक्ष्य मिश्र , अद्विका मिश्रा , माही , आदि बच्चों ने अपनी कला से।सभी भक्तों का मन मोहा । माँ दुर्गा पूजा समिति द्वारा कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया आयोजक मंडल द्वारा यह बताया गया कि यह कार्यक्रम पूरे मोहल्ले के सहयोग से होता है जिसमे सभी लोगो की बराबर की सहभागिता रहती है साथ ही यह भी बताया कि आने वाली 8 अक्टूबर दिन मंगलवार को उत्कर्ष बालाजी ग्रुप कानपुर के द्वारा एक झाँकी का आयोजन किया जायेगा जिसमे कलाकारों द्वारा भगवान विष्णु पर प्रस्तुत की जा रही झाँकी प्रमुख होगी ।



## पालिका अध्यक्ष ने की दशहरा स्थल का सनातन धर्म सभा के अधिकारियों के साथ समीक्षा



बलरामपुर। सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित विजयदशमी पर्व पर परेड ग्राउंड कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष दिव्य भव्य के आयोजन से पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने सभी से चर्चा करते हुए प्रकाश, सुरक्षा, समतलीकरण, सफाई आदि के निर्देश दिये गये। सभी से आग्रह किया कि ऐतिहासिक पर्व दशहरा समय से सफल आयोजन हेतु दुर्गा विसर्जन को समय से सम्पन्न कराने को कहा गया। उक्त अवसर पर क्षेत्राधिकारी बृजनंदन राय,प्रभारी निरीक्षक शैलेष कुमार सिंह,सनातन धर्म सभा के उपाध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव,मंत्री संजय शर्मा, नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी उतरौला की सेल्फ डिफेंस और पुलिस पाठशाला से महिलाओं को सशक्त बनाने की नई पहल

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह ने थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र के ग्राम रमवापुर कला और मधपुर में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, साइबर अपराधों, और मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान और नारी सशक्तिकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्हें सेल्फ डिफेंस के तरीके समझाए और आपातकालीन सेवाओं जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112, एंबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्प केयर 1098, साइबर हेल्पलाइन 155260/1930, और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के बारे में जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचने के लिए आधार कार्ड का बायोमेट्रिक लॉक रखने, अनजान एप्स डाउनलोड न करने, और किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी को अनजान लोगों से साझा न करने की सलाह दी गई। इसके अलावा, सोशल मीडिया खातों पर टू-स्टेप वेरीफिकेशन और मजबूत पासवर्ड के महत्व पर भी जोर दिया गया। यदि साइबर ठगी का शिकार हों, तो नजदीकी थाने की साइबर हेल्प डेस्क या भारत सरकार के साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी संजय कुमार दुबे, एंटी-रोमियो टीम हेड कांस्टेबल अनिल यादव, महिला कांस्टेबल रिचा अग्निहोत्री, महिला कांस्टेबल वर्षा सिंह और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सम्मय माता मन्दिर का जीर्णोद्वार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भाजपा नेता संतोष सिंह किया

**सादुल्लानगर /बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

।बिकास खण्ड रेहराबाजार के ग्राम सभा खानपुर कुरूथुवा में स्थित 700वर्ष पुराने सम्मय माता मन्दिर का जीर्णोद्वार करने के लिए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से निर्माण शुरू कर दिया है।वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जीर्णोद्वार करने के लिए मुख्य अथिति भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह पिंकू सिंह ने पांच ईट स्थापित कर निर्माण का शुभारंभ किया।

मन्दिर के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि उक्त सम्मय माता मन्दिर का निर्माण लगभग 700 वर्ष पूर्व थारू जनजाति के द्वारा किया गया था। समय समय पर ग्राम सभा के सहयोग से थोड़ा निर्माण हुआ था।जो काफी जर्जर हो गया है। ग्रामीणों के सहयोग से मन्दिर का जीर्णोद्वार कार्य करने के लिए शुरूवात कर दिया गया है !इस अवसर राजकुमार गुप्ता, गुरचरण ,वीरेंद्र वर्मा, सतीश शुक्ला, शेषनारायण उपाध्याय, पिंकू श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला ,रमेश गुप्ता ,आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



# स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी, अवैध नर्सिंग होमों का साम्राज्य और मरीजों की सुरक्षा पर सवाल

**उतरौला (बलरामपुर)।** स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते बलरामपुर जिले में अवैध नर्सिंग होमों का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला उतरौला स्थित रजा नर्सिंग होम का है, जहां प्रसव के दौरान एक नवजात की मृत्यु हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

परिजनों का कहना है कि नवजात की मौत के बाद डॉक्टर ने शव को देने से मना कर दिया और दावा किया कि उन्होंने बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया है। इस घटना ने इलाके में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है, क्योंकि प्राइवेट नर्सिंग होमों में प्रसव के दौरान हो रही मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। नर्सिंग होम संचालक से जब संपर्क किया गया, तो उन्होंने आरोपों को झूठ और निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। वहीं, इस मुद्दे पर सीएमओ बलरामपुर और अपर सीएमओ चिकित्सा अधीक्षक उतरौला सीपी सिंह ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रश्न उठता है कि स्वास्थ्य विभाग बलरामपुर कब इन अवैध नर्सिंग होमों के खिलाफ ठोस कदम उठाएगा? क्या ये नर्सिंग होम ऐसे ही फलते-फूलते रहेंगे, या विभाग इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करेगा? अवैध नर्सिंग होमों के बढ़ते मकड़जाल ने मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मिशन शक्ति 0.5: छात्राओं को दी गई योजनाओं की जानकारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर ÷मिशन शक्ति÷ फेज-05 के अन्तर्गत विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तुलसीपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं प्र0 सेन्टर मेनेजर, वन स्टॉप सेन्टर बलरामपुर द्वारा नवजात जन्मी 28 बालिकाओं की माताओं को बधाई पत्र, बेबीकिट, बच्चों हेतु कपड़ा एवं मिष्ठान वितरित करने के साथ ही बेटियों के नाम से 12 वृक्षों को लगाया गया। बालिकाओं की माताओं द्वारा बधाई पत्र, बेबीकिट, बच्चों हेतु कपड़ा एवं मिष्ठान प्राप्त कर हर्ष व्यक्त किया गया।



इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय विशुनापुर, जनपद-बलरामपुर में बाल विवाह आदि कुरीतियों को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है तथा बताया गया कि जनपद बलरामपुर में यदि कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है तो जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टॉप सेन्टर, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्डलाइन एवं सम्बन्धित थाने तथा 112 पर इसकी सूचना दे सकते हैं। जिससे कि बाल विवाह करने वाले के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके। महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारें में भी बताया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, तुलसीपुर एवं अन्य कार्मिक, प्रथामिक विद्यालय विशुनापुर, प्रधानाचार्य एवं अन्य अध्यापकगण तथा श्रीमती कविता पाल, प्रभारी सेन्टर मैनेजर, वन स्टॉप सेन्टर, श्रीमती मधू वर्मा सा0का0, सना पैरामेडिकल नर्स, वन स्टॉप सेन्टर, श्री बद्री विशाल, परामर्शदाता, जिला बाल संरक्षण इकाई बलरामपुर एवं आदि जन-सामान्य उपस्थित रहें।

## झारखंड में भाजपा के लिए एक नई चुनौती

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के रिजल्ट से पहले भाजपा झारखंड को लुभा लेना चाहती है। 8 अक्टूबर को क्या होगा इसका शायद उसे अंदाजा है। इसलिए उसने पंचप्रण के नाम से झारखंड में घोषणाओं की बौछार कर दी। मजेदार बात यह है कि यह ऐसी घोषणाएं हैं जो वह पहले दूसरे राज्यों में भी कर चुकी है। मगर जीतने के बाद भूल भी गई। नाम रखने में तो वह माहिर है। सूरदास का नाम नयनसुख रख सकती है। तो लक्ष्मी जोहार के नाम से पांच में एक योजना 500 रुपए में गैस सिलेंडर है। राजस्थान में यह वादा था। मगर किसी महिला को नहीं मिला। इसी योजना जिसे बहुत बड़ा नाम प्रण कहा गया है, में दो सिलेंडर मुफ्त देने का भी वादा है। अभी अमित शाह ने तो कश्मीर में ईद और मोहर्रम पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की थी। वहां तो अभी रिजल्ट आना है। मगर देखा जाए तो इसका रिजल्ट से क्या ताल्लुक? गैस सिलेंडर तो केन्द्र सरकार के क्षेत्राधिकार में है। अमित शाह को देना चाहिए। लेकिन आज तक किस राज्य में बीजेपी की सरकार मुफ्त सिलेंडर दे रही है और कहां 500 रुपए में? हरियाणा, जम्मू-कश्मीर का नतीजा आने दीजिए लोग अब यह सवाल पूछेंगे। लोगों में डर खत्म हो रहा है। दूसरी मजेदार घोषणा है सुनिश्चित रोजगार! यह वादा करने से पहले वे भूल गए कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में जैसा एक्जिट पोल कह रहे हैं, वैसा ही रिज्ल्ट आया, तो इसका सबसे बड़ा कारण रोजगार ही होगा। दोनों जगह दस साल से इनकी सरकार थी। मगर एक नौकरी नहीं दी। न केन्द्र में न राज्य में। और जो नौकरियां थीं सेना में उसे भी खत्म करके अग्निवीर की बिना पेंशन और सिर्फचार साल की बना दी। बाकी सुरक्षा बलों में भी भर्ती बंद है। हरियाणा के साथ जम्मू का युवा भी सेना और सुरक्षा बलों में सबसे ज्यादा जाता था मगर अब उसका वह रास्ता भी बंद कर दिया। लेकिन यहां झारखंड में वे नौकरियों की घोषणा नहीं बल्कि प्रण कर रहे हैं। यह बड़े-बड़े शब्द भोले, सरल लोगों को कितनी पीड़ा पहुंचाते हैं इसका बीजेपी को अंदाजा नहीं है। हम टिहरी उत्तराखंड का वह दिन कभी नहीं भूल सकते जब टिहरी डेम में पानी छोड़ा जा रहा था और टिहरी नगर डूब रहा था। तब औरतें रो-रोकर कह रही थीं कि- भाजपा के नेताओं ने हमारे हाथ में गंगाजल देकर यह संकल्प करवाया था कि टिहरी नहीं छोड़ेंगे। अब क्या होगा हमारे संकल्प का? पुलिस हमें यहां से ले जा रही है। केन्द्र में वाजपेयी की सरकार थी। टिहरी डेम केन्द्र सरकार का ही प्रोजेक्ट था। हमने दिल्ली वापस लौटकर भाजपा के नेताओं से पूछा कि बाकी सब ठीक है। मगर महिलाओं से ऐसा संकल्प क्यों करवाते हैं जिसे पूरा न कर सकें। और वे जीवन भर अपराधबोध से ग्रस्त रहें। कोई जवाब नहीं था। बस फ़र्क इतना था कि उल्टे हमसे कोई सवाल नहीं पूछने लगा था। आज तो आप किसी से यह कह दो वह उल्टा आप पर ही आरोप लगाने लगता है। मगर खैर लोकसभा में साधारण बहुमत भी न मिलने और अब हरियाणा. जम्मू-कश्मीर में हार की आहट से भाजपा के लोगों और उसकी गोदी मीडिया की उग्रता में कमी आई है और जनता के बीच डर का माहौल कम हुआ है। चुनाव नतीजों का अगर ऐसा ही ट्रेंड चलता रहा तो जल्दी आप देखेंगे कि जैसे वादे झारखंड में भाजपा ने किए हैं उन पर फिर जनता ही सीधे सवाल पूछने लगेगी कि भाईसाहब क्या आपने बिल्कुल ही बेवकूफ समझ लिया है? जैसे एक और प्रण है गोगो दीदी योजना। गोगो संथाली में मां को कहा जाता है। इसके फार्म भरवाना भी भाजपा ने शुरू कर दिए।

# आपदाओं से निपटने में सरकारी तंत्र पहले से कितना बेहतर

**डॉ. रमेश ठाकुर**

प्राकृतिक आपदा कब आ जाए, कुछ नहीं पता। देश में पूरे साल कहीं न कहीं कुदरत का रौद्र रूप कहर बरपाता रहता है। बिहार का मिथिला क्षेत्र इस वक्त बाढ़ से प्रभावित है। असम में तेज बारिश ने कमोबेश कुछ वैसी ही स्थिति उत्पन्न की हुई है। सवाल उठता है कि इस तरह की आपदा से निबटने के लिए हमारा सिस्टम पहले से कितना बेहतर हुआ या आत्मनिर्भरता के शोर में कुछ फीका पड़ गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सरकारी तंत्र के अलावा आमजन को भी आगे आने की जरूरत है। सिर्फ एनडीआरएफ और अन्य राहत-बचाव दलों के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में विभिन्न किस्म की प्राकृतिक घटनाओं में सरकारी तंत्र ने डेढ़ लाख से अधिक लोगों को बचाया और 8 लाख लोगों तक राहत एवं बचाव कर उन्हें आपदाग्रस्त क्षेत्रों से बाहर निकालने का काम किया। अचानक आई आपदा से निपटने के लिए हमारा तंत्र पूरी तरह एनडीआरएफ पर निर्भर है। क्योंकि ये विभाग भरोसे का प्रतीक बन गया है। एनडीआरएफ भारत ही नहीं बल्कि देश के बाहर भी सेवाएं देने से पीछे नहीं हटता। फिर चाहे वह वर्ष-2015 में नेपाल में आया विनाशकारी भूकंप हो या साल 2023 में तुर्किये का भूकंप। हर जगह एनडीआरएफ दल के कर्मी वहां भगवान का दूत बनकर खड़े दिखाई दिए।

आपदाएं किसी को बताकर नहीं आती लेकिन अब ऐसे बहुत से साइंटिफिक संसाधन मौजूद हैं, जिससे हम प्राकृतिक आपदाओं का समय रहते आकलन और बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। साल-2005 के बाद से सरकारी स्तर पर हालात बदले और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अथवा एनडीआरएफ का गठन किया गया। एनडीआरएफ के गठन के बाद से प्राकृतिक ही नहीं मानव जनित आपदाओं के प्रबंधन की दशा भी बेहतर हुईं। अब संकट के समय अलग अतिरिक्त बल है जिसके पास अलग-अलग तरह के संकटों से निपटने की क्षमता और दक्षता दोनों है।



**बहरहाल, एनडीआरएफ और इनके जैसी संस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक मदद और दीर्घकालिक सहायता दोनों चाहिए होती है। दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास समय होता है। पर, जो तात्कालिक मदद चाहिए, वह इतना त्वरित और प्रभावी होनी चाहिए कि आपदा का जनजीवन पर न्यूनतम असर हो। इसमें न केवल उनके जानमाल की रक्षा बल्कि कई बार उनके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था भी देनी होती है। इसीलिए एनडीआरएफ को त्वरित गति से सक्रिय करने के लिए केंद्र ने कई अहम निर्णय लिए हैं जो सराहनीय है। एनडीआरएफ को और सशक्त बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं। आपदा प्रबंधन करने वाली कोई सरकारी संस्था ये मानकर नहीं चल सकती कि कुछ लोग तो मरेंगे ही। जब किसी संस्था के सामने ये लक्ष्य होता है कि हम आपदा में किसी एक की भी जान नहीं जाने देंगे, तो उनकी कार्यशैली अलग होगी। यह रक्षा दलों में जो आत्मविश्वास पैदा करता है उसके कारण उनकी सक्रियता ज्यादा तेज और जीवनोपयोगी हो जाती है। केरल के वायनाड में बादल फटने से हुई भारी बारिश के बाद जो तबाही आई, उसमें एनडीआरएफ का राहत एवं बचाव कार्य सभी ने देखा।**

बहरहाल, एनडीआरएफ और इनके जैसी संस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक मदद और दीर्घकालिक सहायता दोनों चाहिए होती है। दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास समय होता है। पर, जो तात्कालिक मदद चाहिए, वह इतना त्वरित और प्रभावी होनी चाहिए कि आपदा का जनजीवन पर न्यूनतम असर हो। इसमें न केवल उनके जानमाल की रक्षा बल्कि कई बार उनके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था भी देनी होती है। इसीलिए एनडीआरएफ को त्वरित गति से सक्रिय करने के लिए केंद्र ने कई अहम निर्णय लिए हैं जो सराहनीय है। एनडीआरएफ को और सशक्त बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं। आपदा प्रबंधन करने वाली कोई सरकारी संस्था ये मानकर नहीं चल सकती कि कुछ लोग तो मरेंगे ही। जब किसी संस्था के सामने ये लक्ष्य होता है कि हम आपदा में किसी एक की भी जान नहीं जाने देंगे, तो उनकी कार्यशैली अलग होगी। यह रक्षा दलों में जो आत्मविश्वास पैदा करता है उसके कारण उनकी सक्रियता ज्यादा तेज और जीवनोपयोगी हो जाती है।

केरल के वायनाड में बादल फटने से हुई भारी बारिश के बाद जो तबाही आई, उसमें एनडीआरएफ का राहत एवं बचाव कार्य सभी ने देखा। वहीं, केंद्र सरकार ने भी बिना राजनीतिक भेदभाव किए लोगों को बचाया और प्रत्येक परिस्थितियों पर नजर रखी और हरसंभव मदद पहुंचाई। होना भी यही चाहिए। आपदाओं के वक्त ये नहीं देखना चाहिए कि प्रदेश में किस दल की सरकार है। वहां तकाजा सिर्फ मानवता का होना चाहिए। गौरतलब है कि आपदाओं के वक्त कई बार ऐसा होता है कि घटना इतनी बड़ी हो जाती है कि अकेले एनडीआरएफ नहीं संभाल सकता। जैसे, गुजरात भूकंप, त्रिपुरा या केरल में आई बाढ़। उस समय पहले की तरह सैन्य बलों और स्थानीय राहत एवं बचाव कर्मियों के बीच समन्वय करते हुए एनडीआरएफ इस काम को अंजाम देता है।

कारण है कि गृहमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आपदाओं को लेकर अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया जाए, ताकि ऐसी स्थितियों में आमजन भी एनडीआरएफ कर्मी का सहयोग करें। लोगों का अगर रक्षा एवं बचाव दलों के साथ समन्वय होगा, तो परिणाम और अच्छे निकलेंगे। केंद्र सरकार ने हाल ही में एनडीआरएफ की पोशाक में बदलाव किया है। इसके कर्मचारी अब भगवा रंग में दिखने लगे हैं। आपदाओं के वक्त इनके आने से लोग समझ जाते हैं कि हालात नियंत्रण में आ जाएंगे।

यही भरोसा किसी भी आपदा रक्षा बल की ताकत होता है। फिर भी 140 करोड़ के देश में प्रकृति से अधिक मानव निर्मित आपदाएं आती ही रहती हैं, जिसमें 16,000 जवानों वाले एनडीआरएफ ने जिस प्रकार से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है उसके कारण आज भारत आपदाओं से बचाव में आत्मनिर्भर दिखने लगा है। पिछले साल नवंबर में उत्तराखंड के टनल हादसे में जिस प्रकार एनडीआरएफ की अगुवाई में राहत एवं बचाव कार्य किया गया, वह आपदाकालीन परिस्थितियों में राहत व बचाव कार्यों के क्षेत्र में दुनिया के लिए मिसाल बन गया। भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण हर जगह हिमस्खलन, भूस्खलन, बाढ़ और तूफान जैसे खतरे बढ़ने वाले हैं। जिसे देखते हुए केंद्र सरकार ने पृथ्वी मंत्रालय का गठन कर वैज्ञानिक सूचनाओं का सहारा लेकर जीरो कैजुअल्टी के लक्ष्य की ओर मजबूती से कदम बढ़ाया है। केंद्र सरकार ने एनडीआरएफ को और मजबूत बनाने के लिए अधिक धन भी आवंटित किया है।

देश ही नहीं विदेशों में भी जब कोई बड़ी आपदा आती है तो एनडीआरएफ को याद किया जाता है। निश्चित रूप से 20 साल से कम समय में एनडीआरएफ ने आपदा में बचाव का जो रिकॉर्ड बनाया है, उसमें वर्तमान केंद्र सरकार की स्पष्ट नीति और बल को सशक्त बनाने के लिए किया जाने वाला उपाय शामिल है।

## विचार

# बेहद शक्तिशाली हो चुकी है भारतीय वायुसेना

**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय वायुसेना (8 अक्टूबर स्थापना दिवस)



भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 92वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष इस विशेष अवसर पर वायुसेना अपने शौर्य और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस बार अपने 92वें स्थापना दिवस से पहले भारतीय वायुसेना ने 6 अक्तूबर को चेन्नई के मरीना बीच पर भव्य एयर शो का आयोजन किया, जिसमें राफेल, मिग-29, तेजस, सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स सहित वायुसेना के कुल 72 विमानों ने अपनी ताकत और कुशलता का प्रदर्शन किया और जांबाज वायुवीरों ने भी अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। आसमान में वायुवीरों के प्रदर्शनों को देखकर हर कोई रोमांच से भर उठा।

एयर शो का सबसे प्रमुख आकर्षण रहा ऐतिहासिक विरासत के रूप में दिखाया गया प्रथम विश्वयुद्ध में इस्तेमाल हुआ हार्वर्ड टी-6जी टैक्सन एयरक्राफ्ट, जिसे भारतीय वायुसेना ने वर्ष 1974 तक ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया था। राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे फाइटर जेट्स, सारंग, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (प्रचंड), एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) जैसे हेलीकॉप्टर तथा सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक, जगुआर इत्यादि अन्य एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना की अभेद्य ताकत बन चुके हैं। भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर हर साल एयर शो आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य न केवल पूरी दुनिया को भारत की वायुशक्ति से रूबरू कराना है बल्कि युवाओं को वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थर्राते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं।

**भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है।**

मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थर्राते हैं। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स'। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' का नाम बदलकर 'इंडियन एयरफोर्स' कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी 'वेस्टलैंड' द्वारा निर्मित 'वापिती-2ए' था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

## तिरुपति लड्डू पर चंद्रबाबू और पवन की नये तरह की रथयात्रा

**सुशील कुट्टी**

तिरुपति के लड्डू सर्वोच्च न्यायलय के आदेश पर नियुक्त जांचकर्ताओं की एक मिलीजुली टीम के मुंह में हैं। टीम में दो सीबीआई अधिकारी शामिल हैं। क्या इससे तिरुपति-तिरुमाला के भगवान वेंकटेश्वर को न्याय मिलने में तेजी आयेगी? टीम इसमें कितनी और कब तक सफ्ल हो पायेगी? इस पर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, क्योंकि पिछ्ले कुछ समय से सीबीआई की छवि बहुत खराब हो गई है। तिरुपति के लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किये गये घी में गोमांस की चर्बी, मछ्ली का तेल और सूअर की चर्बी मिला हुआ पाया गया, जैसा कि एक जांच रपट के आधार पर दावा किया गया है, हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने अभी उसे पुख्ता प्रमाण नहीं माना है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू ने इस खोज को भगवान वेंकटेश्वर के संकेत के रूप में लिया और अपने पूर्ववर्ती जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ अभियान शुरू किया, जिसमें उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण सनातन धर्मावलंबियों की सेना का नेतृत्व कर रहे हैं।

यह सेना गाय को कूड़े के ढेर और प्लास्टिक के कचरे के लिए छोड़ देगी, लेकिन गोमांस सहित किसी भी गोमांस से कभी कोई लेना-देना नहीं रखेगी। यह आस्था का मामला है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। शायद यह तमिलनाडु के नये उप-मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के लिए संदेश हो, जिनके सनातन धर्म के खिलाफ कटु आलोचना से राजनेताओं और चिकित्सकों दोनों के ही समुदाय वाकिफ हैं। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय को आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण के बारे में ज्यादा चिंता रही होगी, जो सनातन धर्म को अपने भगवा रंग में पहनते हैं। पवन कल्याण और उदयनिधि स्टालिन दोनों ही अभिनेता-राजनेता हैं। वे टॉलीवुड और कॉलीवुड में अपने फिल्मी करियर के दौरान देवताओं को राजनीति के साथ मिलाते रहे हैं। कल्याण के टॉलीवुड में इसकी शुरुआत एनटी रामाराव के मुख्यमंत्री बनने से हुई, क्योंकि उनके धार्मिक-फिल्मी अभिनय ने उन्हें जनता की नजर में देवता बना दिया था। तमिलनाडु में एमजीआर सबसे आगे थे। तिरुपति तिरुमाला मंदिर ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। इन अभिनेताओं का करियर तिरुपति मंदिर में चढ़ाये गये प्रसाद के बल पर तेजी से आगे बढ़ा।

पवन कल्याण जैसे किसी व्यक्ति ने हजारों-हजारों तिरुपति लड्डू चढ़ाये होंगे। उदयनिधि स्टालिन ने शायद ऐसा नहीं किया होगा, क्योंकि वे एक अलग राजनीतिक ढांचे से बने हैं। यही वह बात है, जिस पर सारा विवाद है। यह इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच का मामला है। क्या राजनेता वास्तव में इस बात की परवाह करते हैं कि तिरुपति लड्डू बनाने में क्या-क्या होता है? शायद इसीलिए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि देवताओं को राजनीति में न लाया जाये, जैसे कि देवता असहाय हों। पवन कल्याण का मानना है कि श्हांश, हिंदू देवता असहाय हैं। भगवान वेंकटेश्वर और उनके भक्तों को खिलाये गये लड्डू का हश्र देखिए। तिरुपति के लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले घी जैसी महत्वपूर्ण चीज भी बेअसर हो गई है और भगवान कुछ भी नहीं कर सकते। कोई आश्चर्य नहीं कि पवन कल्याण इतने भड़के हुए हैं और हथियार उठा रहे हैं। अपने उत्साह और भक्ति में, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने तिरुपति के लड्डू के इर्द-गिर्द शोर मचा दिया है। तिरुपति के लड्डू के इर्द-गिर्द आक्रोश को सनातन धर्म की संपूर्णता तक फैला दिया है और इस प्रक्रिया में, अपने हिंदू-द्वेषी तमिलनाडु के समकक्ष, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन को निशाना बनाया है। प्रतिक्रिया ठंडी थी। द्रमुक की ओर से कहा गया कि वह पार्टी श्किसी भी धर्म या विशेष रूप से हिंदू धर्म के बारे में बात नहीं करता हैश, लेकिन श्जाति अत्याचार, अस्पृश्यता और जाति पदानुक्रम के खिलाफ बात करना जारी रखेगा। उपमुख्यमंत्रियों की लड़ाई में, यह इसे खत्म करने में मदद नहीं करता है। पवन कल्याण का कहना है कि तिरुपति के लड्डू में मिलावट श्हिमशैल की नोक है और भ्रष्टाचार की जांच निष्कर्ष तक होनी चाहिए। पवन कल्याण ने पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी पर निशाना साधने से पहले ही रोक लगा दी। उनकी मौखिक मिसाइलें केवल तमिलनाडु के नेता के लिए थीं, जो कहते हैं कि सनातन धर्म एक वायरस की तरह है।



## राशिफल

**मेषः-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा।

**बृषभः-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुनः-** नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**कर्क :-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतः इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कायरे को समय से पूर्ण करें।

**सिंहः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी।

**कन्याः-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

**तुलाः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा।

**धनुः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकरः-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तणररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः-** महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीनः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

# मुइज्जू को आखिर आना पड़ा दिल्ली की शरण में

**बिक्रम उपाध्याय**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू दिल्ली में हैं और छह महीने के भीतर उनकी यह दूसरी भारत यात्रा है। जून में वह प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे शपथग्रहण समारोह में आए थे। लेकिन ताजा यात्रा का उदेश्य दूसरा है। इस बार मुइज्जू बड़ी उम्मीद और याचना के साथ आए हैं। वह भारत से अपने देश के आर्थिक संकट से निबटने के लिए मदद मांगने आए हैं। यह वही मुइज्जू हैं जो राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए भारत के खिलाफ अभियान लेकर मैदान में उतरे थे। मालदीव की रक्षा के लिए वहाँ ठहरे भारतीय सैनिकों को अपने देश से निकाल बाहर करने की जिद ठान कर मुइज्जू ने संबंधों में गांठ डाल दी थी।

चीन को खुश करने के लिए मुइज्जू और उनके कुछ मंत्री प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपशब्द बोल रहे थे। अब वही मुइज्जू उम्मीद कर रहे हैं कि भारत उनको करोड़ों डॉलर के बेलआउट पैकेज दे दे, क्योंकि चीन अपनी आदत के अनुसार मुइज्जू को भी ठेंगा दिखा चुका है। चीन अपने कथित दोस्तों को भी भारी सूद पर पैसा देता है और स्थिति यह है कि मालदीव कर्ज की वर्तमान देनदारी को भी देने की स्थिति में नहीं है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि मालदीव डिफ़ॉल्ट की कगार पर पहुँच गया है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 440 मिलियन डॉलर (334 मिलियन) रह गया है। यानी आने वाले दिनों में मालदीव जरूरी आयात के भुगतान के लिए भी संघर्ष करेगा।



मुइज्जू ने दिल्ली रवाना होने से पहले बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत, मालदीव की वित्तीय स्थिति से पूरी तरह वाकिफ है और उन्हें उम्मीद है कि उनके बोझ को कम करने के लिए नई दिल्ली बेहतर विकल्प और समाधान देने को तैयार होगा। नई दिल्ली के प्रति मुइज्जू का यह लहजा बताता है कि अपने चुनाव अभियान के दौरान जो रुख उन्होंने भारत के प्रति दिखाया था, उससे उनको अब शर्मिंदगी महसूस हो रही है। ÷भारत को बाहर करो÷ की उनकी पुरानी नीति अब जरूरत पड़ते ही बदल गई है। इसीलिए अब वह अफसोस के साथ कह रहे हैं कि किसी भी मतभेद को खुले संवाद और आपसी समझ के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है।

मुइज्जू के भारत के प्रति बदले सुर के पीछे असली वजह है मालदीव का आर्थिक संकट। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग घटा दी है और डिफ़ॉल्ट जोखिम बढ़ने की ओर इशारा भी किया है। अब मुइज्जू के सामने दो ही विकल्प हैं- या तो वह डिफॉल्ट से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम में जाए या फिर किसी दोस्त मुल्क से बेल आउट पैकेज के लिए निवेदन करें। मूडीज के अनुसार मालदीव को 2025 में लगभग 600 मिलियन और 2026 में 1 बिलियन से अधिक की रकम ऋण के पुनर्भुगतान और ब्याज सेवा के लिए चाहिए। मुइज्जू सरकार के लिए इस संकट से उबरने के लिए धन जुटाना आसान नहीं है। तभी तो मुइज्जू दिल्ली की यात्रा पर आए हैं। चूंकि भारत ने पहले भी मालदीव को विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए 1.4 बिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता की पेशकश की थी इसलिए मुइज्जू को उम्मीद भारत से ही है।

उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में मुइज्जू जब सत्ता में आए थे तो कुछ ही समय में मालदीव और भारत के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे और उसके एकमात्र जिम्मेदार खुद मुइज्जू थे। पदभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने भारत के बजाय तुर्की और चीन से दोस्ती को ज्यादा अहमियत दी थी। वह उन दोनों देशों की यात्रा पर गए। उन्होंने भारत का अपमान करने का रास्ता चुना। यही नहीं, मालदीव के तीन अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में व्यक्तिगत अपमानजनक टिप्पणी की। मुइज्जू ने भारत द्वारा दिए गए दो बचाव और टोही हेलीकॉप्टरों और एक डोर्नियर विमान के रखरखाव व संचालन के लिए वहां तैनात लगभग 80 सैनिकों को वापस बुलाने का अल्टीमेटम भी भारत को दिया। दूसरी तरफ भारत ने संबंधों की मर्यादा रखते हुए विमान को संचालित करने के लिए सैनिकों की जगह भारतीय नागरिक तकनीकी कर्मचारियों को रखने पर सहमति जताते हुए मालदीव के साथ नए समझौते पर सहमति भी दे दी।

भारत को नीचा दिखाने के लिए मुइज्जू ने भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू करने से मना कर दिया और चीनी अनुसंधान जहाज, जियांग यांग होंग 3 को बंदरगाह पर आने की अनुमति दे दी। चीनी जहाज के मालदीव बंदरगाह पर आने से नया तनाव पैदा हुआ। मुइज्जू के इन फैसलों के पीछे सिर्फ यह सोच थी कि मालदीव में दिल्ली के प्रभाव को कम किया जाए और प्रतिद्वंद्वी चीन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने पर जोर दिया जाए। बावजूद इसके भारत सरकार ने संयम से काम लिया, लेकिन भारतीय नागरिकों ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई। मालदीव के इस वैमनस्य भाव का जवाब देते हुए भारतीय पर्यटकों ने एक तरह से मालदीव का बहिष्कार कर दिया। मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई और उनकी पर्यटन की कमाई एकदम से आधी हो गई। मालदीव को बीजिंग के करीब लाने के मुइज्जू के प्रयासों के बावजूद चीन से वित्तीय सहायता मालदीव को नहीं मिल रही।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# बौखर से झबरा मार्ग मामला डिप्टी सीएम के दरबार में पहुंचा

**करोड़ों रुपये से बनी सड़क एक साल में ही हो गयी ध्वस्त, डिप्टी सीएम ने टेक्नीकल जांच कराने का दिया आश्वासन**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सरीला क्षेत्र के बौखर से झबरा संपर्क मार्ग मात्र दो किलोमीटर दूरी की करोड़ो से निर्मित सड़क एक साल बाद ही पूरी तरह तरह ध्वस्त हो गयी है लोनिवि दिवतीय के एक्शियन सडक ध्वस्तीकरण में ओवरलोड को दोषी ठहरा रहे है। इस मामले की जानकारी आज सरीला क्षेत्र के लोगो ने सीधे डिप्टी सीएम वृजेश पाठक के यहा जाकर पूरी पीड़ा विस्तार से बतायी है।

जानकारी के मुताबिक बौखर से झवरा लिंक मार्ग एक साल में ही जवाब दे गया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। घटिया सामग्री लगाने से सडक समय से पहले ही टूट कर नष्ट हो गयी है। सरीला क्षेत्र के प्रसिद्ध आईटीआई कार्यकर्ता और ग्राम अमूंद निवासी जयनारायण वर्मा ने सूबे के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और शासन के अधिकारियों को बताया कि लोक निर्माण विभाग खंड 2 हमीरपुर के अधिशासी अभियंता डीपी वर्मा ठेकेदारों से मिली भगत कर घटिया निर्माण से सड़क मार्ग को निर्मित करवाते हैं और बिना स्थलीय निरीक्षण और सत्यापन के बिना नियम विपरीत जाकर शासन के धन का दुरुपयोग निरंतर किया जा रहा है उन्होंने बताया



कि जब उन्होंने ग्राम बौखर आश्रम से झबरा संपर्क को एक वर्ष पूर्व बने लिंक मार्ग के घटिया निर्माण की शिकायत समाधान दिवस सरीला में की तो उन्हें ठेकेदार की गुर्गो ने धमकाया आज उन्होंने लखनऊ पहुंचकर लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय निर्माण भवन में विभाग अध्यक्ष और मुख्य अभियंता सहित उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर घटिया निर्माण करने और शासन का करोड़ों रुपए बंदरबांट करने वाले कार्यदाई संस्था के ठेकेदार पर कार्यवाही और घटिया निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था को विभाग से ब्लैक लिस्ट करने सहित अधिशासी अभियंता और ठेकेदार की मिली भगत से हुए नियम विपरीत करोडो के भुगतान पर शासन से तकनीकी टीम गठित कराकर जांच और संबंधित दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांगकी है। उपमुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर से तकनीकी टीम बनवाकर जाँच कराये जाने की बात कही है। इस मामले में सीडी दो के अधिशासी अभियंता डीपी वर्मा ने बताया कि सड़क ओवरलोड के चलते खराब हो गयी है इसके लिये वह कुछ भी नही कर सकते है।

### अक्सर समय से पहले नष्ट हो जाती हैं निर्माण खंड दिवतीय की सड़कें, ओवरलोड का बहाना

**हमीरपुर।** लोनिवि के निर्माण खंड दिवतीय की सड़के अक्सर समय से पहले ही नष्ट हो जाती है मगर हर मर्तवा एक्शियन ओवरलोड का बहाना बनाकर अपना पल्ला झाड़ लेते है। जबकि हकीकत यह है कि यदि इस विभाग की तकनीकि जांच करा ली जाये तो सारी हकीकत सामने आ जायेगी। एक्शियन डीपी वर्मा कभी भी अपने दफ्तर में नही बैठते है जिससे जनता आज तक इनसे शिकायत ही नही कर पाती है। यही नही फरियादी जब भी इनसे मिलने आते है तो दफ्तर में ताला बंद रहता है। ज्यादातर काम एक्शियन घर में रहकर करते है जिससे लोग निराश होकर चले जाते है जबकि शासन के सख्त आदेश है कि हर अधिकारी दस से बारह बजे तक बैठकर जनता की शिकायते सुनेगा मगर यह आदेश न्र्मिाण खंड दिवतीय पर कभी लागू नही होता है। यही नही एक्शियन जनप्रतिनिधियों को तो फूटी आंखो नही देखना चाहते है।

## दहेज न मिलने से ससुरालियों ने महिला को घर से निकाला

**राठ(हमीरपुर)।** दहेज में एक लाख रुपए व आपचे बाइक दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कस्बे के चरखारी रोड सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी माहनूर पुत्री सादिक ने बताया कि उसका निकाह 20 नवंबर 23 को छतरपुर के गढ़ी मलेहरा थाने के कुर्रहा गांव निवासी समीर खान पुत्र हसीर के साथ हुआ था। शादी में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज सहित 50 हजार रुपए दिए थे।अपाचे बाइक सहित एक लाख रुपए की मांग करने लगे। पिता द्वारा मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। इसकी जानकारी जब पिता को दी तो वह अपने रिश्तेदार गुलामनबीए अजीम मोहम्मद के साथ ससुराल कर्रहा आए और ससुरालियों से आरजू मिन्नतें की। जब वह गर्भवती हुई तो पति ने गोली खिला दी। बताया कि 13 अप्रैल 24 को पति समीर सास राबियाए ससुर हसीरए ननद मुस्कानए महक और देवर अक्कू ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाना मलेहरा में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। पिता ने कई बार पंचायत की। पति सभी दूसरा निकाह करना चाहते हैं। पिता दहेज देने में असमर्थ है और दहेज न मिलने पर ससुराल वाले जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। एसपी के आदेश पर पुलिस ने ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

## खबरें एक नजर में

### तालाब में डूबने से मासूम की मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के घटकना गाव में एक मासूम की तालाब में डूबकर की मौत हो गई। परिजन आनंन-फानन तालाब से निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया क्षेत्र के घटकना गांव निवासी अधिराज सिंह( 4) पुत्र अजीत सिंह बच्चों के साथ खेलते खेलते तालाब में चप्पल चलें जाने पर सीढियो से उतरकर चप्पल निकालते समय पानी में समा गया हम उम्र के साथियों ने परिजनों को सूचना दी परिजन अधिराज सिंह को पानी से निकालकर कस्बे की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजन रोने बिलखने लगे गांव में शोक लहर दौड़ गई। ग्राम प्रधान प्रभात यादव ने बताया कि अजीत के दो लड़के हैं जिसमें छोटे लड़के की तालाब में डूब कर मौत हो गई जिसका परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने जानकारी होने से इनकार कर दिया।

### आत्महत्या का किया प्रयास

**मौदहा, हमीरपुर।** अज्ञात कारणो से एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की परिजनों ने आनंन.फानन प्राथमिक इलाज हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी रीति बाबू उम्र तीस वर्ष पुत्र परवेंद अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया परिजनों ने हालात बिगड़ने पर आनंन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### नवजात बच्ची के मिलने से सनसनी

**राठ (हमीरपुर)।** सोमवार की सुबह कचड़े में एक नवजात बच्ची मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु को सीएचसी में भर्ती कराया गया। पीआरवी के हेड कांस्टेबल अतुल कुमार ने बताया कि सोमवार की तड़के चार बजे सूचना मिली की नहर बाईपास सैना रोड पर एक नवजात शिशु कपड़े में लपटा पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु को सीएचसी में भर्ती कराया। बताया कि आधा घंटे तक सीएचसी में कोई भी चिकित्सक नहीं मिला। आधा घंटे बाद जब चिकित्सक आए तो उन्होंने महिला अस्पताल में उसे भर्ती कराया है। हेड कांस्टेबल ने बताया कि नवजात बच्ची एक कपड़े में लिपटी कचड़े के ढेर में पड़ी थी। सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ हैं। हमीरपुर से चाइल्ड लाइन की टीम जांच करने के लिए आ रही है।

### टायर फटने से ट्रक पलटा, खलासी व चालक भर्ती


**राठ (हमीरपुर)।** रीवा के अंगुल से लोहे की प्लेट लेकर आ रहा ट्रक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में चालक सहित खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपीडा एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। जनपद औरैया के थाना साहिल अंतर्गत वनपुरवा गांव निवासी ट्रक चालक 26 वर्षीय हिमांशु पुत्र हरिओम ने बताया कि वह रीवा के अंगुल से लोहे की प्लेट लादकर ट्रक से फरीदाबाद जा रहे थे। तभी धनौरी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे खंड संख्या 116 के पास ट्रक का टायर फटने से ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। बताया कि ट्रक में सवार खलासी 19 वर्षीय नवल किशोर पुत्र बलवीर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को यूपीडा की एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि दोनों युवकों की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा-व्यवस्था का लिया जायजा




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।
जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।

### कलेक्ट्रेट में बीटीई यूपी के परीक्षा परिणाम से असंतोष छात्र-छात्राओं ने जोरदार हंगामा काटा



**महोबा।** जिला कलेक्ट्रेट में बीटीई यूपी के परीक्षा परिणाम से असंतोष छात्र छात्राओं ने जोरदार हंगामा किया ।
महोबा चरखारी राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्राओं ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ मिलकर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के प्रवाधिक शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंप सभी छात्रों का रिजल्ट दोबारा अपडेट कराने की मांग की है।
दरअसल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की छात्रा साक्षी यादव ने बताया कि बीटीई यूपी 2024 का रिजल्ट बेहद निराशाजनक परीक्षा परिणाम अपडेट हुआ है बीटीई यूपी के लापरवाही के चलते महोबा जिले के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महोबा व चरखारी मैं अध्यनरत 64 छात्रों में से 51 छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया गया है आयोग से डिजिटाइजेशन के बाद जो लापरवाही हुई है उससे छात्र छात्राओं में काफी निराशा हुई है आई टी ट्रेड में 45 छात्र छात्राएं फेल है आयोग के द्वारा जो रिजल्ट घोषित किया गया है उसके विरोध में हम लोगों ने शिक्षा मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को दिया है।

### तेज़ रफ़्तार ट्रक से बाइक की भिड़ंत, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**मौदहा हमीरपुर।** खेत मे काम कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार दो किसानो की तेज रफ्तार ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई, जिससे एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार को देर शाम खेत में काम कर बाइक से वापस घर लौट रहे पंकज यादव पुत्र राजबहादुर उम्र 30 वर्ष निवासी चमनखन्ना व जयकरन यादव पुत्र राजाराम यादव उम्र 30 वर्ष निवासी रैपुरा थाना सुमेरपुर की गहबरा चौकी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। जिससे बाइक ट्रक के नीचे फंस गई तथा ट्रक 20 मीटर दूर तक घसीटता हुआ अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस व एम्बुलेंस ने रेस्क्यू करना शुरू कर दिया। जिसमें पंकज यादव की मौके पर मौत हो गई, जबकि जयकरन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी मौदहा पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना स्थल पर भारी भीड़ एकत्रित होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई और ट्रक का रेस्क्यू जारी है।

## धुंधकारी चरित्र सुन भाव विहोर हुए श्रोता

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



कुलपहाड़ महोबा विकासखंड जैतपुर अंतर्गत ग्राम थुरट में श्री धाम वृंदावन से पधारे रसिया बाबा के कृपा पात्र कथा व्यास पंडित श्री कृष्णा महाराज ने संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण के बारे में विस्तृत जानकारी दी अपने गोकर्ण धुंधकारी चरित्र की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोकर्ण अत्यंत भक्ति भाव के साथ ही परम विद्वान भगवान की भक्ति में लीन रहते थे वहीं उनके भाई धुंधकारी नास्तिक थे लेकिन धुंधकारी ने अपने भक्ति के बल पर धुंधकारी को मुक्ति दिलाई आपने भागवत कथा व्यास वक्तता के लक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि विरक्तों वैष्णवो विप्रो वेद शास्त्र विशुद्थि कृत दृष्टांता कुशलो धीरा वक्ता कार्योति नित्यै प्रभा महाभारत की कथा में कुंती चरित्र का वर्णन करते हुए कहा की भगवान के ऐसे दो ही भक्त हुए हैं जो भगवान की जुदाई नहीं सहन कर पाए एक महाराज दशरथ दूसरे कुंती माता अपने कथा में आगे राजा परीक्षित के जन्म की कथा का वर्णन किया कथा के यजमान परीक्षित पंडित रामेश्वर पटेरिया सपत्नीक मनोरमा पटेरिया है आचार्य पंडित अमित जी व पंडित सुनील हैं इस कार्यक्रम में शत्रुघ्न पटेरिया राहुल पटेरिया बाबू अवस्थी सुरेश नायक राकेश नरेंद्र सिंह परिहार गोलू रोहित नायक आदि ने अपना भरपूर सहयोग व्यवस्था बनाने में कर रहे हैं कथा ग्राम थुरट सहित आसपास के ग्राम सारंगपुरा अमानपुरा छतरवारा पचारा आदि ग्रामों के लोग श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर रसपान कर रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर के पास हाइवे में एक अज्ञात वाहन ने वाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी दूसरा घायल हो गया।

रविवार की देर रात्रि नेशनल हाईवे में ग्राम नरायनपुर के पास जसपुरा बांदा का निवासी सहदेव सिंह का पुत्र शेषनारायण उर्फ छोटू सिंह उम्र 26 वर्ष बाइक द्वारा कानपुर से अपने दोस्त के साथ अपने गांव आ रहा था तभी रविवार की रात्रि करीब 11 बजे किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में युवक शेषनारायण उर्फ छोटू सिंह 26 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के किये कानपुर ले जाया गया है। मृतक के बारे में बताया गया है चार भाई व दो बहनों में मृतक तीसरे नम्बर का था पिता गांव में किसानी का काम करता है। मृतक कानपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। अचानक हुई इस दुर्घटना से समूचे परिवार में गम का माहौल छा गया है ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## महिलाओं ने किया विरोध, ठेकेदार ने पुलिस से की शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

अराजकतत्वो द्वारा विकास कार्यो में अवरोध उत्पन्न करने पर मोहल्ले की महिलाओं ने विरोध किया रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए ठेकेदार ने पुलिस से लिखित शिकायत की है।

नगर पालिका परिषद मौदहा के द्वारा दो दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद मोहल्ले में बूंद बूंद पानी के लिए तरसते लोगों के गले को तर करने के मकसद से स्टेशन रोड वार्ड नंबर 6 में ट्यूबवेल लगवा कर प्यास बुझाने की कोशिश की जा रही थी तभी अराजक तत्वों ने उस बोरवेल में बाधा पहुंचाने का मन बनाते हुए ट्यूबवेल के पाइप पर ईटा पत्थर डालकर बंद करने का प्रयास किय मोहल्ले की एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने जिसका विरोध किया विरोध को देखते हुए तम्मा पुत्र नवाब शाहजहां पुत्र रफीक अजहरुद्दीन पुत्र नजमुद्दीन मौके से भाग गए इस पूरे प्रकरण पर पीड़ित ठेकेदार अशोक सिंह ने कोतवाली



प्रभारी से आरोपियों के द्वारा मानसिक व आर्थिक दबाव बना रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जोरदार मांग कि है इतना ही नहीं मोहल्ले की एक दर्जन महिलाओं ने कोतवाली प्रभारी से अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए उक्त आरोपियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम से सरोज ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कापियों का सही मूल्यांकन न होने से छात्रों ने काटा हंगामा

**छात्रों ने कापियों के रिचेक पर शुल्क मांगने का आरोप लगा एसडीएम से की शिकायत**

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के राजकीय पॉलिटेक्निक के छात्र छात्राओं ने कॉपियों का मूल्यांकन सही न होने पर जमकर हंगामा काटा। इस दौरान छात्र छात्राओं ने पॉलिटेक्निक परिसर का गेट में ताला डालकर शिक्षकों को बाहर निकाल दिया। छात्र छात्राओं ने कापियों को रिचेक पर शुल्क मांगने का आरोप लगाया है। आधा सैंकड़ा से अधिक छात्रों ने एसडीएम से शिकायत की है।

सोमवार को राजकीय पॉलिटेक्निक के सैकड़ो छात्र छात्राओं ने कॉलेज गेट पर जमकर हंगामा काटा। शिक्षकों ने



छात्रों को समझने का प्रयास किया। लेकिन छात्र नहीं माने। छात्रों का आरोप है कि बोर्ड ने सही तरीके से कॉपियों का मूल्यांकन नहीं किया है। एक में 44 तो दूसरे विषय में आठ अंक दिए हैं। जिससे साफ जाहिर है कि कॉपियों का मूल्यांकन सही नहीं किया गया। छात्रों ने रिचेक कॉपियों के नाम पर 500 रुपए मांगने का आरोप लगाया है। छात्रों के हंगामा की सूचना पर नायब तहसीलदार धनराज पटेल और पुलिस बल मौके पर पहुंची। छात्र छात्राओं को समझने का प्रयास किया। जब छात्रों का शांत हुए। दोपहर बाद आधा सैंकड़ा छात्र एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे से शिकायत की। अर्पितए संदीपए कुणालए अरबाजए सिमरनए सेजलए रागिनीए प्रगतिए आकांक्षाए पूजा आदि छात्रों ने बताया कि अधिकांश छात्रों का बैक या ईयरबैक लगा है। कॉपियां का पुनः मूल्यांकन करने के बाद मेल की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जाए। रिचेक रजिस्ट्रेशन व लागिन सिस्टम सही कराया जाए। मोबाइल पर ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद ही लागिन होना चाहिए। फ्री में कॉपी रिचेक का मूल्यांकन किया जाए। हमारी कॉपी हमें दिखाई जाए। रिचेक रिजल्ट आने के बाद भी एडमिशन प्रोसेस स्टार्ट होना चाहिए। बोर्ड छात्राओं के साथ खिलवाड़ कर रहा है। वाइस प्रिंसिपल डॉ वंदना गुप्ता ने बताया कि यह बीटी यूपी लखनऊ का मामला है। यह पूरे यूपी का मामला है। संस्था से इसका कोई लेना देना नहीं है। एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि चार दिन पहले छात्रों का रिजल्ट आया था। छात्रों का बैक लगा हुआ है। मूल्यांकन में निर्धारित फीस है वह ली जाती ह। यह मामला बोर्ड स्तर का है।

## सड़क दुर्घटना में मदारी की मौत, आठ घायल

**राजगार्म में कार ने अनियंत्रित होकर यात्रियों से भरे ऑटो को मारी टक्कर**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

बुंदेलखंड के महोबा जिले के कबरई थानाक्षेत्र के कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में तेज गति से जा रही कार ने अनियंत्रित होकर यात्रियों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार मदारी की मौत हो गई जबकि हादसे में आठ यात्री घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से महिला की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज झाँसी के लिए रेफर किया गया है। ऑटो सवार सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे है। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। थानाक्षेत्र अन्तर्गत कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में सोमवार को ग्राम बरबई के पास कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो में औरैया जिले के फफूंद निवासी मदारी परिवार था। घायलों में फफूंद निवासी 55 वर्षीय रहमत की मौत हो गई जबकि 40 वर्षीय लईकन, 50 वर्षीय मझली पत्नी रहमत,आकिब, चांद और शादाब आदि घायल हो गए। सभी घायल एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं और खेल तमाशा दिखाने वाले बताए जा रहे हैं। घायलों में लईकन को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। हादसे में दो बंदरों की भी मौत हो गई है। ऑटो से परिवार हमीरपुर के मौदहा क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया जा रहे है।

## जिलेभर के थानों में कम्युनिटी पुलिसिंग द्वारा महिला सशक्तीकरण को चला जा रहा विशेष अभियान

**महोबा।** उप्र शासन की मंशानुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज -05) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा के समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के गाँवों/स्कूलों/कालेजों में चौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल के आयोजन करने की शुरुआत की गई है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु ÷शक्ति दीदी÷ नियमित रुप से ग्राम/स्कूल चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों/स्कूलों/कालेजों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया गया उल्लेखनीय है कि जनपद महोबा के समस्त थानो पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रअन्तर्गत स्कूल-कॉलेज, मंदिर, पार्क, मॉल, आटो/बस स्टैंड व दुर्गा पुजा पंडाल सहित ग्रामीण कस्बों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी कर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया गया है।

## बड़ी माता मंदिर पनवाड़ी में लगा छप्पन भोग

**भक्तों की उमड़ी भीड़, देर रात तक चले भजन गायन**

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

आज नवरात्रि के माता रानी के पांचवे दिन स्कंद माता स्वरूप में सांसारिक जीवन मे नव चेतना जगाने बाली बड़ी माता मंदिर में पनवाड़ी के हर मुहाल से भक्तों की उमड़ी भीड़ गौरतलब हो कि हर वर्ष पंचमी के माता रानी को छप्पन भोग लगाया जाता है और शाम को महाआरती की जाती है हजारों की संख्या में देवी मैया के भक्तगण उपस्तित रहते हैं मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्र के द्वारा पुख्ता इंतजाम पहले से ही करवा दिए जाते हैं जिससे भक्तों को कोई दर्शन में





असुविधा न हो एवम पुलिस कर्मचारियों के सहयोग से बढ़िया व्यवस्था रहती है शाम को महाआरती के साथ छप्पन भोग के साथ भक्तों में प्रसाद वितरण किया जाता है खास बात यह है कि यह भोग भक्त स्वम अपना अपना रखते हैं सभी भक्तों के प्रसाद का भोग लगाया जाता है आचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री के द्वारा नौ दिन तक पूजन पाठ किया जाता है माता रानी की स्तुत्ति नौ स्वरूपो में सजाया जाता है समिति इसके इंतजाम दस दिन पहले से कर लेती है सफाई जल व्यवस्था आदि की उक्त व्यवस्था में गौरव वर्मा आनंद द्विवेदी उज्ज्वल अग्रवाल आनंद सैनी देखरेख में रहते हैं एवम छप्पन भोग कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज द्विवेदी ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी पूर्व मण्डल अध्यक्ष संतोष विष्वकर्मा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी, संतोष अग्निहोत्री आदि लोग भजन संध्या में उपस्थिति रहे और रत जगा किया।

## युवक ने पेड़ से लटक कर जान दे दी

**मौदहा हमीरपुर।** नवयुवक ने खेत मे एक पेड़ पर रस्सी डाल गल में फंदा लगा आत्महत्या कर ली है मौत की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा पर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मवइया निवासी अजय पुत्र चुनूबाद ने सोमवार को दोपहर बाद खेतों में बबुल के पेड़ से रस्सी का फंदा बना गले डाल झूल गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई ग्रामीणों के अनुसार जब वह खेतों की ओर जा रहे थे तभी मृतक को बबूल के पेड़ में लटकते देख गांव कोतवाली पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी नें जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की तथा महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये, इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की



समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब/जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए।उन्होंने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित अभियोजन के अधिकारी तथा समस्त शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्तिथ रहे।

## तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन की हालत नाजुक

**नाज़ुक अवस्था में हायर सेंटर किया गया रिफर**

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के मिशन स्कूल के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार को ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में मां बेटी सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीर रूप से घायल मां बेटी व युवक को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां तीनों की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। दरअसल मामला कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के मिशन स्कूल के पास का है जहां राघवेंद्र अपनी बाइक पर सवार होकर मां बेटी को साथ लेकर जा रहा था तभी तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में जोरदार टक्कर दी है इस हादसे में मां शांति उनकी बेटी संगीता ओर राघवेंद्र तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए है तीनों घायलों को इलाज के लिए कुलपहाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहा से उन्हें महोबा के जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और नाजुक अवस्था में तीनों घायलों को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रिफर किया गया है।

# प्रदेश अध्यक्ष ने की नए पदाधिकारी की घोषणा

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अबधेश की महापंचायत करमुल्लापुर नियर सिकंदरपुर के एक प्राइवेट गेस्ट हाउस आर एन गेस्ट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने सहभाग किया।

प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए आलोक कुमार राजपूत को जिला उपाध्यक्ष भुवनेश कुमार शर्मा को ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजकिशोर राजपूत को जिला सचिव और रवि कुमार को जिला उप सचिव चंद्र सिंह को जिला सचिव दुर्गेश कुमार को तहसील सचिव अनिल सक्सेना को तहसील मंत्री नंदकिशोर सक्सेना को ब्लॉक मंत्री कुलदीप मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ रंजन बाबू को जिला संयोजक शैलेंद्र कुमार को जिला सचिव राजवीर सक्सेना को तहसील संयोजक डॉ योगेश कुमार उपाध्याय को जिला उपाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ कृष्णकांत को जिला सचिव विनीत यादव को तहसील मीडिया प्रभारी सुजीत सक्सेना को ब्लॉक सचिव हरिओम दुबे को तहसील संगठन मंत्री भानु प्रताप सिंह को तहसील संयुक्त सचिव फूल सिंह वर्मा को नामित सदस्य कमलजीत सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बृजेश कुमार उर्फबालाजी को तहसील सचिव सैनिक प्रकोष्ठ शैलेंद्र सिंह उर्फ अजय को तहसील महासचिव नियुक्त किया गया सभी नवयुक्त पदाधिकारी का स्वागत विवेक कुमार गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अश्विनी मिश्रा जिला अध्यक्ष कन्नौज राजवीर सक्सेना जिला उपाध्यक्ष डॉ कौशलेंद्र सिंह राजपूत अरविंद कुमार दुबे सैनिक प्रकोष्ठ सत्येंद्र सिंह आलोक कुमार राजपूत रोहित खान डॉ आर के पाल अखिलेश राजपूत शिवराम सिंह सेंगर कौशलेंद्र सिंह चौहान जितेंद्र सिंह पाल एवं संजीव कुमार ने नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत किया एवं संगठन के संबंध में अवगत कराया गया।




# महिला ने फांसी लगाकर दे दी जान

- मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान हुई मौत

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के अहिकापुर गांव में सोमवार की सुबह एक महिला ने घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

सूचना पर पहुंची तिर्वा कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

अहिकापुर गांव निवासी रूकमणी (40) पत्नी हरिश्चन्द्र ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में ही फांसी लगा ली। परिजनों ने जब देखा, तो उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारकर गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज ले आए। यहां इमरजेंसी वार्ड में उसका उपचार शुरू हुआ। उपचार के कुछ देर बाद ही रूकमणी ने दम तोड़ दिया। इसपर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने की बजह पता नहीं चल सकी है।


मेडिकल कॉलेज में रोते-बिलखते मृतक के परिजन

# छात्राओं ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दिखाया दम


प्रशस्ति पत्र व मेडल के साथ मौजूद विजेता छात्राएं।

- विजेता छात्राओं को प्रबंधक ने किया सम्मानित

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर ग्राउंड में किया गया था। इसमें चौ. जयवीर सिंह इंटर कॉलेज मिश्रापुर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। जिस पर विद्यालय के द्वारा उन्हे सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। सोमवार को चौ. जयवीर सिंह इंटर कॉलेज मिश्रापुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्रा पूनम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। छात्रा पूनम ने 100 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 की सपना ने 800 मीटर में, रोशनी ने 100 मीटर व 200 मीटर में, संगम ने लंबी कूद में मेडल प्राप्त किया। इनके अलावा काव्या व आकृति ने ऊंची कूद और 400 मीटर में स्थान पाया। विजेता छात्राओं को प्रबंधक प्रशांत सिंह व प्रधानाचार्य राहुल भदौरिया ने माल्यार्पण कर व मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। जबकि टीम कोच संगम, अजय को भी सम्मानित किया गया।

प्रबंधक ने सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित कर प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर आलोक यादव, राजेन्द्र सिंह, संजीव मोहन शर्मा, अगम कुमार दुबे, सचिन, अभिषेक, रवि, अजीत कुमार, रिंकी, सपना, आकांक्षा दुबे, जगमोहन सिंह, सौरभ, आशीष, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# लाइसेंस होने पर ही वाहन चलाएं युवा : टीएसआई

- बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने
- चौपाहिया वाहन चलाते समय लगाएं सीटबेल्ट

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में सोमवार को यातायात उपनिरीक्षक अरशद अली ने गांधी चैराहा, इंदरगढ़ तिराहा व ठठिया रोड चैराहे सघन चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान 18 बर्ष से उम्र होने पर वाहन चलाते पकड़े जाने पर कई बाइक चालकों के चालान काटे। इसके साथ ही उनको वाहन के प्रपत्र व डाइविंग लाइसेंस एवं हेलमेट व सीटब्लैट पहनकर चलने के लिए जागरूक भी किया। यातायात उपनिरीक्षक अरशद अली ने बताया कि कई बार देखा जाता है कि 18 बर्ष से कम उम्र होने के बावजूद युवक बाइक व टैम्पो चलाते हुए मिल जाते है। उनके पास न तो गाड़ी के कागज होते है और न ही ड्राइविंग लाइसेंस होता है। यह युवक अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करते है। इसपर रोक लगाने के लिए उन्होने ठठिया रोड चैराहा, गांधी चैराहा व इंदरगढ़ तिराहा पर चेंकिग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होने कई टैम्पो चालकों को भी रोका। उनसे भी पूछताछ की। आवश्यक प्रपत्र व लाइसेंस न दिखा पाने पर उन्होने कई टैम्पो चालकों के चालान भी काटे। इसके अलावा कई चालक 18 बर्ष से कम उम्र के थे। उनके खिलाफ भी कार्रवाई भी गई है।

इसके साथ ही उन्होने चैराहों पर स्थित दुकानों के मालिकों को भी निर्देश दिए कि कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के साथ अवैध रूप से टैम्पो, ई-रिक्शा व चैपहिया वाहनों को पार्किंग न बनाने दे।


टैम्पो चालाक के प्रपत्र जांच करते यातायात उपनिरीक्षक अरशद अली

# एसपी ने स्कूली बच्चों से किया संवाद, बच्चों ने साझा किए विचार


छात्र- छात्राओं से संवाद करते एसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद ने मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत शहर के मकरंद नगर स्थित कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों से पुलिस कार्यालय सभागार में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को पुलिस के कार्य कर्तव्यों और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को यह समझाया कि पुलिस का मुख्य कार्य समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। जिसमें कई बार कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। बताया कि पुलिस के कार्यों के पीछे की चुनौतियों को समझना और उनका सम्मान करना आवश्यक है। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी जिज्ञासाओं को व्यक्त करते हुए कई प्रश्न पूछे। जिनका पुलिस अधीक्षक ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया। प्रश्नों के माध्यम से बच्चों ने पुलिस की कार्यशैली, अपराध नियंत्रण, साइबर सुरक्षा, और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक महोदय ने बच्चों को किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया और उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही सभी विद्यार्थियों ने पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं में भ्रमण कर उनकी कार्यशैली को देखा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बाइक से गिरकर वृद्ध घायल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** सौरिख थाना क्षेत्र के कीरतपुर गांव निवासी 60 बर्षीय कैलाश सिंह अपने पुत्र के साथ बाइक पर बैठकर आ रहे थे। जब उनकी बाइक उमर्दा के निकारीपुर्वा गांव के निकट पहुंची, तभी वह अचानक बाइक से गिर गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वृद्ध को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### तीन लोगों ने महिला से किया दुष्कर्म

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला को बहलाफुसला कर तीन लोग बाहर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम निवासी महिला ने बताया कि 20 जून को थाना कमालगंज ग्राम सिंधौली निवासी अनुज, रामकिशोर, सुधीर उसे बहला फुसला कर अपने साथ जालंधर पंजाब ले गए और तीनों लोगों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर तीनों लोगों ने गाली गलौज की। इसके बाद मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तीन को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगो ने किसी बात को लेकर गाली गलौज की और पति, पत्नी व पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम जहांगीरपुर महोना निवासी संतप्रकाश पुत्र दीदयाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 14 सितंबर की शाम लगभग 07 बजे गांव के गंगा प्रसाद, रामवीर, दीपक, आकाश मोहित उसके दरवाजे पर आए और किसी बात को लेकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसकी पत्नी रामा देवी, पुत्र अंकित को मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### दो लोगों पर आत्महत्या की दर्ज करायी रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों द्वारा झूठे आरोप लगाकर युवक को प्रताड़ित किया गया। इससे आजिज आकर युवक ने साड़ी का फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम ताखेपुरवा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रमेश व जगपाल निवासी बरकागांव ने उसके भाई नरेंद्र पर झूठे आरोप लगाकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इससे आजिज आकर शनिवार की सुबह लगभग 07 बजे उसके भाई ने बाग में साड़ी का फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के विरूद्ध युवक को आहत कर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

# विद्यालय को ग्लोबल एजुकेशन अवॉर्ड से किया सम्मानित

## हमारी टीम की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों की सफलता ने हमें इस मुकाम तक पहुँचाया: प्रबंधक

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

विद्यालय जे एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल छिबरामऊ के प्रबंधक हिमांशु सक्सैना को उत्कृष्ट कार्य के लिए विद्यालय को प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्लोबल एजुकेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया विद्यालय जे एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल छिबरामऊ के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय नेतृत्व और समर्पण के लिए 'आउट स्टैंडिंग स्कूल ऑफद ईयर अवॉर्ड 2024' से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार 'शिक्षा 360 एजुकेशन फॉर द डेवलपमेंट दिल्ली' द्वारा सद्गुरु श्री श्री ऋतेश्वर महाराज द्वारा प्रदान किया गया जो उनके प्रभावी नेतृत्व उत्कृष्ट कार्य और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति मान्यता है। जिसमें भारत तथा यूएई समेत अन्य देशों से आए प्रबंधक संस्थापक प्रधानाचार्य को सम्मानित किया गया। श्री सक्सेना ने यह पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा यह पुरस्कार न केवल मेरे लिए बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए एक गर्व का क्षण है।

हमारी टीम की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों की सफलता ने हमें इस मुकाम तक पहुँचाया है। हम शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उन्नति के लिए प्रतिबद्ध हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने भी प्रबंधक सक्सैना को इस सम्मान के लिए बधाई दी और कहा कि यह विद्यालय के लिए एक गौरवशाली क्षण है। विद्यालय ने न केवल शैक्षिक क्षेत्र में बल्कि सह.शैक्षणिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और इसके पीछे प्रबंधक हिमांशु सक्सेना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल छिबरामऊ' की निरंतर उन्नति और नवाचार के प्रयासों की पहचान करता है। विद्यालय का उद्देश्य छात्रों के संपूर्ण विकास और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाना है।




# राजकीय पॉलिटेक्निक में छात्र-छात्राओं ने किया विरोध प्रदर्शन


विरोध प्रदर्शन करते छात्र- छात्राएं

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

अनौगी स्थित राजकीय महामाया पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने परीक्षा परिणाम में अधिकांश छात्र- छात्राओं के फेल होने का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी होने पर प्रधानाचार्य ने विरोध प्रदर्शन कर रहे कुछ छात्र- छात्राओं को कॉलेज के गेट से बाहर कर दिया अन्य छात्र छात्राओं को अंदर बैठाकर गेट के अंदर ताला डाल दिया।

इससे छात्र- छात्राएं आक्रोशित हो गए। उन्होंने प्रधानाचार्य पर तानाशाही का आरोप लगाकर बताया कि कॉलेज में विधिवत क्लास नहीं लगते हैं। अधिकांश टीचर कानपुर से आते हैं। जो कि समय से पहले ही चले जाते हैं। उन्होंने प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र देकर दोबारा कॉपियों के मूल्यांकन की निः शुल्क मांग की है। प्रदर्शन में सचिन गौतम, सिद्धान्त, अनुराग सिंह, मोहम्मद शोएब, सुमित, प्रशांत, शैलेंद्र कुमार, दीपक, आदित्य, हर्ष, सोनाली, दिव्या, कुमकुम सहित सैकड़ो छात्र- छात्राओं ने कालेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में प्रधानाचार्य उमेश चंद्र ने बताया कि सिर्फ हमारे संस्थान में ही नही। पूरे प्रदेश में इस तरह की समस्या आ रही है। इसको लेकर बोर्ड में बातचीत चल रही है। जल्द ही समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। किसी भी छात्र- छात्रा का अहित नही होने दिया जाएगा।

# मां भगवती की पूजा अर्चना के लिए उमड़ा सैलाब

- दुर्गा महोत्सव स्थलों पर हो रहे धार्मिक आयोजन

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नवरात्रि के पर्व पर नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भक्त विभिन्न धार्मिक आयोजन कर मां भगवती का दिनरात गुणगान कर रहे है। भक्त वृत रखकर, हवन पूजन व आरती वंदना कर माता रानी की आराधना में लगे हुए है। जबकि महिलाएं भी संगीत का आयोजन कर महामाई का गुणगान कर रही है। शारदीय नवरात्रि के पंचत दिवस पर सोमवार को मां भगवती के पंचम शक्ति मां स्कंदमाता की भक्तों ने आरती वंदना कर आराधना की। इस दौरान नगर के विभिन्न देवालयों में भक्तों ने पहुंचकर आरती वंदना की और मां का गुणगान किया। नगर के जीटी रोड स्थित संतोषी माता मंदिर, श्री राम मंदिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर, आजाद नगर स्थित प्राचीन मां काली देवी मंदिर, चकोर गली स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वरनाथ मंदिर, रेलवे रोड स्थित मंदिर सहित क्षेत्र के मढियन देवी मंदिर में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की और मनोकामना की पूर्ति के लिए माता रानी का आशीर्वाद लिया। वही नगर के पावर हाउस स्थित गंगेश्वरनाथ मंदिर में भाजपा नेता देवेन्द्र, अरविंद यादव, डॉ. सुधीर दीक्षित, अनुराग गुप्ता, योगेश दुबे, विपिन गुप्ता, उमाकांत सैनी, विपिन चौरसिया, सुमित सक्सेना आदि ने संध्या आरती कर मां भगवती का गुणगान कर पूजा अर्चना की।


गंगेश्वरनाथ मंदिर में मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते भक्त

# श्रीराम-लक्ष्मण व विश्वामित्र की आरती उतार की पूजा-अर्चना


श्री राम की आरती वंदना करते कांग्रेसी नेता विजय मिश्र व अन्य।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री आदर्श रामलीला समिति पुरानी गल्ला मंडी के तत्वाधान में रविवार की देर रात नगर के रामगंज स्थित रामलीला मैदान से मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की बरात का शुभारम्भ समाजसेवी इन्द्र कुमार गुप्ता व समिति के अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता ने श्री राम व लक्ष्मण की आरती वन्दना कर किया। जिसमें प्रथम पूज्य गजानन, राधा कृष्ण, खाटू श्याम, साई बाबा, मां जगदम्बा, शंकर परिवार, नंदी, ब्रहमा, सहित आगरा, मैनपुरी, बेबर व फिरोजाबाद से आई 51 रथों पर सजी झांकियों ने बारात की शोभा बढ़ाई। वही पार्टी के कलाकारों ने काली प्रदर्शन, बानर सेना, भूत-प्रेत, आदिवासी, किन्नर व नृतिकाओं के प्रदर्शन ने बरात में मौजूद लोगों का मनोरंजन किया। इससे दर्शक कलाकारों के इर्द-गिर्द घूमते नजर आए। अन्तिम रथ पर मर्यादापुरूषोत्तम श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण व गुरू विश्वामित्र के साथ विराजमान थे। भगवान की बरात नगर के रामगंज से क्रासिंग, तिर्वा रोड, चकोर रोड होती हुई जनकपुरी तक पहुंची। राम बरात का एकत्रित भीड़ और छतों पर प्रतिक्षा में बैठी महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान विजय मिश्रा, मनोज अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, राजेन्द्र बाबू द्विवेदी, संजीव गुप्ता संजू, पियूष चतुर्वेदी, सुशील गुप्ता पिन्टू, लल्ला जोशी, अनमोल गुप्ता, गौरव गुप्ता, आशु वर्मा, मोहित गुप्ता, राजेश गुप्ता, अमित गुप्ता सहित नगर व क्षेत्रवासी मौजूद रहे। जबकि सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाल आलोक कुमार दुबे, कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह पुलिस व पीएसी बल के साथ राम बरात में रहे।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में बैठक कर, अधिकारियों को दिए निर्देश

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा की सफाई हेतु महाकुंभ 2025 के अन्तर्गत ऐसा प्लान बनाकर कार्य करें जिससे गंगा में नगरीय एवं ग्रामीण किसी भी क्षेत्र से प्रदूषण न जा सके। उन्होनें बैठक में क्षेत्र वाइज नदियों में जाने वाले सॉलिड वेस्ट का व्यौरा न होने पर संबंधित को फटकार लगाई। उन्होने निर्देश दिये कि गंगा की सहायक नदियों के संरक्षण एवं प्रदूषण रहित बनाए जाने हेतु संबंधित अधिकारी समन्वय बनाकर बेहतर रणनीति के साथ कार्य करें। सालिड वेस्ट एवं लिक्वेड वेस्ट बिना शोधन के गंगा में नही जाना चाहिये। टम्पी नाला, अडंगा नाला, पाटा नाला पूर्णतः टैप होना चाहिये। गंगा/ काली नदी में नालो के माध्यम में गंदा पानी सीधे न जाकर एसटीपी में शोधन किया जाये। गंगा ग्रामो में शत प्रतिशत कूड़ा कलेक्टशन किया जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कर सूखे एवं गीले कूडे को अलग-अलग डिस्पोजल किया जाये। के साथ ही नालियों की नियमित साफ-सफाई तथा कूडे से खाद बनाने के कार्य में और तेजी लायी जाये। कूड़े का डम्पिंग सिस्टम एलॉउ नही है, जिस क्षेत्र का कूड़ा है वही डिस्पोजल किया जाये। निर्देश दिये कि प्लास्टिक उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने हेतु नगर पंचायतो और नगर पालिकाओ का अहम रोल है, अभियान चलाकर नियमित चेकिंग की जाये एवं जागरुकता कार्यक्रम भी किये जायें। एमआरएफ सेन्टर नियमित रुप से संचालन होना चाहिये। बारात घर द्वारा नगरीय सीमा में प्रदूषण फैलाये जाने पर चालान किया जाये। सड़क के किनारे डाले गये कूड़े का निस्तारण समय से किया जाये। 31 ग्रामीण क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गाड़ियो की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। बायोमेडिकल वेस्ट प्रापर तरीके से डिस्पोजल किया जाये। प्रत्येक दशा में कूड़ा ना जलाया जाए और ग्रामीण क्षेत्र में पराली न जलाया जाएं।

उन्होने डीपीआरओ को निर्देश दिये कि जो कार्य करें स्थाई करें जो वर्ष पर्यन्त चले। कहा कि नमामि गंगे समिति की जो गाइड लाइन है। उन बिन्दुओ को गहनता से समझे और उसी मानक के अनुसार करें।


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी

# युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की आत्महत्या

- परिजनों ने ससुरालीजनों पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप
- थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी



रोते बिलखते मृतक के परिजन



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाया। वहीं परिजनों ने ससुरालीजनों पर प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के गांव नया गनीपुर निवासी अंकुल सक्सेना पुत्र रामआसरे सक्सेना उम्र 30 वर्ष जो कि कस्बे के मेन चौराहे पर गोलगप्पे की ठेली लगाकर अपना जीवनयापन



मृतक का फाइल फोटो

करता था। वहीं परिजनों के मुताबिक मृतक की शादी तीन वर्ष पूर्व मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी सुनील कुमार की पुत्री माया के साथ हुई थी। पीड़ित परिजनों के बताए अनुसार दिनांक 05.09.2024 को मृतक अपनी ससुराल करनपुर गया हुआ था। वहीं पत्नी के साथ जागरण का कार्यक्रम देखने के बाद ससुराल में कुछ कहासुनी हुई, तो परिजनों के बताएं अनुसार पीड़ित के साथ ससुरालीजनों ने मारपीट कर दी तथा पीड़ित की पत्नी भी उसके साथ नहीं आयी। जिससे वह परेशान था। बीती रात वह अपने घर के ऊपर बने कमरे में लेटने चला गया, लेकिन सुबह होने पर जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला, तो मां ममता देवी ऊपर गई, तो उन्हें कमरे का दरवाजा बंद मिला। जिससे उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई। तब पीड़िता चीखी चिल्लाई। मौके पर काफी ग्रामीण एकत्रित हो गये और दरवाजा तोड़कर देखा, तो पीड़ित घर के कमरे में टंगे पंखे पर साड़ी के फंदे से फांसी पर झूल रहा था।

जिसकी सूचना परिजनों ने थाना पुलिस को दी। पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तथा सूचना उच्च अधिकारियों को दी। सूचना पाकर मौके पर थानाध्यक्ष व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। वहीं पीड़ित मृतक के भाई अंकित कुमार ने थाना पुलिस को फौती सूचना दी। जिस पर कस्बा इंचार्ज उ0नि0 गिरीश चंद्र ने शव का पंचनामा भरकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से मृतक की मां ममता देवी, भाई संजू कुमार, अंकित कुमार, अंजू कुमार तथा पत्नी माया देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं परिजनों ने ससुरालीजनों के ऊपर मृतक का उत्पीड़न करने का आरोप लगाकर आत्महत्या के लिए उकसाने की बात बताई।

## रोडवेज बस की टक्कर से मामा-भांजे घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव ब्राहिमपुर जागीर निवासी सुनील पुत्र तेज सिंह, अनुज व उसका मामा सुनीत सिंह निवासी शमसाबाद बाइक द्वारा मामा भांजे गोद भराई करने जा रहे थे। जैसे ही कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग टेड़ीकोन थाना कायमगंज के पास पहुँचते ही रोडवेज बस ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां पर ड्युटी पर तैनात डॉ. जितेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद सुनीत सिंह की हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## देवी मंदिरों में विधि विधान से हुई मां स्कंदमाता की पूजा

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के पंचम स्वरुप मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की और सर्व मंगल की कामना की। मंदिरों में भक्तों के आने जाने का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा।

गुरुवार को घर व मंदिरों में मां दुर्गा के पंचम स्वरुप मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। नगर के ऐतिहासिक मंदिर गुरुगांव देवी, बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर, भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मन्दिर, खतराना स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर सर्व मंगल की कामना की। ऐतिहासिक द्वापरकालीन गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों ने भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर लगे मेले में भक्तों ने जमकर खरीददारी की। इसके अलावा बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इसके अलावा भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ दर्ज की गयी। भक्तों ने विधि विधान से मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। घरों में भी व्रती महिलाओं ने पूजा अर्चना की और शाम के समय महिलाओं ने देवी जागरण का आयोजन किया। मंदिरों में बज रहे घंटा घड़ियालों से एक वारगी माहौल भक्तिमय बना हुआ है। सुरक्षा की दृष्टिगत सभी मंदिरों पर पुलिस बल मौजूद रहा।



गुरगांव देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

# भैंस को पानी पिलाने गये अधेड़ की तालाब में डूबने से मौत

- पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

भैंस को पानी पिलाने तालाब पर गये अधेड़ की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव चंदनी निवासी प्रवेश सक्सेना पुत्र रामलाल सक्सेना उम्र 50 वर्ष सोमवार को तालाब पर भैंस को पानी पिलाने गये थे। भैंस को तालाब से निकालने के चक्कर में मृतक का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया।

जिससे डूबकर उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गांव से बाहर सड़क पर टहल रहे गांव के ही युवक अवधेश कुमार तथा अफसर अली घटना को देख रहे थे। वह तुरंत ही तालाब में कूद गये और डूबे हुए अधेड़ की तलाश करने लगे। काफी खोजने के बाद अधेड़ को तालाब से बाहर निकाला जा सका, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गई।

वहीं मृतक के भतीजे जोगिंदर कुमार ने क्षेत्रीय लेखपाल तथा थाना पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना थानाध्यक्ष को दी गयी। थानाध्यक्ष बलराज भाटी क्षेत्र से बाह थे। उन्होंने हल्का के दरोगा संतोष कुमार को मौके पर भेजा। जिस पर उप निरीक्षक संतोष कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मृतक के भतीजे जोगिंदर कुमार ने घटना के संबंध में तहरीर दी। मृतक की पत्नी कमला देवी, पुत्र मोरध्वज तथा धर्म कुमार सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।



रोते बिलखते मृतक के परिजन

# ब्रिगेडियर ने किया वीर चक्र नायब सूबेदार राजवीर सिंह राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

राजकीय सम्मान के साथ जीवनकाल में मिले वीर चक्र नायब सूबेदार राजवीर सिंह राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण पैतृक गाँव में किया गया। शहीदों की पत्नियों के आलावा सेवानिवृत सैनिकों का भी सम्मान किया गया। इस दौरान राजपूत रेजिमेंट के बिर्गेडियर अन्य जवानों के साथ मौजूद रहे। ग्राम प्रधान व भारी संख्या मे ग्रामीणों ने मूर्ति अनावरण में शिरकत की।

जनपद की एटा सीमा पर तहसील अलीगंज के गाँव गढ़िया जगन्नाथ निवासी नायब सूबेदार राजवीर सिंह राठौड़ का जन्म 24 जनवरी 1936 में हुआ था। 23 दिसंबर 1953 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वह 6 दिसंबर 1965 मे पंजाब प्रान्त के बिदकी क्षेत्र में भारत-पाक युद्ध में सीमा पर रायफल प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे। अचानक दुश्मन की तरफ से भीषण गोलाबारी शुरू हो गयी। जिसमें दुश्मन की गोली लगने से नायब सूबेदार राजवीर सिंह राठौड़ घायल हो गये।

अपनी जान की परवाह न करते हुए नायब सूबेदार ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए मोर्चा सम्भाला और रिठम प्रोजेक्टर से दुश्मनों के टैंकों पर हमला बोल दिया और वीरता से लड़ते हुए दुश्मन की चोटी पर भारतीय परचम लहरा दिया। उनकी वीरता के लिए 6 सितम्बर 1966 को तत्कालीन राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने उन्हें जीवन काल में वीरचक्र से नवाजा। 15 फरवरी 2021 को उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को उनके पैतृक गाँव में बिर्गेडियर एच एस सिंधु, मेजर पावस तिवारी, सब मेजर विक्रम सिंह, सब मेजर कप्तान सिंह शेखावत, सब मेजर सूर्य मदार सिंह, सब मेजर कोमल सिंह, सब मेजर दीनदयाल सिंह की मौजूदगी मे बिर्गेडियर ने गाँव के पंचायत भवन में नायब सूबेदार की मूर्ति का अनावरण किया औ उन्हें सलामी दी।

सेना के बैंड के साथ भारत माता की गूंज के बीच बिर्गेडियर ने मूर्ति को माला पहनाकर अनावरण किया। इस दौरान अलीगंज तहसील के उपजिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता भी मौजूद रहे। ग्राम प्रधान अखिलेश सिंह ने बताया की नायब सूबेदार के परिवार में उनके भाई शिवशरण ही जीवित बचे है। इस दौरान उन्होंने पूर्व सैनिकों की पत्नियों पुष्पा पत्नी राजकुमार, रेखा पत्नी सुरेन्द्र, राजकुमारी, पूर्व सैनिक उदयराम सिंह, रवेंद्र सिंह, ग्रीश पाल सिंह आदि दर्जन भर लोगों को शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान भारी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।



मूर्ति का अनावरण करते ब्रिगेडियर



पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते ब्रिगेडियर

# कनासी के सहकारी क्रय केंद्र के अध्यक्ष पर खाद की कालाबाजारी का आरोप

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

जहां एक तरफ खाद की मारामारी से अन्नदाता परेशान है, वहीं सत्ताधारी लोग सरकारी क्रय केंद्रों से खाद को लाकर डंप कर रहे हैं।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत कनासी के सहकारी क्रय केंद्र पर ग्रामीणों के मुताबिक समिति के अध्यक्ष खाद को ब्लैक कर रहे हैं। वहीं अन्नदाता खाद के लिए परेशान घूम रहा है। जहां एक तरफ आलू की बुवाई तथा अन्य फसलों की बुवाई हो रही है, लेकिन अन्नदाताओं को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। वहीं अन्नदाताओं के मुताबिक सरकारी क्रय केंद्रों पर सत्ताधारी लोगों का कब्जा है। जो की खाद को ब्लैक में बेच रहे हैं। जब अन्नदाताओं को इस बाबत जानकारी हुई, तो उन्होंने ग्राम पंचायत कतरौली से भाजपा से सेक्टर प्रभारी दुर्गेश राजपूत से शिकायत की। जिस पर दुर्गेश राजपूत ने कनासी के समिति अध्यक्ष भरत सिंह से बात की, तो अध्यक्ष भारत सिंह आगबबूला हो गए और पीड़ित को गाली-गलौज करने लगे तथा मारने पीटने की धमकी भी दे डाली और कहा कि हम 50 बोरी खाद ले जाएंगे, लेकिन तुमको क्या आपत्ति है। समिति के अध्यक्ष द्वारा दी गयी धमकी का ऑडियो भी वायरल हो रह है। जब इस संबंध में उच्चाधिकारियों से बात की गयी, तो उन्होंने भी बात को अनसुना कर दिया।



ट्रैक्टर से उतारी जा रही खाद

# शिक्षक की मौत के मामले में अज्ञात ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा दर्ज

- घायल शाहरुख खान को मौके पर पहुंची पुलिस व अन्य लोगों ने एम्बुलेंस से उपचार हेतु सीएचसी कायमगंज भिजवाया था

संकिसा, समृद्धि न्यूज।

जनपद मैनपुरी कस्बा व थाना भोगांव क्षेत्र के मुहल्ला मोहम्मद सईद निवासी सरताज अली खांन ने आयशर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध शिक्षक भांजे की मौत हो जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है।

दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार 03 अक्टूबर की सुबह सरजात अली खान का शिक्षक भांजा शाहरुख खान निवासी जनपद मैनपुरी थाना भोगांव के मुहल्ला मोहम्मद सईद अपनी बाइक द्वारा जनपद बदायूं विकास खण्ड उसावां में चल रहे चार दिवसीय बी0आर0सी0 प्रशिक्षण में भाग लेने जा रहा था। जब वह समय करीब 9 बजे अचरा-कायमगंज मार्ग मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अचरिया वाकरपुर पानी टंकी के करीब पहुंचा ही था कि तभी आयशर ट्रैक्टर-ट्राली का चालक तेजी व लापरवाही से चलाता हुआ लाया और ट्रैक्टर की अचानक ब्रेक लगा दी। बिना सिग्नल दिए ट्रैक्टर को उक्त पानी टंकी की तरफ मोड़ दिया था। ट्राली में लोड लोहे के पाइप से मेरे भांजे की बाइक टकरा गई थी। जिससे भांजा शाहरुख खान गंभीर रूप से घायल हो गया था और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। घायल शाहरुख खान को मौके पर पहुंची पुलिस व अन्य लोगों ने एम्बुलेंस से उपचार हेतु सीएचसी कायमगंज भिजवाया था। जहां चिकित्सक ने शाहरुख खान को मृत घोषित कर दिया था। मेरापुर पुलिस ने मामा की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी है।

# न्यायमूर्ति ने किया बार एसो. के संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण



प्रतिमाओं का अनावरण करते न्यायमूर्ति

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने बार एसोसिएसन फतेहगढ़ के संस्थापक विधि मनीषी बाबू गेंदन लाल कटियार अध्यक्ष एवं मुंशी बाबूराम सचिव की प्रतिमा के अनावरण के साथ ही सभागार का भी लोकार्पण किया।

फतेहगढ़ पहुंचे न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने जिला जज के कार्यालय में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण करने के निर्देश दिये।

इसके बाद वह बार एसोसिएशन में पंहुचे जहाँ उन्होंने प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही नवनिर्मित बैरिस्टर ब्रजनन्दन लाल सभागार व पुस्तकालय का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता स्वामी दयाल कटियार ने की। न्यायमूर्ति ने जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान बार काउन्सिल के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जबाहर सिंह गंगवार, महासचिव नरेश सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह राणा, अनवर जमाल, गौतम सिंह वर्मा, पियूष दुबे, बृजेश कुमार, पुष्पेन्द्र यादवए, विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, मिथिलेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

बताते चलें कि न्यायमूर्ति के कार्यक्रम को लेकर कचहरी परिसर में वाहनों की इंट्री पूरी तरह से बंद रही।

सभी ने अपने वाहन कचहरी गेट के बाहर ही खड़े किये। इसके अलावा विशेष साफ-सफाई की गयी थी तथा चूना आदि डलवाया गया था। सुरक्षा की दृष्टि से काफी समय में पुलिस फोर्स तैनात रहा। पुलिस बल हर गतिविधि पर अपनी नजर बनाये रहा। इसके बाद भोज का आयोजन किया गया।

## मार्ग दुर्घटना में दो घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव बिहारीपुर निवासी श्याम सिंह उम्र 30 वर्ष हरीशंकर उम्र 20 वर्ष के साथ बाइक द्वारा अपनी रिस्तेदारी ब्रहिमपुर जागीर थाना कायमगंज गये थे। वहाँ से वापस घर लौटते समय रास्ते में कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उक्त दोनों बाइक सवार उछलकर नीचे गिर गये और गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों घायलों को आसपास के लोगों की मदद से कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर दोनो को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## दुष्कर्म के मामले में याचिका दायर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दुष्कर्म के मामले में थाना कम्पिल क्षेत्र के निवासी युवती ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष याचिका दायर की। जिसमें बताया कि 13 सितम्बर 2024 को रात लगभग 12 बजे मेरे पति को अपने साथ संजय पुत्र रावेंद्र मोटरसाइकिल पर बैठाकर घर में आये थे और चारपाई पर दोनों लोग बैठ गए थे। संजय ने अपनी जेब से पौवा निकाला और संजय व मेरे पति ने आधा-आधा पी लिया। कुछ ही देर में संजय ने मेरे पति से कहा कि मोटरसाइकिल सुनील के घर पर खड़ी कर दो। मेरे पति मोटरसाइकिल खड़ी करने चले गए। वैसे ही संजय ने दरवाजा बंद कर अंदर कमरे में ले जाकर चारपाई में गिराकर अपनी इच्छानुसार अपनी हवस की पूर्ति करते हुए पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध बलात्कार किया।

पीड़िता के चिल्लाने पर आसपास के लोग आ गए और उसके बाद मेरे पति व संजय तथा उसका भाई आकाश आ गया हैं। उपरोक्त दोनों ने गर्दन पकड़ मारपीट की। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी, लेकिन स्थानीय पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। उसके बाद पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को जरिये रजिस्ट्री प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब पीड़िता ने न्यायालय में याचिक दायर की।

# अपात्रों को जो पट्टे आवंटित हुए हैं उन्हें निरस्त कर मछुआ समुदाय को दें : मत्स्य मंत्री

## योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से लाभार्थियों को मुहैया कराने के निर्देश



बैठक लेते मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए मंत्री मत्स्य विभाग उप्र डॉ. संजय कुमार निषाद ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर मुहैया कराये जाने के निर्देश दिए। मंत्री ने जनपद कार्यालय में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों की अद्यतन स्थिति, जनपद की ग्राम सभाओ में निहित तालाबों का विवरण, मत्स्य बीज वितरण की उपलब्धि, माह तक अनुमानित मत्स्य उत्पादन, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना, किसान क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य एवं पूर्ति का विवरण, निषाद राज बोर्ड सब्सिडी योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना वर्ष 2023-2024, मुख्य मंत्री मत्स्य संपदा योजना 2023-24, सुधारे गए ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबो में प्रथम वर्ष निवेश, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना अंतर्गत विवरण, मत्स्य पालक कल्याण कोष अंतर्गत सामुदायिक भवन की स्थापना, मत्स्य विभाग में संचालित समस्त योजनाओं में वर्ष 2022-23 से मछुआ समुदाय का विवरण, जनपद में संचालित अन्य परियोजनाओं तथा मछुआ समुदाय एवं मत्स्यपाल को के लिए आवंटित तालाबों के लक्ष्य एवं जनपद में विकसित, अर्द्ध विकसित एवं अविकसित तालाबों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कहा कि शासनादेश में दी गई व्यवस्था अनुसार मछुआ समुदाय के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर तालाब का आवंटन कराया जाए। राजस्व संहिता का उल्लंघन होने पर जांच कर अपात्रों को जो भी पट्टे आवंटित हुए हैं उन्हें निरस्त कर पट्टे मछुआ समुदाय के लोगों को आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जन सामान्य में मछुआ समुदाय की सक्सेस स्टोरी का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए तथा जो भी जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाएं मछुआ समुदाय के लोगों के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित है, उनका शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों में चयन कर वितरण कराया जाए। सुनिश्चित किया जाए की किसी भी अपात्र व्यक्ति को शासकीय योजना का लाभ न मिल पाए।

उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक संख्या में मछुआ समुदाय के लोगों के केसीसी कार्ड शिविर लगाकर बनाए जाऐ।

उन्होंने नेडा विभाग को सौर ऊर्जा संचालित स्ट्रीट लाइट मछुआ समुदाय की आबादी बहुल ग्रामों में सार्वजानिक स्थानों पर लगवाए जाने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह मछुआ समुदाय के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ प्रत्येक पात्र तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के संचालन के लिए अधिकारियों में आपसी समन्वय की कमी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि तालाबो का आवंटन पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्ति को ही दिया जाए, ताकि रोजगार से जुड़कर अपनी आजीविका चलाते हुए समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। निषादराज वोट सब्सिडी योजना के सम्बन्ध में भी पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि मछुआरों को मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत बैंको से समन्वय स्थापित लक्ष्य की पूर्ति कराएं। उन्होंने मत्स्य अधिकारी को मत्स्य विभाग की जनकल्याणकारी एवं लाभार्थी पर योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रचार करने तथा पात्र आवेदकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम, एएसपी, एलडीएम, उपनिदेशक मत्स्य कानपुर मण्डल, पीओ नेडा, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता जल निगम व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



गेट पर खड़े कश्यप समाज के जिलाध्यक्ष

## जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप को नहीं घुसने दिया गया सभागार में

**फर्रुखाबाद।** अपनी ही पार्टी के मंत्री की बैठक में जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को नहीं घुसने दिया गया। जिससे सभी काफी आहत हुए। मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद का पहले से ही कार्यक्रम प्रस्तावित था। जिसके तहत सोमवार को वह कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। इस दौरान मंत्री की ही पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप व अन्य पदाधिकारी भी पहुंचे। जिन्हे कलेक्ट्रेट सभागार के मुख्य द्वार पर लगे सुरक्षा कर्मियों ने घुसने नहीं दिया। इस दौरान उन्होंने अंदर सूचना भिजवायी और अपने मंत्री को फोन भी किया कि उन्हे अंदर नहीं घुसने दिया जा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अनिल कश्यप ने पदाधिकारियों के साथ डीएम कक्ष में पहुंचकर एक दिन की बनी डीएम मैडम से शिकयत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिलाध्यक्ष अपने अन्य पदाधिकारियों के साथ सभागार के बाहर ही खड़े रहे और इंतजार करने लगे कि कब बैठक समाप्त हो और अपनी पीड़ा मंत्री जी के सामने रखे।

# नेशनल शोतोकान कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जीते मेडल




प्रतियोगिता में मौजूद अतिथि व प्रतिभागी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तिकोना सब्जी मंडी स्थित पुष्कर कराते अकादमी में 5जी नेशनल शोतोकान कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष संजीव कटियार, संरक्षक सुमन राठौर, पप्पी गुप्ता मौजूद रहे। प्रतियोगिता में लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया।

गोल्ड मैडल जीतने वाले छात्रों मे अलीशा, अर्पिता राजपूत, राधिका, दृष्टि, प्रबल भारद्वाज, अदनान, प्रिंस, वैभव शाक्य, सुंदरम, चेतन, दीक्षा, वैष्णवी, पाखी, अर्पिता भारद्वाज, अभ्या मिश्रा, तनिष्का ने जीते। सिल्वर मैडल जीतने वालों में काव्य, उदिति, अनाया, आयुषी दर्श, प्रांशु, अमित, अनमोल, दिव्या, काजल ने जीता और ब्रॉउन मैडल निहारिका, मान्या, आयुष, आर्यन, शंकर, संकल्प, अर्जुन, अभिनव, अमित विक्रम ने जीते। मुख्य अतिथि मनोज अग्रवाल ने बच्चों को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कोच पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज को बधाई दी। पारस भारद्वाज ने कहा कि अकादमी के छात्र अपने जिले का नाम कई बार नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर भी नाम रोशन कर चुके है। इस दौरान पुष्कर भारद्वाज, योगेंद्र शर्मा, कृष्ण गुप्ता, आभ्य, उमंग, शौर्य, आयुष आदि रहे।

# सपा प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम-एसपी से की मुलाकात



मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव अन्य पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल एसपी से मिला। गत दिनों हुई भोजपुर विधानसभा के ग्राम फतेहुल्लापुर में प्रशासनिक कार्यवाई में घरों पर बुलडोजर चलाकर हुई घटना के संबंध में डीएम व एसपी से सपा नेताओं ने वार्ता की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। दोनों अधिकारियों ने सपा जिलाध्यक्ष को आश्वासन दिया कि अब किसी भी प्रकार की कोई भी प्रशासनिक कार्यवाई नहीं की जाएगी।

साथ ही कहा जिनके पास जगह नहीं है, उनके लिए घरों की व्यवस्था भी की जाएगी। इस पर सपा का प्रतिनिधिमंडल संतुष्ट दिखाई दिया। बाहर आने पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर वर्ग हर गरीब के साथ खड़ी है और उनकी आवाज को उठाने के लिए शासन प्रशासन स्तर तक काम करती है। जबकि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ धर्म की राजनीति कर लोगों को गुमराह करने का काम करती है।

इस अवसर पर उनके साथ जिला महासचिव इलियास मंसूरी, अरशद जमाल सिद्दीकी एवं प्रदीप यादव मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने बताया कि दोनों अधिकारियों से वार्ता संतोषजनक रही।

## जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मनाया दुर्गावती भाभी का जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यालय साहबगंज चौराहे पर दुर्गावती भाभी का जन्मोत्सव मनाया गया। अध्यक्षता शिवाजी कटियार ने की। संचालन पृथ्वीनारायण वर्मा ने किया। अध्यक्षता करते हुए उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि 1918 में क्रांतिकारी भगवतीचरण वोहरा से विवाह करने के बाद उनको दुर्गा भाभी कहते थे। 19 दिसम्बर 1928 को सांडर्स पर गोली चलाने के बाद सरदार भगत सिंह को सुरक्षित कलकता पहुंचाने के लिए दुर्गा भाभी ने सरदार भगत सिंह की पत्नी बनकर ट्रेन की यात्रा की थी। उन्होंने राजगुरु और भगत सिंह की फांसी की सजा के विरोध में 8 अक्टूबर 1930 को अंग्रेज सांडस पर गोली चलायी थी। भारत की लड़कियों व महिलाओं की स्वतंत्रता क्रांतिकारी दुर्गा भाभी से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर वंदना वर्मा, वर्षा मिश्रा, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, डॉ. मेहंदी हसन, नरेन्द्र कुमार शर्मा, शिवाजी कटियार, कुलभूषण, शिव कुमार वर्मा, अर्जिता मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# वन्य जीव सप्ताह के तहत सेमिनार का हुआ आयोजन




कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व प्राध्यापक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा देवी बालिका पीजी कॉलेज में सोमवार को वाइल्डलाइफ वीक के उपलक्ष में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारम्भ वनस्पति विज्ञान विभाग की डॉ0 तहसीन फातिम ने मां सरस्वती के समीप दीप जलाकर किया। डॉ0 तहसीन फातिमा ने फॉरेस्ट एंड इट्स लाइवलीहुड एवं वाइल्डलाइफ एंड इट्स इंपोर्टेंस पर छात्राओं को इकोलॉजिकल बैलेंस, फूड वेब, फूड चेन बायोडायवर्सिटी, वाइल्डलाइफ एंड इट्स इंपॉर्टेंस की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इकोलॉजिकल इंबैलेंस से होने वाले नुकसान एवं उनके भेद के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कि यदि प्रोड्यूसर कंज्यूमर एवं डीकंपोजर में अगर कोई भी कनेक्टिव लिंक गायब हो गया तो इसे प्रकृति का संतुलन बिगड़ सकता है, साथ ही साथ इन्होंने यहां भी बताया की फूड वेब एवं फूड चेन के माध्यम से 10 प्रतिशत एनर्जी का ट्रांसफर कैसे होता है, वेजिटेशन को बचाने के लिए कौन-कौन से एक्ट जैसे कि बायोडायवर्सिटी, वाइल्डलाइफ प्रोटक्शन एक्ट 1972, नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की स्थापना की गई है। जिससे हम वाइल्ड प्लांट्स को बचा सकें। साथ ही उन्होंने एनवायरमेंटल पॉल्यूशन, सॉइल पॉल्यूशन, प्लास्टिक पॉल्यूशन, ग्लोबल वार्मिंग एवं ग्रीनहाउस इफेक्ट से वातावरण को होने वाले नुकसान एवं रोकने के उपाय बताएं। जंतु विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 रूबी यादव ने वाइल्डलाइफ एंड इट्स इंट्रोडक्शन पर पावर पॉइंट के माध्यम से जानकारी दी। जिसमें वाइल्ड एनिमल्स की पॉजिटिव वैल्यू एवं नेगेटिव वैल्यू के बारे में बताया। पॉजिटिव वैल्यू में वाइल्ड एनिमल्स, फ्री लिविंग एनिमल्स, कैपटिव एनिमल्स फेरल एनिमल्स के बारे में बताया। पॉजिटिव वैल्यू में एथिकल वैल्यू, कल्चरल वैल्यू, इकोलॉजिकल वैल्यूज, साइंटिफिक वैल्यू, अथजिस्टिक वैल्यू, कमर्शियल वैल्यू या गेम वैल्यू के बारे में बताया। जंतुओं के प्रोटेक्शन के लिए सर्प को भगवान शंकर से मूषक एवं हाथी को भगवान गणेश से वल्चर को रामायण में एवं वानर का हनुमान जी से संबंध बताया गया है। जिससे जंतुओं का प्रोटेक्शन किया जा सके। पंचतंत्र की कहानियों में हमारे कलर में कैसे जीवन को जोड़ा गया है, जिससे उनका प्रोटेक्शन किया जा सके। आर्किटेक्चर में भी स्मारक में जंतुओं के प्रोटेक्शन करने के लिए उनके उनको मूर्ति कला में स्थान दिया गया है। कुछ जानवर जैसे हाथी के दांत, क्रोकोडाइल की स्किन भी का इस्तेमाल करने से कुछ जानवरों की संख्या में कमी आई है पौराणिक समय से जैसे कि भालू एवं बंदर यह कुछ जंतु है जिनका गेम के माध्यम से भी उपयोग किया जा रहा है।

मनुष्य के अत्यधिक बढ़ाओ से मानव एवं जानवरों के बीच में कनफ्लिक्ट देखा जा सकता है जिसमें मंकी, हाथी, लेपर्ड टाइगर, नाग, एलीफेंट, राइनोसेरॉस इनके द्वारा कनफ्लिक्ट देखा जा सकता है। प्राचार्य डॉ0 प्रेमलता श्रीवास्तव ने छात्राओं को जंतुओं के साथ में छेड़छाड़ ना करने एवं उनके प्रोटेक्शन के लिए उठाए गए कदमों जैसे वाइल्डलाइफ प्रोटक्शन एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



न्यायमूर्ति को श्रीराम का चित्र भेंट करते न्यायालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी

## प्रशासनिक न्यायमूर्ति का न्यायालय कर्मचारी संघ ने किया अभिनंदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्रिटिश संसद के हाउस आफ लार्डस में प्रशासनिक न्यायमूर्ति फर्रुखाबाद परिक्षेत्र उच्च न्यायालय इलाहाबाद शेखर कुमार यादव द्वारा हिन्दी भाषा में देश की उन्नति का वर्णन करते हुए दिये गये ऐतिहासिक एवं गौरवमयी भाषण के लिए दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति का अभिनंदन किया। भगवान श्रीराम का चित्र भेंट कर स्वागम किया। इस अवसर पर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ऋषि यादव, महासचिव दिनेश गौतम आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की मॉडल शॉप निर्माण की समीक्षा



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह की अध्यक्षता में अन्नपूर्णा भवन निर्माण अभियान के अंतर्गत मॉडल शॉप निर्माण की समीक्षा की गई। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि 75 दुकानों के मिले लक्ष्य के सापेक्ष 62 दुकानों का निर्माण हो गया है,13 निर्माणाधीन है। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी निर्मित दुकानों का बीडीओ के माध्यम से सत्यापन करा लिया जाये व निर्माणाधीन 13 दुकानों को 15 दिन में पूर्ण कराया जाये, डीएसओ ने बताया कि इस वर्ष भी 75 दुकानों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि नई दुकानों के लिये ग्रामो का चयन कर सूची उपलब्ध कराए। इस अवसर पर डीडीओ, डीएसओ व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी का शपथ ग्रहण समारोह आठ अक्टूबर को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी के रजत जयंती वर्ष में का 25वां शपथ ग्रहण समारोह 8 अक्टूबर को सरदार बाग बढ़पुर धूमधाम के साथ होगा। जिसमें प्रदेश स्तर के पदाधिकारी व जिम्मेदार भागीदारी करेंगे।

यह जानकारी देते हुए क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लाइन राजन माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लाइन अनिल अरोड़ा होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मंडलाधीश सम्मति सफ्फड़ एवं शरद अग्निहोत्री होंगे। शपथ ग्रहण अधिकारी के रूप में पूर्व मंडलाधीश लायन प्रदीप अरोड़ा मौजूद रहेंगे। इसके अलावा लाइन राजीव बब्बर स्टार का इवनिंग होंगे। इंस्टॉलेशन अध्यक्ष लाइन राजन महेश्वरी होंगे। माहेश्वरी ने बताया कि अब से 25 साल पहले उनकी अध्यक्षता में लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी की स्थापना हुई थी और तब से अब तक अपने उद्देश्यों को पूरा करते हुए क्लब बराबर सक्रिय बना हुआ है। उन्होंने सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

# टॉपर छात्रा वैष्णवी शुक्ला एक दिन के लिए बनीं डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यूपी बोर्ड के वर्ष 2024 में 12वीं की जिला टॉपर कनोडिया बालिका इंटर कालेज की छात्रा वैष्णवी शुक्ला ने सांकेतिक डीएम की भूमिका निभाई।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देश पर जनपद में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस-5 के अंतर्गत महिला एवं बालिकाओं को प्रोत्साहित करने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। एक दिन की जिलाधिकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य महिलाओं तथा बालिकाओं को इन पदों पर कार्यरत होकर कैसे पदगत दायित्व का निर्वहन किया जाता है, इसके प्रति जागरूकता पैदा करना, जिसके फलस्वरुप उन्हें देश के प्रदेश के संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरणा मिले। जिले में इंटर बोर्ड परीक्षा 2024 में टॉप करने वाली बालिका वैष्णवी शुक्ला पुत्री अमित शुक्ला निवासी खतराना मोहल्ला को एक दिन का जिलाधिकारी कार्यक्रम के अंतर्गत सांकेतिक जिलाधिकारी की भूमिका सौंपी गई। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि बालिका वैष्णवी शुक्ला बहुत ही होनहार छात्रा हैं। उन्होंने इंटर बोर्ड परीक्षा में टॉप किया है। सांकेतिक जिलाधिकारी वैष्णवी शुक्ला ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है कि अपने घर के साथ साथ अपने आसपास की भी साफ-सफाई रखें। उन्होंने जनता दरबार में आए हुए फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने यह भी कहा कि जिलाधिकारी बनकर मुझे बहुत ही खुशी हो रही है तथा मैं भविष्य में कठिन परिश्रम कर आईएएस परीक्षा उत्तीर्ण कर जिलाधिकारी ही बनना चाहूंगी। बालिका वैष्णवी शुक्ला को अपर जिला अधिकारी द्वारा बैग, बोतल, डायरी व पैन देकर सम्मानित भी किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र, संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह आदि उपस्थित रहे।



समस्यायें सुनती सांकेतिक डीएम वैष्णवी शुक्ला

# राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए विजेता खिलाड़ी चयनित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में सोमवार को बालक-बालिका मण्डलीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने रिंग में खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, फर्रुखाबाद के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विजय यादव, संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरुण कुमार, अथक पटेल, अतुल दास ने निभाई। प्रतियोगिता के संयोजक क्रिश्चियन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह रहे। इस दौरान अविनाश विजय डेविड, डॉ. अजीत सिंह, राहुल मसीह, शैलेन्द्र दास, देवेन्द्र सिंह, धनंजय सिंह, अभिषेक अवस्थी, राहुल यादव, अनुज वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। प्रतियोगी विजेता 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक वाराणसी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगें। मण्डलीय प्रतियोगिता में जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिसमें 46 किलो भार वर्ग में मयंक राम जानकी इंटर कालेज कानपुर, 48 से 50 किलो भार वर्ग में कार्तिक कनौजिया कानपुर नगर, 52 से 54 किलो भार वर्ग में अनमोल सरस्वती विद्या मंदिर, 54 से 57 किलो भार वर्ग में जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज फतेहगढ़ के पारस, 57 से 60 किलो भार वर्ग में मानस मिश्रा कानपुर, 60 से 63 किलो भार वर्ग में उमर शहजाद कानपुर, 63 से 66 किलो भार वर्ग में गौरीश गुप्ता कानपुर, 66 से 70 किलो भार वर्ग में असमीत सागर इटावा, 50 से 52 किलो भार वर्ग में आशीष गौतम कानपुर, 32 से 34 किलो भार वर्ग में दीपक फर्रुखाबाद, 34 से 36 किलो भार वर्ग में आरब कम्पोजिट विद्यालय फर्रुखाबाद, 36 से 38 किलो भार वर्ग में रजत फर्रुखाबाद, 38 से 40 किलो भार वर्ग में अजय फर्रुखाबाद, 42 से 44 किलो भार वर्ग में अंकित फतेहगढ़, 44 से 46 किलो भार वर्ग में सिकंदर फतेहगढ़, 46 से 48 किलो भार वर्ग में अंकुश कानपुर, 48 से 50 किलो भार वर्ग में सत्यम, अंडर-17 बालिका वर्ग में 42 किलो भार वर्ग में यशिका राज कानपुर, 42 से 44 किलो भार वर्ग में शिवानी कानपुर देहात, 44 से 46 किलो भार वर्ग में अन्नू फर्रुखाबाद, 46 से 48 किलो भार वर्ग में अपूर्वा अग्रवाल फर्रुखाबाद, 48 से 50 किलो भार वर्ग में जान्हवी कानपुर, 50 से 53 किलो भार वर्ग में पलक शुक्ला कानपुर, 53 से 56 किलो भार वर्ग में अनन्या फर्रुखाबाद, 56 से 59 किलो भार वर्ग में अमूल्या कानपुर, 48 से 50 किलो भार वर्ग में अनुष्का राजपूत इटावा, 46 किलो भार वर्ग में कमल कानपुर, 46 से 49 किलो भार वर्ग में आदित्य कानपुर, 52 से 56 किलो भार वर्ग में कपिल कुमार कानपुर, 56 से 60 किलो भार वर्ग में ध्रुव कानपुर, 60 से 64 किलो भार वर्ग में प्रज्वल कानपुर रहे। सभी राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।



# सभी ईओ पूर्ण रुप से पॉलीथिन पर लगाये रोकः डीएम

### झाड़ियों की कटाई में कमालगंज ब्लाक पिछड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न सम्पन्न हुई।

समीक्षा में झाड़ियों की कटाई में कमालगंज ब्लॉक पीछे पाया गया, याकूतगंज में नाली की सफाई नहीं हुई है। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई सही तरीके से हो, बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में एन्टीलार्वा ट्रीटमेंट कराया जाये। सीएमओ सभी बाढ़ग्रस्त क्षेत्रो में कैम्प लगवाये व सफाई के प्रति जागरूकता अभियान चलाये। किसी भी सीएचसी/पीएचसी में झाड़िया न रहे, सभी क्षेत्रों में फागिंग होती रहे। आशाओं की दस्तक हर घर पर हो, सभी ईओ पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करें। सहायक आयुक्त खाद्य को निर्देशित किया कि खुले में बिक रही खाद्य सामिग्री के विरुद्ध अभियान चलाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी कायमगंज, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर नितेश राज व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




बैठक लेते डीएम

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने डब्ल्यूएचओ दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय समिति के 77वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा

# सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए केन्द्र सरकार समग्र और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाती है। केंद्र सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना शुरू की। इस योजना से 12 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ पहुंच रहा है। सरकार प्रति परिवार सालाना पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य खर्च वहन करती है।



सोमवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय समिति के 77वें सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भारत सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि गैर संचारी रोग (एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए देश में राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत 753 एनसीडी क्लीनिक, 356 डे केयर सेंटर और 6,238 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की गई है। जेपी नड्डा ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के साथ एकीकृत करने में भारत के अनुभव ने समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान, समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं की सीमा का विस्तार करने का मार्ग प्रशस्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के %सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास% के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस दृष्टिकोण के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों से निपटने, समावेशी, मानव-केंद्रित विकास को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गई है। एक-दूसरे की सफलताओं और चुनौतियों से सीखकर हम स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर बना सकते हैं। क्षेत्रीय समिति की बैठक के उद्घाटन सत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. रजिया पेंडसे, भूटान के स्वास्थ्य मंत्री ल्योनपो तंडिन वांगचुक, मालदीव के स्वास्थ्य मंत्री अब्दुल्ला नाज़िम इब्राहिम और नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री प्रदीप पौडेल सहित कई देशों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### झारखंड में लागू होगा एनआरसी, नागरिकता का रजिस्टर बनेगा : शिवराज चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि झारखंड में एनआरसी लागू किया जाएगा। नागरिकता का रजिस्टर बनेगा। विदेशी घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। झारखंड में भाजपा का विस्तृत संकल्प पत्र जल्द आने वाला है। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा झारखंड प्रभारी शिवराज चौहान ने कहा कि यह चुनाव केवल मुख्यमंत्री बनाने या किसी पार्टी की सत्ता के लिए नहीं है, यह झारखंड को बचाने का चुनाव है। बेटी, माटी और रोटी इन तीनों की रक्षा करना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की डेमोग्राफी परिवर्तित हो रही है। संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण हिंदू आबादी भी प्रभावित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट बैंक के लालच में हेमंत सोरेन और गठबंधन सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। घुसपैठियों के आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनाए जा रहे हैं, यह देश के लिए बड़ा खतरा है। आदिवासी बेटियों को भ्रम के जाल में फंसा कर उनसे शादी कर जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है।



# भारतीय जूनियर्स निशानेबाजी टीम ने लीमा में अंतिम दिन पांच व विश्व पदक जीता

एजेंसी



**लीमा।** जूनियर भारतीय निशानेबाजी टीम ने पेरू के लीमा में आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) जूनियर विश्व चैम्पियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन के अंतिम दिन एक स्वर्ण सहित पांच और पदक जीते। भारत ने कुल 24 पदक (13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पदक) के साथ तालिका में शीर्ष पर अपना अभियान समाप्त किया। इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और 1 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण और कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

भारत के लिए स्वर्ण पदक रविवार को जूनियर पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में आया, जहां दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्र (528) ने संयुक्त रूप से 1616 अंक हासिल किए, जिससे भारत ने अजरबैजान को एक अंक से पीछे छोड़ दिया। अर्मेनिया तीसरे स्थान पर रहा। मुकेश नेलावल्ली ने भी इस स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता का उनका छठा पदक था, उन्होंने 60 शॉट में कुल 548 अंक बनाए। अजरबैजान के इमरान गरायेव ने 552 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

जूनियर महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में, परीशा गुप्ता ने 540 अंक लेकर व्यक्तिगत रजत पदक जीता। वह हंगरी की मिरियम जाको के 546 अंक को पार नहीं कर सकीं, जो जूनियर विश्व रिकॉर्ड था। सेजल कांबले (529), केतन (525) और कनिष्का डागर (513) ने भी मिलकर भारत को इस स्पर्धा में टीम रजत पदक दिलाया, जो अजरबैजान से पीछे रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांचवीं भारतीय दिवांशी ने 523 अंक बनाकर आठवां स्थान हासिल किया। अंतिम दिन की दूसरी स्पर्धा में, शार्दुल विहान और सबीरा हैरिस ने मिलकर जूनियर मिक्स्ड टीम ट्रैप प्रतियोगिता में भारत को कांस्य पदक दिलाया, जिसमें प्रत्येक ने 75 से अधिक लक्ष्य बनाए। शार्दुल ने 71 अंक बनाए, जबकि सबीरा ने 67 अंक बनाए, जिससे दोनों का कुल स्कोर 138 रहा, जो स्वर्ण जीतने वाले चेक गणराज्य (141+8) और रजत जीतने वाले इटली (141+7) के स्कोर से पीछे था।

### जी. किशन रेड्डी ने की डब्ल्यूसीएल का दौरा कर कंपनी के प्रदर्शन की समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एक बैठक कर कंपनी के प्रदर्शन की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक के दौरान कोयला मंत्री ने कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सभी सहायक कंपनियों से देश की ऊर्जा सुरक्षा को पूरा करने के लिए अपने वार्षिक लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया। कोयला मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने वेकोलि के कोयला उत्पादन, उत्पादकता और प्रेषण दक्षता की समीक्षा की तथा परियोजना प्रभावित लोगों (पीएपी) से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। इस समीक्षा बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव रूपिंदर बरार, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद, डब्ल्यूसीएल और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## विश्व रेंजर कांफ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे उत्तराखंड के आशीष

समृद्धि न्यूज

**हरिद्वार।** फ्रांस में 10वीं विश्व रेंजर कॉन्फ्रेंस में उत्तराखंड के आशीष गौड़ भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सात से 11 अक्टूबर तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस में फ्रंटलाइन स्टाफ से जुड़े वनकर्मी शिरकत करेंगे। आशीष गौड़ वर्तमान में राजाजी टाइगर रिजर्व की मोतीचूर रेंज में अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। कई कठिन मानकों को सफलता पूर्वक पार करने के बाद उनका इस कांफ्रेंस के लिए चयन हुआ है। भारत से वे एकमात्र प्रतिनिधि हैं। रविवार देर शाम मोतीचूर रेंज अधिकारी महेश सेमवाल, डिप्टी रेंजर दिनेश डूंगरियाल व अन्य स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ फ्रांस के लिए रवाना किया।

वर्ष 2011 में वन सेवा से जुड़े आशीष गौड़ ने वन्यजीव संरक्षण में अहम भूमिका निभाई है। चीला रेंज में तैनाती के दौरान बाघों व जंगली गजराजों के संरक्षण को लेकर बेहतरीन टीम वर्क किया है। वहीं मोतीचूर रेंज में बाघों के ट्रांसलोकेशन व मॉनिटरिंग में भी अहम भूमिका निभाई है।

हाल ही में हल्द्वानी में वन आरक्षी ट्रेनिंग में प्रथम स्थान पाने के साथ स्वर्ण पदक भी हासिल किया है। राजाजी टाइगर रिजर्व के पूर्व निदेशक सनातन सोनकर ने कहा कि आशीष द्वारा बाघों व गजराजों के संरक्षण को लेकर किए गए बेहतरीन कार्यों एवं कर्मठता को देखते हुए उन्हें फ्रांस भेजा गया है। यह गर्व की बात है कि विदेश में वह देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वन्यजीव संरक्षण व संवर्धन में कर्मठता से कार्य करने वाले अन्य वन्यकर्मियों के लिए आशीष मिसाल बनेंगे। पूर्व में राजाजी पार्क के निदेशक रहे, वर्तमान में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक साकेत बडोला ने कहा कि आशीष खासकर टाइगर ट्रांसलोकेशन और टाइगर प्रोटेक्शन के लिए मेहनती व ईमानदार कार्मिक रहे हैं।

### जयसूर्या श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्णकालिक मुख्य कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सनथ जयसूर्या को श्रीलंका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह इससे पहले टीम के अंतरिम मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे थे, लेकिन अब उन्हें पूर्णकालिक मुख्य कोच का दर्जा दे दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि श्रीलंका क्रिकेट सनथ जयसूर्या को राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा करता है। एसएलसी ने आगे लिखा कि श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया दौरों में टीम के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है, जहां जयसूर्या 'अंतरिम मुख्य कोच' के रूप में प्रभारी थे। श्रीलंका क्रिकेट ने बताया कि उनकी यह नियुक्ति एक अक्टूबर, 2024 से प्रभावी होगी तथा 31 मार्च 2026 तक रहेगी।

## भारत जोड़ो यात्रा ने तय कर दिया था हरियाणा में बनेगी कांग्रेस सरकार

एजेंसी



**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व खासकर राहुल गांधी के योगदान का सराहा। हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने तय कर दिया कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा सोमवार को दिल्ली में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रदेश में कांग्रेस की जीत में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व खास तौर पर राहुल गांधी के योगदान को बताते हुए कहा कि राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के हरियाणा आने के बाद से ही प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनना शुरू हो गया था। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इसकी झलक लोगों ने लोकसभा चुनाव में दिखा दी थी और कांग्रेस को हरियाणा में पूरे देश में सबसे ज्यादा 47.6 प्रतिशत वोट दिया। उन्होंने जीत का श्रेय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जी-तोड़ मेहनत को देते हुए सभी को बधाई दी। दीपेन्द्र हुड्डा ने सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश के मतदाताओं, चुनावकर्मियों का भी धन्यवाद किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा में नयी शुरुआत करके प्रदेश को देश में विकसित व खुशहाल राज्य के रूप में आगे लेकर आने का लक्ष्य दोहराया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल के भाजपा शासनकाल में प्रदेश काफी पिछड़ गया है। हरियाणा में लोगों ने प्रदेश में खुशहाली और विकास के लिये वोट किया और भाजपा सरकार की विदाई पर मुहर लगा दी है। पूरे प्रदेश में बदलाव की लहर मतदान केंद्रों पर वोटिंग मशीनों के जरिये दिखी।

## त्रिपुरा में सांप्रदायिक संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत, कई घायल

एजेंसी

**कर्फ्यू लागू, सुरक्षा बलों ने किया फ्लैग मार्च**

**अगरतला।** उत्तरी त्रिपुरा जिले के कदमतला में दुर्गा पूजा के चंदे को लेकर हुए हिंसक सांप्रदायिक संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे इलाके में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार असम-त्रिपुरा सीमा के पास स्थित कदमतला में हुई इस घटना को लेकर पूरे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बतायी जा रही है।

राज्य सरकार ने दो धार्मिक समूहों के बीच संघर्ष को रोकने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है। सूत्रों के अनुसार यह घटना 6 अक्टूबर को उस समय हुई, जब कदमतला में रहने वाले मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय का एक परिवार इलाज के लिए असम जा रहा था। रास्ते में उन्हें एक दुर्गा पूजा आयोजक द्वारा रोककर कथित तौर पर उनसे चंदे की मांग की गई।

इस दौरान उन लोगों में तीखी बहस के बाद हाथापाई हो गई इस टकराव के बाद मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने पूजा आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए स्थानीय थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उनकी शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। स्थिति तब और बिगड़ गई, जब उपद्रवियों ने स्थानीय बाजार पर हमला कर दिया और दुकानों में तोड़फोड़ और आगजनी की, जिससे तनाव और बढ़ गया। उपद्रवियों ने कई दुकानों में लूटपाट की और कुछ घरों पर भी हमला किया।

## हिन्दू उत्सवों व धार्मिक आयोजनों में विघ्न डालना बर्दाश्त नहीं

एजेंसी




**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने सोमवार को कहा कि हिन्दू पर्व-त्योहारों या कुम्भ जैसे महान आयोजनों की शुचिता और पवित्रता बरकरार रख, पूज्य संतों व मातृ शक्ति के सम्मान की रक्षा हेतु सम्पूर्ण हिन्दू समाज कृत संकल्पित है। इन आयोजनों में विघ्न डालने वालों के विरुद्ध शासन-प्रशासन व समाज को सतर्क रहना होगा। इन उत्सवों व धार्मिक आयोजनों को अपवित्र करने वालों को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

संपूर्ण देशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि मां दुर्गा से प्रार्थना है कि वे हमें वह शक्ति प्रदान करें जिससे हम राष्ट्र विरोधियों और हिंदू विरोधियों के षडयंत्रों को समाप्त कर भारत को विश्व का शीर्षस्थ देश बनाने का अपना संकल्प पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की विशेषता है कि उसके उत्सव विभिन्न रंगों की छटाओं से भरे होते हैं। डांडिया नृत्य मां दुर्गा की आराधना का ही एक अनूठा आयोजन है। यह पूर्ण रूप से धार्मिक आयोजन है जिसमें वही भाग लेता है जो मां दुर्गा के प्रति समर्पित है। दुर्भाग्य से विकृत मानसिकता से ग्रस्त जेहादियों ने अपने गंदे इरादों के साथ डांडिया पंडालों में घुसना प्रारंभ कर दिया है।

कल ही भाग्यनगर (हैदराबाद) के डांडिया पंडाल में एक जिहादी इरशाद खान ने एक हिंदू लड़की का हाथ पड़कर अश्लील हरकत करने की कोशिश की। परिवार का विरोध करने पर वह वहां से भाग गया लेकिन परिवार जनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर दी है। अंत में उन्होंने कहा कि ओवैसी जैसे कट्टरपंथी नेताओं और इन सेक्युलरिस्टों की शह पर ये जेहादी कुंभ के पावन अवसर की पवित्रता को भी भंग करने का कोई अवसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए साधु संतों ने कुंभ के मेले में जेहादियों के प्रवेश पर रोक की जो मांग की है वह एकदम उचित है। क्या हम अपनी आस्थाओं की पवित्रता की रक्षा करने के संवैधानिक अधिकार का उपयोग भी नहीं कर सकते? विहिप जेहादियों को चेतावनी देता है कि वे अपने कुछ मंसूबे त्याग दे तभी वे सह अस्तित्व की बात कर सकते हैं।

### हमारी पूजा सामग्री व प्रसाद को भ्रष्ट कर रहे : डॉ सुरेन्द्र जैन

डॉ जैन ने आगे कहा कि कामुकता से भरे इन जेहादियों की कई प्रकार की गंदी हरकतों के समाचार मिलते रहते हैं। कभी किसी हिंदू लड़की को छेड़ना तो कभी उनको रोकने पर लड़की पर तेजाब डाल देना कहां की सभ्यता है। पत्थर बाजी के समाचार भी मिलते रहते हैं। हमारी पूजा सामग्री व प्रसाद को भ्रष्ट करने का यह लोग हमेशा प्रयास करते ही हैं। इनकी पाशविक कामवासना, जिसको लव जिहाद का नाम दिया गया है, से पूरी दुनिया त्रस्त है। ऐसे में अगर विहिप, बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता दुर्गा पूजा के पंडालों में जेहादियों के आने पर रोक लगाते हैं तो क्या गलत करते हैं? क्या हम अपनी आस्था और बहन बेटी के शील और स्वाभिमान को बचाने का भी अधिकार नहीं रखते? दुर्घटना की प्रतीक्षा नहीं की जा सकती। हम जानते हैं कि सावधानी में ही बचाव है। उन्होंने बचाव या सुरक्षा के इस पुनीत कार्य में लगे हिन्दू युवकों को 'हिंदू धर्म रक्षक' बताते हुए कहा कि इनका सम्मान होना चाहिए। दुर्भाग्य से सेकुलरिज्म से ग्रस्त कुछ लोग उनके लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं। हम उनसे पूछना चाहते हैं कि क्या उन्होंने कभी थूक जिहाद, जूस में पेशाब मिलने वाले, हिंदू उत्सवों पर पथराव करने वालों व हिंदू लड़कियों के टुकड़े-टुकड़े करने वालों के लिए जिहादी गुंडे कहने की हिम्मत दिखाई है जबकि वे फिलिस्तीन या जिहादी आतंकी संगठनों का झंडा हाथ में लेकर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने में भी संकोच नहीं करते? अब समझ में आता है इन जेहादियों को कवर फायर कौन देता है।

## खबरें एक नजर में

### सीबीआई ने संजय रॉय के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (आरजीकेएमसीएच) में प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले में मुख्य आरोपित संजय रॉय के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। सीबीआई के मुताबिक आरोप पत्र में सामूहिक बलात्कार के आरोप का उल्लेख नहीं हैं। सीबीआई ने जांच जारी रखी है। सीबीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोलकाता के सियालदह स्थित एक विशेष अदालत के समक्ष दाखिल अपने आरोप पत्र में सीबीआई ने कहा कि स्थानीय पुलिस के साथ नागरिक स्वयंसेवक के रूप में काम करने वाले संजय रॉय ने कथित तौर पर 9 अगस्त को अपराध को अंजाम दिया। सीबीआई के मुताबिक जब पीड़िता छुट्टी के दौरान अस्पताल के सेमिनार रूम में सोने गई तब घटना को अंजाम दिया गया। सीबीआई के मुताबिक आरोप पत्र में सामूहिक बलात्कार के आरोप का उल्लेख नहीं हैं आरोप पत्र में आरोपित सिर्फ संजय रॉय है।

### भाजपा की सांगठनिक कार्यक्रमों में सरकारी हस्तक्षेप अवैध

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को असम सरकार के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभाव में आती है। अधिसूचना जारी होने तक प्रत्येक राजनीतिक दल को अपने कार्यक्रम संचालित करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जब तक हम किसी नियम या संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं, हमारी गतिविधियों में राज्य सरकार के जरिये किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप अवैध माना जाएगा।

### मोदी ने फोन पर जाना पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन के स्वास्थ्य का हाल

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार सुबह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चम्पाई सोरेन को फोन कर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान चम्पाई सोरेन से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। चम्पाई सोरेन ने उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डॉक्टरों के अथक प्रयास और आम लोगों की दुआओं से अब वह पहले से काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने चम्पाई सोरेन की तारीफ करते हुए कहा कि आप अस्वस्थ रहने के बावजूद आस्पताल से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आयोजित आदिवासियों के महासम्मेलन में शामिल हुए। इस फोन कॉल के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने मीडिया से कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों के अस्तित्व पर जो संकट मंडरा रहा है, उसे देखते हुए, समाज के लोगों को जागरूक एवं संगठित करना जरूरी है। समाज की माटी, रोटी, बेटी तथा जल, जंगल व जमीन की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि चम्पाई सोरेन को शनिवार को स्वास्थ्य संबिधित जटिलताओं की वजह से टाटा मेमोरियल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उन्हें रविवार को बरहेट में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने अस्पताल से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरीये सभा को संबोधित किया।

### पेरिस ओलंपिक में शामिल एसएसबी श्वान कद्र सम्मान

**गुवाहाटी।** फ्रांस के पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक-24 के दौरान सशस्त्र सीमा बल, सीमांत गुवाहाटी की 6वीं वाहिनी का श्वान-768 राजा भी शामिल हुआ था। पेरिस लौटने के बाद आज आयोजित एक समारोह में एसएसबी के महानिरीक्षक ने श्वान राजा को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि राजा विस्फोटक खोजी श्रेणी का जर्मन शेफर्ड नस्ल का श्वान है। श्वान राजा अपने परिचारक आरक्षी (सामान्य) विकाश कुमार के साथ पेरिस ओलंपिक-24 के दौरान तैनात अर्धसैनिक बलों के श्वान दस्ता का हिस्सा रहा। जिसका दायित्व ओलंपिक आयोजन स्थलों की विस्फोटक गतिविधियों से बचाव करना था। इस महत्वपूर्ण जिम्मेवारी को पूर्ण करने के पश्चात् श्वान राजा अपने परिचारक के साथ भारत वापस आया एवं 02 सितंबर को 6वीं वाहिनी एसएसबी, रानिगुली में वापसी की। एसएसबी सीमांत गुवाहाटी के महानिरीक्षक सुधीर वर्मा ने श्वान राजा एवं उसके परिचारक को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी के निर्वहन एवं एसएसबी का मान बढ़ाने के लिए सीमांत मुख्यालय गुवाहाटी में आज आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया।

### एशियाई क्रॉस कंट्री स्पर्धा के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम घोषित

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह, 20 अक्टूबर को हांगकांग में होने वाली एशियाई क्रॉस कंट्री स्पर्धा में भाग लेने वाली आठ सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल हैं। गुलवीर, जिन्होंने हाल ही में जापान में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर में 13.11.82 का समय लेकर अपने 5,000 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया है, उनके साथ उनके प्रशिक्षण साथी कार्तिक कुमार, अभिषेक पाल और अरुण राठौड़ भी टीम में हैं। टीम 24 नवंबर को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दक्षिण एशियाई क्रॉस कंट्री इवेंट में भी भाग लेगी। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा, दक्षिण एशियाई क्रॉस कंट्री में एथलीटों की भागीदारी फिटनेस के अधीन होगी। अगर कोई एथलीट अनफिट है, तो उसे बाहर कर दिया जाएगा।

### छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम वर्कशॉप आयोजित

**अलीगढ़, समृद्धि न्यूज।** जीवनगढ़ अपलीक हैडीक्रफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, अलीगढ़ (उ0प्र0) द्वारा 6 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ई0डी0पी0) वर्कशॉप-2024.2025'' का आयोजन कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तषिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से दिनांक 04 अक्टूबर 2024, से सुबह 11:00 बजे से षाम 4:00 बजे तक स्थान होटल रॉयल क्लासिक, अलीगढ़ (उ0प्र0) में प्रारम्भ किया जा चुका है जिसके तारतभ्य में आज तीसरे दिन कार्यक्रम का सुभारम्भ मुख्य अतिथि अषोक कुमार गुप्ता सहायक निर्देषक (हस्तषिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, अगरा से, प्रोड्यूसर कम्पनी के डायरेक्टर सुनील कुमार (एडवोकेट) लखनऊ से, एवं डिजाइनर ईरा गुप्ता के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के डायरेक्टर के सुनील कुमार ने आज के इस कार्यषाला के आयोजन के बारे में अवगत कराते हुए अपलीक हस्तषिल्पियों को बताया कि यह 6 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) वर्कषॉप उनके दक्षता, निपुणता, कार्य कुशलता, प्रोडक्षन, डिजाइन, मार्केटिंग प्रणाली को बढ़ाने हेतु 04 अक्टूबर से आयोजित की गयी थी जिसकी आज तीसरे दिन की सभी के उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कराये गये।

### जेपी नड्डा ने की नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को नई दिल्ली में नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री प्रदीप पौडेल से मुलाकात की। मुलाकात के बाद जेपी नड्डा ने जानकारी दी कि हमने स्वास्थ्य सहयोग बढ़ाने पर सार्थक चर्चा की, जिसमें मेडिकल डिग्री की मान्यता, भारत के डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफार्मों के माध्यम से समर्थन और पीएमबीजेपी जन औषधि केंद्र और पीएमजेएवाई योजना शामिल है। इन सहयोगात्मक प्रयासों का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार करना है। उन्होंने नेपाल में हालिया बाढ़ की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और उन्हें इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। भारत इस कठिन घड़ी में नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है

# भारत-मालदीव के बीच वार्ता, रुपे कार्ड से भुगतान शुरू

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच सोमवार को व्यक्तिगत एवं प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच करंसी स्वैप, कानून प्रवर्तन, भ्रष्टाचार निरोधी, न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण और खेल क्षेत्र में सहयोग से जुड़े पांच करार हुए। दोनों नेता मालदीव में रुपे कार्ड से भुगतान की व्यवस्था के लांच के साक्षी बने। साथ ही मालदीव के हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के न्यू रनवे का उद्घाटन किया गया और एक्सिम बैंक बायर्स क्रेडिट फैसिलिटी के माध्यम से तैयार किए गए 700 विशेष घरों को हस्तांतरित किया गया

प्रधानमंत्री मोदी और मेहमान नेता मोहम्मद मोइज्जू के बीच आज दिल्ली के हैदराबाद हाउस में वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने साझा प्रेस व्यक्तव्य दिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में बताया कि दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने पर भी काम करेंगे। इसके अतिरिक्त डिजिटल कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दोनों देश मिलकर एक उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत अड्डू में और मालदीव बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास खोलने को लेकर इच्छुक है। उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत, मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी पड़ोसी प्रथम की नीति और सागरविजन में भी मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। आज हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी दृष्टिकोण अपनाया है। पड़ोसी प्रथम की भारत सरकार की नीति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सदैव मालदीव के लिए पहले मददगार की भूमिका निभाई है। मालदीव के लोगों के लिए आवश्यक सामग्री की जरूरत पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन दोनों देशों के लिए बड़ी चुनौती है। इस संबंध में, भारत मालदीव के साथ सौर और ऊर्जा दक्षता के संबंध में अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है। आने वाले समय में भारत और मालदीव यूपीआई के जरिए जुड़ेंगे। एकथा हार्बर प्रोजेक्ट में तेजी से काम किया जा रहा है।

हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की दिशा में अपना सहयोग जारी रखेंगे। मालदीव के राष्ट्रपति ने उनके देश की कठिन समय में सहायता और बजटीय मदद के लिए धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति मोइज्जू ने कहा कि भारत ढांचागत सुविधाओं के विकास में मालदीव का प्रमुख सहयोगी है। समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में भारत एक महत्वपूर्ण भागीदार है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके नेतृत्व में मालदीव भारत के साथ रिश्ते अधिक मजबूत करने को उत्सुक है। उन्हें आशा है कि दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा जल्द पूरी होगी। साथ ही मालदीव में भारत से और अधिक पर्यटकों का आगमन होगा।

## यूपी-बिहार व झारखंड के सैंकड़ों छात्र राजधानी में आजमाएंगे अपनी किस्मत



**सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता का एलपीएस सेक्टर 9 वृंदावन योजना में हुआ भव्य उद्घाटन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सोमवार को सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9 वृंदावन योजना शाखा के प्रांगण में धूमधाम से हुआ। यह कार्यक्रम 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2024 तक चौक स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में 5 आयु वर्गों की लगभग 200 टीमें और लगभग 800 प्रतिभागी 70 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत मेजबान शाखा की प्रिंसिपल और आयोजन समिति की सचिव डॉ. रूपाली पटेल के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद दर्शकों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले स्वागत गीत, ऊर्जावान नृत्य प्रदर्शन और स्केटिंग ड्रिल प्रदर्शन का आनंद लिया। इस रोमांचक प्रतियोगिता का शुभारंभ भी बहुत ही रोमांचक रहा। औपचारिक ध्वजारोहण के साथ प्रतियोगिता का आधिकारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि कोषाध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ और महासचिव, यूपी ओलंपिक संघ आनंदेश्वर पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक, लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस सुशील कुमार, निदेशक, इनोवेशन एंड एकेडमिक्स नेहा सिंह, विद्यालय के मुख्य निरीक्षक वी.के. शर्मा, संजय प्रताप सिंह, मीडिया प्रमुख विजय मिश्रा और शहर के प्रसिद्ध सीबीएसई स्कूलों के प्रधानाचार्यों सहित अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।